You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-304 ❑ मंगलवार, 09 दिसम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



अखिलेश यादव को यह ज्ञात नहीं है कि शास्त्रों में सुनना, कहना और गाना, व्यक्ति के आचरण का प्रथम पायदान बताया गया है। जब हनुमान चालीसा या रामचरित मानस पढ़ा, कहा या गाया जाता है, तो भगवान श्रीराम और हनुमान की बातों का मनन होता है, जिससे व्यक्ति के आचरण में सुधार आता है। अरविंद शर्मा

स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक पर लगी संसद की मुहर 11

दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कैबिनेट सहयोगियों के साथ स्वर्ण मंदिर में माथा टेका 12

## संक्षेप

### अभी तक 96.91 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज्ड

**लखनऊ।** यूपी में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में अभी 46.99 लाख गणना प्रपत्रों को फीड किया जाना बाकी है। कुल 15.44 करोड़ मतदाता हैं और इसमें से 15.43 करोड़ मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं। वहीं इसमें से 14.96 करोड़ के गणना प्रपत्र को डिजिटाइज्ड कर दिया गया है। अभी तक 96.91 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज्ड हो चुके हैं। गणना प्रपत्र को बांटकर उसे मतदाता से भरवाने का काम 11 दिसंबर तक किया जाना है। अब सिर्फ तीन दिन शेष बचे हैं और अभी 75646 मतदाताओं को गणना प्रपत्र बांटा जाना बाकी है। यूपी फॉर्म को डिजिटाइज्ड करने के मामले में अभी भी सबसे पीछे चल रहा है। लक्षद्वीप में शत प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। मध्य प्रदेश में 99.97, अंडमान व निकोबार व पुडुचेरी में 99.90, छत्तीसगढ़ व गोवा में 99.89, गुजरात में 99.68, पश्चिम बंगाल में 99.64, राजस्थान में 99.59, तमिलनाडु में 99.27 और केरल में 97.42 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं।

### आईएएस अनामिका सिंह ने मांगा वीआरएस

**लखनऊ।** यूपी कॉडर की वर्ष 2004 बैच की आईएएस अफसर अनामिका सिंह ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्त (वीआरएस) मांगा है। उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए वीआरएस मांगा है, लेकिन बताया जा रहा है कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए उन्हें अनुमति न मिलने से वह नाराज थी। नियुक्ति विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, उनके द्वारा दिए गए आवेदन का परीक्षण किया जा रहा है। राज्य सरकार के स्तर से इसे स्वीकृत किए जाने के बाद केंद्र सरकार को वीआरएस का प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। नवंबर में ही 1995 बैच के आईएएस अमोद कुमार ने वीआरएस लिया है।

### यूपी में मखाना उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनेगा

**लखनऊ।** यूपी में जहां सिंघाड़े की खेती होती है, वहां अब मखाना का भी उत्पादन किया जाएगा। सोमवार को उद्यान, कृषि विपणन राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मखाना विकास योजना उत्तर प्रदेश के किसानों को उच्च मूल्य वाली फसलों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। यह योजना उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2025 में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के गठन के बाद प्रथम चरण में 10 राज्यों में इसकी योजना लागू की गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है। द्यान मंत्री ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तैयार की गई कार्ययोजना को केंद्र सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है। वित्तीय वर्ष में सीमित समय शेष होने के बावजूद केंद्र सरकार ने 1.58 करोड़ रुपये की धनराशि क्रियान्वयन के लिए स्वीकृत की है।

# कांग्रेस ने वंदे मातरम् पर किया विश्वासघात : पीएम

## आजादी का प्रेरणास्रोत रहा वंदे मातरम् आजाद भारत का भी है विजन : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर वंदे मातरम के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी और मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिये।

श्री मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोकसभा में सोमवार को चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि वंदे मातरम के प्रति मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी। मोहम्मद अली जिन्ना ने पंद्रह अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदेमातरम के विरोध का नारा बुलंद किया तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। जवाहर लाल नेहरू ने ऐसे समय मुस्लिम लीग को जवाब देने और कांग्रेस की वंदे मातरम में निष्ठा को प्रकट करने के बजाय वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरु कर दी। उन्होंने कहा कि विरोध के पांच दिन बाद बीस अक्टूबर को जवाहर लाल नेहरू ने सुभाष चंद्र बोस को चिट्ठी लिखी और इसमें उन्होंने जिन्ना की भावना से अपनी सहमति जतायी जिसमें कहा गया कि यह गीत मुस्लमानों की भावनाओं को ठेस पहंचा सकता है। उन्होंने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस को जो पत्र लिखा गया उसमें जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैंने वंदे मातरम का बैकग्राउंड पढा है और मुझे लगता है इससे मुस्लिम भड़केंगे। इसके बाद कांग्रेस की तरफ से बयान आया कि 26 अक्टूबर से कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक में वंदेमातरम की समीक्षा होगी। इससे पूरा देश हैरान था। पूरे



देश में इसके विरोध में प्रभात फ़ेरियां निकाली। दुर्भाग्य है कि कांग्रेस ने वंदेमातरम पर समझौता कर लिया। वंदे मातरम के टुकड़े कर दिये।। कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिये।

प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी ,इसलिए कांग्रेस को एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से कांग्रेस की नीतियां आज भी वैसे ही है। आज भी कांग्रेस और उनके सहयोगी वंदेमातरम पर विवाद खड़ा करने की कोशिश करते हैं।

श्री मोदी ने कहा '' वंदेमातरम पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भावना क्या थी वह भी सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। उस समय दक्षिण अफ्रीका से इंडियन ओपिनियन नाम की एक पत्रिका निकलती थी जिसमें दो दिसंबर 1905 में महात्मा गांधी ने लिखा था यह गीत वंदेमातरम जिसे बंकिम चंद्र ने रचा है, पूरे बंगाल में अत्यंत लोकप्रिय हो गया है। स्वदेशी आदोलन के पक्ष में विशाल सभायें हुई जहां लाखों लोगों ने ये गीत गाया। उन्होंने लिखा कि यह गीत इतना लोकप्रिय हो गया जैसे ये हमारा राष्ट्रीय गान बन गया है। यह अन्य राष्ट्रों की गीतों से मधुर है। यह भारत को मां के रूप में देखता है और उसकी स्तुति करता है। उन्होंने कहा कि जो वंदे मातरम् महात्मा गांधी को राष्ट्रीय गान के रूप में दिखता था। यह गीत इतना महान था तो पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ। इसके साथ विश्वासघात क्यों हुआ। कौन सी ताकत थी जिसकी इच्छा पूज्य बापू पर भी भारी पड़ गयी और वंदे मातरम को विवादों में घसीट दिया। हमें उन परिस्थितियों को नई पीढी को बताना जरूर है आखिर क्यों वंदे मातरम के साथ विश्वासघात किया गया।''

उन्होंने कहा कि वंदेमातरम ने देश को हिम्मत दी थी। बंगाल की गलियों से निकली आवाज देश की आवाज बन गयी थी। उन्होंने कहा कि हमारे जांबाजों सपूत बिना किसी डर के फांसी के तख्ते पर चढते थे और आखिरी समय में वंदेमातरम का उदघोष करते थे। उन्होंने कहा कि अनगिनत वीर सपूतों ने जुल्म सहा लेकिन एक ही नारा था एक भारत श्रेष्ठ भारत। उन्होंने कहा कि मास्टर सूर्यसेन को जब फांसी दी गयी तब उन्होंने अपने साथियों को एक पत्र लिखा था जिसमें एक ही गूंज थी वंदे मातरम। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में कोई एक ऐसा भाव गीत नहीं हो सकता है जो सदियों तक प्रेरित करता हो लेकिन वंदेमातरम आज भी हमें प्रेरित कर रहा है। इसमें हमारी स्वतंत्रता, बलिदान, उर्जा, समर्पण और त्याग का मंत्र था। इस गीत की लोकप्रियता ने उसी कालखंड में वंदे मातरम की रिकार्डिंग दुनिया में पहुंचा दिया। उस समय लंदन के इंडिया हाउस में वीर सावरकर ने यह गीत गाया। उसी समय विपिन चंद्र पाल ने अखबार निकला जिसका नाम भी वंदेमातरम रखा। डगर डगर पर अंग्रेजों का नींद हराम करने के लिए वंदेमातरम काफी था। मैडम भीकाजी कामा ने भी वंदेमातरम अखबार निकाला। वंदेमातरम ने भारत को स्वाबलंबन का रास्ता दिखाया। उस समय माचिस की डिबिया से लेकर जहाज पर वंदेमातरम लिखा जाता था। यह स्वदेशी का मंत्र बन गया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती ने वंदे मातरम को तमिल में लिखा था। उनके कई गीतों में वंदेमातरम की श्रद्धा नजर आती है। भारत का ध्वजगीत भी श्री भारती ने ही लिखा था। उन्होंने कहा कि जब संकटों का कालखंड होता है तभी पता चलता है हम कितने सशक्त है। 1947 के बाद देश की चुनौतियां बदली लेकिन देश की जीवटता वही रहा। जब भी संकट आया भारत वंदेमातरम के साथ आगे बढा। एक जमाना था जब देश में खाद्य का संकट आया तब किसानों ने अन्न से भर दिया। कोराना संकट में भी यह भाव से देश खड़ा हुआ और आगे बढ गया। वंदेमातरम हमारे लिए सिर्फ स्मरण के लिए नहीं बल्कि उर्जा बन जाये। हम लोगों के ऊपर वंदे मातरम का कर्ज है। भारत के पास हर चुनौतियों को पार ● शेष पेज 11 पर

### वंदे मातरम् का गौरव लौटाना समय का तकाजाः राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोक सभा में कहा कि वंदे मातरम् का गौरव लौटाना समय तकाजा है और इसकी गरिमा को पुनःस्थापित करने का सरकार प्रयास कर रही है। श्री सिंह ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर सदन में हो रही चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण वंदेमातरम् गीत के साथ अन्याय किया गया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् की वर्षगांठ का उत्सव दिखावा नहीं है, बल्कि उसके गौरव को वापस लाने का मौका है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि वंदेमातरम् की 150वीं वर्षगांठ को पूरे उत्साह से मनाने के पीछे सरकार की मंशा राष्ट्र गान की गरिमा कम करना है। यह बात एकदम गलत है। राष्ट्र गान और राष्ट्र गीत मां भारती की दो किलकारियां हैं, दो आंखें हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् को मोहम्मद अली जिन्ना की नजर से देखा गया और तभी इसके कुछ अंतरों को निकाला गया। मोहम्मद अली जिन्ना की सोच से इत्तफाक रखने वालों ने ही वंदेमातरम् की कुछ पंक्तियों को हटवाया। उन्होंने कहा कि यही तुष्टीकरण की नीति देश के विभाजन का कारण बनी। श्री सिंह ने कहा कि उनकी सरकार सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर चलती है। सरकार तुष्टीकरण की राजनीति से हटकर सभी के कल्याण के लिए काम करती है।

## महापुरूषों के निर्णयों पर सवाल उठा रहा है सत्तारूढ़ दलः प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को लोक सभा में कहा कि जो लोग संविधान का विरोध करते रहे वही आज देश के महान नेताओं के निर्णयों पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

श्रीमती वाड्रा ने वंदेमातरम्। के 150 वर्ष पूरे होने के मौके सदन में चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि आजादी के बाद वंदेमातरम् को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर आदि महापुरुषों ने राष्ट्र गीत के रूप में मान्यता देने पर सहमति दी थी। उन्होंने कहा कि 'संविधान विरोधी' लोग आज उनके निर्णय पर सवाल उठा रहे हैं, क्या ये लोग उन महान शख्सियतों से बड़े हो गये। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि देश इस समय तमाम समस्याओं से घिरा हुआ है



लेकिन सत्तारूढ़ दल उन पर चर्चा कराने की बजाय ऐसे मुद्दों पर चर्चा करा रहा है जिन पर ऐसा करने की जरूरत ही नहीं है। सत्तारूढ़ दल की नीतियां देश को नुकसान पहुंचा रही हैं। वंदेमातरम् देश के कण-कण में जीवित है, इस पर बहस नहीं हो सकती, लेकिन सत्तारूढ़ दल ने चर्चा की मांग की ● शेष पेज 11 पर

# 'इस समय सटीक कारण बताना संभव नहीं'

एजेंसी

नयी दिल्ली। पांच दिन में हजारों उड़ानें रद्द करने और यात्रियों को हुई परेशानी पर निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने कहा है कि इस संकट का ''सटीक कारण बताना इस समय संभव नहीं है।

पूरे मामले पर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के कारण बताओ नोटिस के जवाब में इंडिगो ने और समय मांगते हुए सोमवार को कहा कि परिचालन की जटिलता और व्यापकता को देखते हुए ''व्यावहारिक तौर पर सटीक कारण बताना इस समय संभव नहीं है''। उसने कहा है कि डीजीसीए के मैनुअल में कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया जाता है और 'मूल कारण के विश्लेषण' के लिए उसे और समय दिया जाना चाहिये। नियामक ने एक प्रेस नोट में बताया कि एयरलाइंस ने कहा है कि विश्लेषण पूरा होने के बाद नियामक के साथ साझा किया जायेगा।

❑ इंडिगो का डीजीसीए को जवाब




डीजीसीए ने 06 दिसंबर को इंडिगो को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और 07 दिसंबर तक जवाब मांगा था। बाद में एयरलाइंस के अनुरोध पर उसे एक दिन का और समय दिया गया था। आज भेजे गये जवाब पर इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एलबर्स और मुख्य परिचालन अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। इंडिगो ने यात्रियों को हुई परेशानी पर माफी मांगी है और खेद व्यक्त किया है। उसने कहा है कि परिचालन में व्यवधान के कई कारण रहे जो एक-दूसरे के साथ मिलकर बड़े होते गये और अंततः उनका परिणाम काफी दुर्भाग्यपूर्ण रहा। पिछले कुछ दिनों से जारी संकट के प्राथमिक ● शेष पेज 11 पर

## रोडवेज में चालकों एवं परिचालकों के मानदेय में बढ़ोत्तरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि एक जनवरी 2026 से संविदा चालकों/परिचालकों को पुनरीक्षित दर से मानदेय का भुगतान राज्य परिवहन निगम द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि संविदा चालकों/परिचालकों के मानदेय में क्रमशः 10 पैसे व 07 पैसे की प्रति किमी की वृद्धि की गयी है। श्री सिंह ने सोमवार को बताया कि वर्तमान समय में संविदा चालकों/परिचालकों को 2.18 रूपये प्रति किमी की दर से मानदेय मिल रहा था जिसे बढ़ाकर 2.28 रूपये प्रति किमी अर्थात संविदा चालकों/परिचालकों के मानदेय में 10 पैसे प्रति किमी0 की वृद्धि की गयी है। अन्य क्षेत्रों के संविदा चालक/परिचालक के मानदेय 07 पैसे प्रति किमी की बढ़ोत्तरी की गयी है। परिवहन मंत्री ने बताया कि नवीन उत्तम प्रोत्साहन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए चालकों को दो वर्ष की निरन्तर सेवा एवं परिचालकों को चार वर्ष की निरंतर सेवा जरूरी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए वित्तीय वर्ष में उन्हें 288 दिन की डयूटी एवं ● शेष पेज 11 पर

# कोडीन युक्त सिरप की जांच के लिए एसआईटी बनेगी

❑ एसआईटी का प्रभारी आईजी स्तर का अधिकारी बनाया जाएगा

❑ अब तक हो रही जांचों की समीक्षा करेगी, वित्तीय लेन-देन की जांच भी करेगी हर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। कोडीन युक्त सिरप की तस्करी और फर्जी दस्तावेजों से बनी मेडिकल फर्मों के वित्तीय लेन-देन की जांच अब प्रदेश स्तरीय एसआईटी भी करेगी। इस एसआईटी का गठन जल्दी ही कर लिया जाएगा। इसका प्रभारी आईजी स्तर का अधिकारी होगा। यह एसआईटी वर्तमान में चल रही सभी जांचों की नियमित समीक्षा भी करेगी। साथ ही वित्तीय लेन-देन से जुड़े तथ्यों की भी जांच करेगी। इसमें दोषी पाए जाने वाले सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



पिछले काफी दिनों से चर्चा में आए इस सिरप प्रकरण को लेकर पहली बार प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी राजीव कृष्ण और एफएसडीए की आयुक्त रोशन जैकब ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कई बातें साफ की। प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि एसआईटी सारे तथ्यों को जुटाएगी। हर बिन्दु पर जांच कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। डीजीपी ने कहा कि सिरप को मेडिकल इस्तेमाल की जगह नशे में प्रयोग के लिए तस्करी करने में जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश है कि इसमें जीरो टालरेंस नीति अपनाई जाए। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें चल रही डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस प्रकरण को लेकर कई तरह की अफवाहें फैलाई जा रही है। भ्रामक खबरें दिखाई जा रही है। किसी भी मेडिकल स्टोर के मालिक को सिर्फ इस सिरप की बिक्री को लेकर परेशान नहीं किया जा रहा है। अगर इसका इस्तेमाल नशे के तौर पर कराने के लिए इस सिरप की तस्करी की जा रही है तो वह अपराध की श्रेणी में आएगा। ऐसे ही लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। सिरप प्रतिबन्धित नहीं है, तरीका गलत एफएसडीए की आयुक्त रोशन जैकब ने कहा कि 28 ● शेष पेज 11 पर

# शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों के डूबे 7.16 लाख करोड़

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को चौतरफा बिकवाली के बीच निवेशकों को सात लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा।

बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कारोबारी दिवस पर 05 दिसंबर को कुल बाजार पूंजीकरण 4,71,71,043 करोड़ रुपये था। यह सोमवार को घटकर 4,64,55,202 करोड़ रुपये रह गया जो 14 अक्टूबर के बाद का निचला स्तर है। इस प्रकार इसमें 7,15,840 करोड़ रुपये की कमी आयी है। उल्लेखनीय है कि आज बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.68 अंक (0.71 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,102.69 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.90 अंक यानी 0.86 प्रतिशत गिरकर 25,960.55 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रहने से प्रमुख सूचकांकों की तुलना में बाजार पूंजीकरण पर ज्यादा असर दिखा। बीएसई ने सोमवार को बताया कि एक वेबसाइट की खबर का लिंक देते हुए कहा कि इसमें कहा गया है कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एलबर्स को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए और समय दिया है तथा इसमें विफल रहने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.90 अंक यानी 0.86 प्रतिशत गिरकर 25,960.55 अंक पर आ गया। शेयर ● शेष पेज 11 पर



# बार काउंसिलों में 30% महिला आरक्षण : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कानूनी पेशे में लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़े कदम के तहत सोमवार को कहा कि जिन राज्यों की बार काउंसिलों में चुनाव अभी अधिसूचित नहीं हुये हैं, उनमें 30 प्रतिशत सीटें महिला वकीलों के लिए आरक्षित होनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि मौजूदा चुनाव प्रक्रिया के लिए 20 प्रतिशत सीटें चुनी हुई महिला सदस्यों द्वारा भरी जाएंगी और 10 प्रतिशत सह विकल्प के माध्यम से भरी जायेंगी।

न्यायालय ने कहा कि जिन मामलों में महिला उम्मीदवारों की संख्या कम है, वहां सह विकल्प का प्रस्ताव उसके सामने रखा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया कि उन छह राज्य बार काउंसिल में कोई आरक्षण लागू नहीं होगा, जहां चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। ये राज्य आंध्र प्रदेश, पंजाब और हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, बिहार और छत्तीसगढ़



हैं। इसके बावजूद, पीठ ने इन राज्यों के अधिवक्ता मतदाताओं से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि महिलाओं को उनके वोटों के माध्यम से पर्याप्त और सार्थक प्रतिनिधित्व मिले।

न्यायालय ने कानूनी पेशे में महिलाओं को ऊपर उठाने के लिए सक्रिय कदम उठाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। न्यायालय ने कहा, ''जहां भी महिला सदस्य 20 प्रतिशत सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए आगे आने में हिचकिचाती हैं, वहां सह विकल्प की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी ताकि महिलाओं को आखिरकार 30 प्रतिशत आरक्षण मिल सके।'' शीर्ष अदालत ने यह निर्देश योगमाया एम.जी. और शहला चौधरी की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया। इन दोनों याचिकाओं में राज्यों के बार काउंसिल में महिलाओं के लिए आरक्षण की मांग की गई थी। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ़्ते उच्चतम न्यायालय ने बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया (बीसीआई) को 30 प्रतिशत महिला आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए एक प्रस्ताव दायर करने का निर्देश दिया था। बीसीआई की ओर से पेश होते हुए, इसके अधिवक्ता एवं वरिष्ठ वकील मनन कुमार मिश्रा ने न्यायालय को बताया था कि काउंसिल 30 प्रतिशत आरक्षण के सिद्धांत का समर्थन करती है। इसके साथ ही उन्होंने इस साल खाली सीटों को सह विकल्प के ज़रिए भरे जाने का अनुरोध किया था। उन्होंने 15 प्रतिशत सीटों को सह विकल्प के जरिये भरे जाने का सुझाव दिया था, लेकिन पीठ ने सह विकल्प को सख्ती से 10 प्रतिशत तक सीमित कर दिया।

वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने व्यावहारिक चुनौतियों का उल्लेख किया और बताया कि कई राज्यों में महिला वकीलों का प्रतिशत बहुत कम है। सुनवाई के दौरान न्यायालय में वरिष्ठ वकील शोभा गुप्ता और अधिवक्ता श्रीराम परक्कट ने याचिकाकर्ता योगमाया का प्रतिनिधित्व किया। अधिवक्ता चारू माथुर याचिकाकर्ता शहला चौधरी के लिए पेश हुईं। याचिकाकर्ताओं का समर्थन करते हुए, तमिलनाडु बार काउंसिल के सह-अध्यक्ष के. बालू ने एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड करुणाकरण के ज़रिए हस्तक्षेप किया और बताया कि पुराने नेतृत्व के पैटर्न, 'एक बार चेयरमैन, हमेशा चेयरमैन' को बदलने की ज़रूरत है। वरिष्ठ वकील विनय नवारे वकीलों के लिए सुधारों की वकालत करने वाले एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) जन अदालत के लिए पेश हुए। इस आदेश के साथ उच्चतम न्यायालय ने पूरे भारत में बार काउंसिलों में लैंगिक रूप से संतुलित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

❑ जिन राज्यों में चुनाव अधिसूचित नहीं- वहीं लागू होगा आरक्षण; छह राज्यों को अस्थायी छूट, लेकिन महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व देने की अपील

❑ सुप्रीम कोर्ट बोला-कानूनी पेशे में महिलाओं को ऊपर लाने का समय आ गया

### इंडिगो उड़ान संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इंडिगो एयरलाइंस की ओर से बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द किये जाने और देरी के कारण देश भर में उत्पन्न यात्री संकट पर सोमवार को चिंता व्यक्त की, लेकिन इसमें तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की खंडपीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा कि लाखों यात्री हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं और इस व्यवधान के कारण कई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। न्यायालय ने यह देखते हुए तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया कि केंद्र सरकार ने पहले ही इस संकट ● शेष पेज 11 पर

# काशी तमिल संगमम के तृतीय दल का भव्य स्वागत एवं सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । ''काशी तमिल संगमम्'' कार्यक्रम के तृतीय दल के लगभग 200 सदस्यों का जनपद आगमन पर मा0 महापौर श्री उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, मा0 एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी एवं नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

संगम क्षेत्र के वीआईपी घाट पर आयोजित कार्यक्रम में टीम लीडर को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं गंगा जल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार एवं राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय द्वारा ताड़पत्र एवं पौराणिक ग्रंथों की विशेष प्रदर्शनी तथा एनसीजेडसीसी द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में ''काशी तमिल संगमम्'' भारत की सांस्कृतिक एकता को और अधिक गतिशीलता एवं मजबूती प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि तमिल एवं हिंदी साहित्यकारों ने सदियों से भारतीय संस्कृति के तत्वों को जोड़ने का कार्य किया है, जो ''वसुधैव कुटुंबकम'' की भावना का सशक्त उदाहरण है। वहीं मा0 एमएलसी श्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक धरोहर को नयी ऊर्जा मिली है, और ''काशी तमिल संगमम्'' उत्तर एवं दक्षिण भारत की परंपराओं, विरासत व संवाद को और गहरा करने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है।दल के सदस्यों को सुसज्जित नावों द्वारा संगम क्षेत्र का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के दिव्य संगम का दर्शन किया तथा तैयार की गई सैंड आर्ट का अवलोकन किया। यात्रा के दौरान टीम ने लेटे हनुमान मंदिर, शंकर विमान मण्डपम तथा स्वामीनारायण मंदिर के दर्शन किए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में प्रा0 सहायक राकेश कुमार वर्मा, हरिश्चंद्र दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

**बैठक का उद्देश्य जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करना था**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में सभी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करना था। जिलाधिकारी ने विधानसभावार एसआईआर कार्य के विस्तृत प्रगति आंकड़ों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी ईआरओ डिजिटाइजेशन का कार्य 9 दिसंबर तक पूर्ण कराएं एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर तत्परता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए सभी ईआरओ महाअभियान चलाकर कार्य को समय से पूर्ण कराएं। साथ ही कार्य की गति बढ़ाने हेतु राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बीएलए और अन्य स्थानीय सहयोगियों की सहायता लेने पर भी जोर दिया।बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट भारती मीना सहित सभी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन संबंधी सभी दायित्वों को गंभीरता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरा करना सभी की जवाबदेही है, ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

## सिविल लाइंस पुलिस ने पकड़े दो शातिर चोर

प्रयागराज। जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पुलिस ने चोरी की वारदातों में शामिल दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से कई मोबाइल फोन और नकद राशि बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी हाल के दिनों में हुई कई चोरी की घटनाओं में संदिग्ध थे। डीसीपी मनीष कुमार शांडिल्य के निर्देश पर टीम ने विशेष अभियान चलाकर आरोपियों को दबोचा। पुलिस पूछताछ में चोरों ने कई स्थानों पर चोरी की बात कबूल की है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## घूस प्रकरण में सिपाही अर्चना राय को हाईकोर्ट से राहत

प्रयागराज। जनपद में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा घूस लेने के चर्चित मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सिपाही अर्चना राय को राहत दी है। कोर्ट ने जेल में बंद अर्चना राय की जमानत मंजूर कर दी है। मामले में महिला इंस्पेक्टर सुमित्रा देवी भी दोषी पाई गई थीं, जिनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई जारी है। जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि मामले की परिस्थितियों को देखते हुए आवेदिका को जमानत का लाभ दिया जा सकता है। अर्चना राय पर एक महिला से कार्रवाई के नाम पर घूस लेने का आरोप लगा था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद परिवार और परिचितों ने राहत की सांस ली है।

## नववर्ष व क्रिसमस कार्यक्रमों के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य

प्रयागराज। नववर्ष की पूर्व संध्या एवं क्रिसमस डे पर किसी भी सार्वजनिक स्थल–होटल, क्लब, ऑडिटोरियम, रेस्टोरेंट, गार्डे न, गेस्ट हाउस, खेल मैदान या स्कूलऽकॉलेज परिसर–में संगीत, गीत, नृत्य, डी.जे. आदि मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेना अनिवार्य है। उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) अधिनियम के अनुसार बिना अनुमति आयोजित किसी भी मनोरंजन कार्यक्रम पर पूर्ण प्रतिबंध है, चाहे उस पर कर देय हो या न हो।बिना अनुमति कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर अधिनियम की धारा 8(क)(1) के अंतर्गत आयोजक एवं स्थल स्वामी पर ?20,000 तक अर्थदंड, छः माह तक कैद या दोनों की कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जा सकती है। ऐसी स्थिति में संपूर्ण उत्तरदायित्व आयोजक अथवा स्थल स्वामी का ही होगा।सभी संभावित आयोजनकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि आयोजन से कम से कम 15 दिवस पूर्व आवश्यक अनापत्तियाँ, औपचारिकताएँ एवं प्रमाण-पत्र विभागीय पोर्टल http://up-gst.com/entertainmenttax/ पर अपलोड कर अनुमति हेतु आवेदन करें तथा उसकी हार्ड कॉपी सहायक आयुक्त, राज्य कर (पूर्व मनोरंजन कर कार्य), कलेक्ट्रेट प्रयागराज में अनिवार्य रूप से जमा करें। निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करने पर कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## आइजी आरएस के जांच से बची पात्र महिला की पात्रता

रायबरेली। मामला उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले से चौंकाने वाला प्रकाश में आया है, जहां महराजगंज तहसील क्षेत्र के हरदोई गांव की रहने वाली एक पात्र गृहस्थी कार्ड धारक महिला ने आइजी आरएस में शिकायत करके अपना कार्ड निरस्त करने का आवेदन किया था । मामले में आईजी आरएस से रिपोर्ट तहसील पूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार पांडेय के पास भेजी गई, तो साहब! भी चौंक गए। साहब! सच्चाई जानने के लिए जब गांव पहुंचे, तो महिला के घर और परिवार का हुलिया देखकर यह पाया कि, उक्त महिला वाकई पात्र गृहस्थी कार्ड की हकदार है। आपको बता दें कि, हरदोई गांव की रहने वाली सुनीता पत्नी प्रवेश कुमार ने बीते 3 दिसंबर को आइजीआरएस में एक शिकायत करके अपना कार्ड बंद कराने की अपील करी थी, उसने कहा था कि, उसे राशन की आवश्यकता नहीं है। जब आईजीआरएस से रिपोर्ट यहां तहसील महराजगंज स्थित पूर्ति कार्यालय भेजी गई, तो मामले में पूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार पांडेय हरदोई गांव पहुंचे और सुनीता तथा उनके परिवार से मुलाकात कर पात्र गृहस्थी का कार्ड कटवाने की शिकायत की बात करी, जिसपर सुनीता ने पूर्ति अधिकारी को बताया कि, उसने आईजीआरएस पर कोई आवेदन नहीं किया है, उसका राशन कार्ड काटा ना जाए, वह गरीब है, उसे हर महीने राशन की आवश्यकता पड़ती है। पात्र लाभार्थी महिला की बात सुनकर पूर्ति अधिकारी ने उस नंबर पर जिससे आईजीआरएस पर शिकायत करी गई थी, की जांच करनी सुरु करी, तो उन्होंने उस मोबाइल नंबर पर फोन करके बात की, तब शिकायत कर्ता विवेक वर्मा पुत्र ओमप्रकाश निवासी सहगों बछरावां का नंबर निकाल। पूर्ति अधिकारी द्वारा यह पूछे जाने पर की क्या उसने अपने नंबर से हरदोई गांव की रहने वाली सुनीता देवी का पात्र गृहस्थी कार्ड निरस्त करने की आईजी आरएस रिपोर्ट में आवेदन किया था, तो उस व्यक्ति ने भी सिरे से खारिज करते हुए कहा कि, उसने ऐसा नहीं किया है, उसके मोबाइल नंबर का गलत इस्तेमाल किया गया है। यह पूरा प्रकरण यह सिद्ध करता है कि, अब आईजी आरएस के माध्यम से भी बहुत बड़ा जालसाजी और फ्रॉड होने लगा है। इसी तरह लोग आईआरएस के माध्यम से शिकायत करके किसी का भी राशन कार्ड निरस्त करवा सकते हैं, या फिर किसी के खिलाफ फर्जी जांच कर कर उसे फसाया जा सकता है।

## 10 दिसम्बर को तहसील परिसर पयागपुर में आयोजित होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

बहराइच । मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि 10 दिसम्बर 2025 को तहसील परिसर पयागपुर में ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' अन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 80 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप जिलाधिकारी पयागपुर व जिला विकास अधिकारी को ओवर आल प्रभारी नामित किया गया है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच, कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू को लाने, विवाह सम्पन्न कराने, वैवाहिक सामग्री के वितरण, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन, चिकित्सा, रंगोली, अतिथियों के स्वागत, भोजन व मीडिया इत्यादि की व्यवस्था हेतु अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## एडीजी मुथा अशोक जैन ने साइबर सुरक्षा एवं एथिकल हैकिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ किया

गोरखपुर। आज सोमवार को एडीजी ज़ोन मुथा अशोक जैन ने साइबर सुरक्षा एवं एथिकल हैकिंग के प्रथम बैच के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। यह प्रशिक्षण 14ए, गृह मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है तथा पुलिस लाइंस स्थित प्रशिक्षण केंद्र में संचालित किया जा रहा है।जोन के 11 जनपदों से आए पुलिस कर्मियों–आरक्षी से लेकर उपनिरीक्षक स्तर तक–को इसमें शामिल किया गया है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए एडीजी ने कहा कि निरंतर बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस बल का तकनीकी रूप से सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्ष्य संकलन, ऑनलाइन वित्तीय अपराध, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा एथिकल हैकिंग के मूलभूत पहलुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा।प्रशिक्षण पूरी तरह आवासीय स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है और विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को कक्षाओं के साथ-साथ प्रायोगिक अभ्यास भी कराया जाएगा।

**शहर में बढ़ती ठंड से निपटने के लिए नगर निगम सतर्क, शेल्टर होम्स का लिया गया जायजा**

# नगर आयुक्त ने शेल्टर होम्स का किया निरीक्षण

**नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सोमवार को शहर के विभिन्न स्थाई शेल्टर होम्स (रैन बसेरों) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । शहर में शीतलहर का प्रकोप धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर निगम ने राहत एवं बचाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सोमवार को शहर के विभिन्न स्थाई शेल्टर होम्स (रैन बसेरों) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने मरम्मत और रिनोवेशन के कार्यों की प्रगति का आकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, मुख्य अभियंता श्री महेश वर्मा, तथा संबंधित जोन के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण की शुरुआत जोन 1 के जियामऊ स्थित शेल्टर होम से हुई, जहां नगर आयुक्त ने रंगाई-पुताई और सफाई कार्य की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शेल्टर होम्स में साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को सुरक्षित और स्वच्छ आश्रय मिल सके। इसके बाद उन्होंने लक्ष्मण मेला रैन बसेरा और चकबस्त स्थित रैन बसेरे का भी दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने कहा कि प्रत्येक शेल्टर होम में स्पष्ट साइनेज बोर्ड लगाए जाएं ताकि लोगों को वहां पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही, सभी रैन बसेरों में रजाई, गद्दे और कंबल की व्यवस्था दुरुस्त करने और पुराने सामान को बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य अभियंता को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक कार्य यथाशीघ्र पूरा किया जाए।नगर आयुक्त ने विशेष रूप से यह भी कहा कि प्रत्येक शेल्टर होम के केयर टेकर नियमित रूप से लॉग बुक भरें ताकि हर गतिविधि का रिकॉर्ड रखा जा सके। इसके बाद उन्होंने जोन 2 स्थित लाटूश रोड रैन बसेरा का निरीक्षण किया, जहां कुछ मरम्मत कार्यों में कमी पाई गई। उन्होंने मुख्य अभियंता को तत्काल सुधार के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।नगर आयुक्त महोदय ने आगे ऐशबाग मिल रोड और करेहटा स्थित रैन बसेरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर तैयारियां अधूरी हैं, वहां के कार्य अगले सात दिनों के भीतर पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगामी निरीक्षण के दौरान कोई कमी पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने कहा कि ठंड के मौसम में शहर के गरीब और बेघर लोगों को राहत पहुंचाना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त गर्म बिस्तर, पीने के पानी और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति को ठंड से बचाव में कठिनाई न हो।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय प्रयागराज के अरावली सभाकक्ष में भारत र' बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 70वाँ महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई।

तत्पश्चात प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी मुदित चंद्रा, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बाबा साहब को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह ने बाबा साहब की जीवनी और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा सत्य, समानता और समाज सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बताए सिद्धांतों का अनुपालन ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।वक्ताओं में दिनेश कुमार, जोनल सचिव, अखिल भारतीय रेल कर्मचारी अनुसूचित जाति/जनजाति एसोसिएशन ने भी बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें ''आधुनिक भारत का शिल्पकार'' बताया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में आयुष्मान कार्ड के विशेष अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जनपद में चलाये जा रहे आयुष्मान कार्ड के विशेष अभियान (25 नवम्बर से 25 दिसम्बर 2025) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गयी।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.नवीन चंद्रा एवं नोडल अधिकारी-आयुष्मान भारत डॉ.अशोक कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद रायबरेली के निर्धारित आयुष्मान कार्ड लक्ष्य 1521204 के सापेक्ष 942830 आयुष्मान कार्ड (61.98%) बना लिए गये है। जिलाधिकारी द्वारा आयुष्मान कार्ड अभियान के सम्बन्ध में समस्त सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत समस्त शेष बचे लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर संतृप्त किया जाए तथा ऐसे शेष लाभार्थी जिनका नाम कई योजनाओं में डुप्लीकेट, डाटा मिसमैच, मृतक, विस्थापित इत्यादि की लाइन-लिस्टिंग भी इसी अभियान में कर ली जाए। आशा, आँगनवाड़ी, सहायिका एवं उण्एड श्रेणी के समस्त शेष बचे लाभार्थियों तथा 70+ श्रेणी के समस्त लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर संतृप्त किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा खराब प्रदर्शन करने वाले ब्लाको को आगामी समीक्षा बैठक में अपना प्रदर्शन सुधार कर अपडेटेड रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, समस्त एस.डी.एम., जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, समस्त अधीक्षक (सामु.स्वा.केंद्र), जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आई0सी0डी0यस0), जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी (नगर पालिका), जिला समाज कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त बी.डी.ओ., समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी, जिला क्रियान्वयन इकाई आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्यरत (डी0पी0 सी0-डॉ0 सौरभ चौधरी, डी आई एस एम0 अनुराग तिवारी, समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# प्रयागराज में 11 करोड़ गबन का बड़ा खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ईसीपीएस पब्लिक स्कूल मामले में अधिकारी जांच से पीछे हटे**

प्रयागराज । शहर के मट्ठीगंज स्थित ECPSS पब्लिक स्कूल (Eiwng Christian Public Senior Secondary School) में लगभग 11 करोड़ रुपये के कथित गबन का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूल के मॉडरेटर के विधिक सलाहकार पिंटू तिवारी के दबाव के चलते कोई भी अधिकारी जांच आगे बढ़ाने को तैयार नहीं है।सोशल मीडिया पर मामले के वायरल होने के बावजूद बिशप और सचिव द्वारा अब तक कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। उच्च अधिकारी भी मामले को संज्ञान में लेने से बचते नजर आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रिंसिपल संजीत लाल की कुर्सी पर भी खतरा मंडरा रहा है और अगर जांच निष्पक्ष हुई तो कई बड़े खुलासे संभव हैं।

### जांच क्यों अटकी

स्कूल प्रबंधन और विधिक सलाहकार के दबाव में जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभाग निष्क्रिय।बिशप दान और एजुकेशन बोर्ड के सचिव राकेश कुमार छत्रि की चुप्पी, मामले को दबाने की कोशिश का संकेत।हाल ही में बिशप जानसन गर्ल्स स्कूल में घ्क्कगबन जैसे मामलों ने संदेह और बढ़ा दिया है।

### कार्रवाई की मांग तेज

अभिभावकों और स्थानीय पत्रकारों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर जांच नहीं हुई तो वे औपचारिक शिकायत दर्ज कराएंगे।मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग, उट्टइ और डायोसीज एजुकेशन बोर्ड द्वारा तत्काल SIT गठित करने की मांग उठ रही है।सोशल मीडिया पर दबाव बढ़ने के बाद यह अपेक्षा की जा रही है कि मुख्यमंत्री कार्यालय या UPSLSA इस मामले में हस्तक्षेप कर सच्चाई सामने लाए।

## बुढ़ापे में आर्थिक असुरक्षा को लेकर कर्मचारी हैं चिंतितः रूपेश

गोरखपुर । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की एक आवश्यक बैठक डिप्लोमा इंजीनियर संघ भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने की तथा संचालन महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल द्वारा किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कर्मचारी बुढ़ापे में अपनी आर्थिक असुरक्षा को लेकर अत्यंत चिंतित हैं, इसलिए सरकार को चाहिए कि पुरानी पेंशन व्यवस्था को पुनः बहाल कर कर्मचारियों की यह चिंता दूर करे। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि आवश्यक हो तो कुछ माननीयों को मिलने वाली चार-चार पेंशन समाप्त कर माननीय सहित सभी को एक पेंशन का प्रावधान किया जाए। महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने मांग की कि सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में आठवें वेतन आयोग में प्रस्तावित फिटमेंट फैक्टर को सार्वजनिक करे, जिससे कर्मचारी भविष्य में मिलने वाले लाभ को लेकर आश्वस्त हो सकें।

## बकरियों में निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान किये जाने हेतु एआई किट व कन्टेनर कराए गए उपलब्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जनपद रायबरेली में बकरी पालकों के लिये पशुपालन विभाग रायबरेली की तरफ से बकरियों में उच्च नस्लों के निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा मुहैया करायी जायेगी। आज रायबरेली के डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय, सदर पर 10 पशु सेवा केन्द्रों पर तैनात पशुधन प्रसार अधिकारियों एवं 4 पशु चिकित्सालयों पर तैनात पशु चिकित्सकों को बकरियों में निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान किये जाने हेतु ए0आई0 किट व कन्टेनर उपलब्ध कराये गये। जिससे विभिन्न विकास खण्डों में स्थित पशु सेवा केन्द्रों एवं पशु चिकित्सालयों के क्षेत्रान्तर्गत लगभग दो लाख बकरियों व पशुपालकों को निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा से लाभान्वित किया जायेगा। कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से जमुनापारी, बरबरी, बीतल, सिरोही आदि विभिन्न नस्लों के सीमन से बकरियों को आच्छादित किया जाना सम्भव होगा, जिससे जनपद रायबरेली में बकरी पालक लाभान्वित होंगे और बकरियों का नस्ल सुधार भी होगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ. रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-JNH-MX-165-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.12.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.12.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3798/2025

# निगोहां में करोड़ों की जमीन हड़पने की साजिश का पर्दाफाश

**निगोहां पुलिस ने किसान की हत्या कर शव जलाने वाले प्रॉपर्टी डीलर सहित पाँच को किया गिरफ्तार, एक फरार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निगोहां , लखनऊ । निगोहां पुलिस ने जमीन पर कब्जा जमाने की साजिश के तहत की गई सनसनीखेज हत्या का खुलासा करते हुए प्रॉपर्टी डीलर सुजीत कुमार श्रीवास्तव सहित पाँच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने करोड़ों की जमीन हड़पने के लिए किसान शिव प्रकाश उर्फ कबीर (42) की गला कसकर हत्या की और सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को उन्नाव के बीघापुर क्षेत्र में ले जाकर पेट्रोल डालकर जला दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो कारें भी बरामद की हैं, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है।

**गुमशुदगी से मिला हत्या का सुराग**

19 नवंबर को सुरेंद्र कुमार ने निगोहां थाने में शिकायत दी कि उनका मित्र शिव प्रकाश 16 नवंबर से लापता है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। इसी बीच उन्नाव के बीघापुर क्षेत्र में एक अधजला अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली। फोटो दिखाए जाने पर परिजनों ने उसकी पहचान शिव प्रकाश के रूप में की।

**जमीन विवाद बना हत्या की जड़**

एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली वसंथ कुमार के मुताबिक जांच के दौरान जमीन विवाद की कड़ियाँ जुड़ती गईं और पूरा षड्यंत्र सामने आ गया। निगोहां के दखिना शेखपुर निवासी शिव प्रकाश की मां स्व. सत्यवती के नाम रायबरेली, लखनऊ हाइवे किनारे 44 बिस्वा जमीन थी। बड़े और छोटे भाइयों में वर्षों से विवाद चल रहा था। 2019 में बड़े भाई शिव सहाय गौतम ने पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर जमीन को प्रॉपर्टी डीलर सुजीत श्रीवास्तव और आशीष यादव के जरिए सतगुरु के नाम रजिस्ट्री कर दी। बाद में इस जमीन को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के आधार पर यथार्थ प्रॉपर्टी के श्रवण कुमार को बेच दिया गया।

उधर, छोटे भाई शिव प्रकाश ने पहले ही माँ से वसीयत करा ली थी। रजिस्ट्री की जानकारी होते ही उसने अदालत में मुकदमा दायर कर दिया। मुकदमे से करोड़ों की जमीन हाथ से निकलने की आशंका में सुजीत श्रीवास्तव ने डेढ़ लाख रुपये देने का लालच देकर साथियों संग शिव प्रकाश की हत्या कराने की योजना बनाई।

**हत्या के बाद शव को जलाकर नष्ट करने की कोशिश**

जांच में सामने आया कि 15 नवंबर को सुजीत और उसके साथी शिव प्रकाश को मिलने के बहाने बुलाकर दो कारों से अगवा कर ले गए। इसके बाद सुनसान स्थान पर उसका गला कसकर हत्या कर दी। पहचान छिपाने के लिए शव को उन्नाव के बीघापुर क्षेत्र में ले जाकर पेट्रोल डालकर जला दिया।

**तकनीकी साक्ष्यों ने खोला पूरा नेटवर्क**

अधजला शव मिलने के बाद पुलिस ने कॉल डिटेल, सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पूरे नेटवर्क को खंगाला और सुजीत श्रीवास्तव सहित पाँच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो कारें भी बरामद की गईं। एक आरोपी अब भी फरार है।

**निगोहां पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ी साजिश बेनकाब**

डीसीपी निपुण अग्रवाल, एडीसीपी रल्लापल्ली वसंथ कुमार के निर्देशन और एसीपी विकास पांडे के पर्यवेक्षण में निगोहां थानाध्यक्ष अनुज तिवारी व उनकी टीम ने इस हत्या कांड का पर्दाफाश किया। पुलिस की तत्परता से न केवल एक जघन्य हत्या का खुलासा हुआ बल्कि करोड़ों की जमीन हड़पने की बड़ी साजिश भी सामने आ गई।

# पचास हजार का इनामी तस्कर साथी समेत मुठभेड़ में गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज, लखनऊ। मादक पदार्थों की सप्लाई में लंबे समय से सक्रिय और पचास हजार रुपये के इनामी तस्कर पंकज त्रिपाठी को उसके सहयोगी नरेंद्र त्रिपाठी के साथ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

देर रात मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के जबरौली गांव के पास हुई इस कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे पुलिस टीम ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया।एएनटीएफ के अपर पुलिस महानिरीक्षक के अनुसार रविवार देर रात उपनिरीक्षक मनीष कुमार टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे कि तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। रुकने का संकेत देने पर दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा, जबकि दूसरे को टीम ने पीछा कर दबोच लिया।पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कौशांबी जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी पंकज त्रिपाठी और रायबरेली जनपद के गदागंज निवासी नरेंद्र त्रिपाठी के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक पंकज त्रिपाठी शातिर किस्म का अपराधी है और मादक पदार्थों की तस्करी के कई मामलों में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधिकारियों ने 50,000 रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।मुठभेड़ की जानकारी मिलते ही एडीसीपी साउथ और एसीपी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। एएनटीएफ टीम ने आरोपियों के कब्जे से एक देसी तमंचा, कारतूस, मोटरसाइकिल और दो हजार पचास रुपये नकद बरामद किए हैं।पुलिस आरोपियों के नेटवर्क और सप्लाई चेन को लेकर आगे की जांच कर रही है।

# अवैध प्रवासियों और घुसपैठियों की पहचान के लिए ज़रूरी है एस आई आर :आनंद द्विवेदी

**महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अवैध रूप से रह रहे लोगों को चिन्हित करने के लिए वार्ड स्तर पर विशेष टीम का गठन किया है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा बूथ स्तर पर चलाए जा रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के निर्देश पर लखनऊ में अवैध तरीके से रह रहे घुसपैठियों, अवैध प्रवासियों, रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की पहचान को लेकर भी कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ताकि किसी भी प्रकार के अपात्र और संदिग्ध गतिविधियों को वोट का अधिकार मिलने से समय रहते रोका जा सके।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अवैध रूप से रह रहे लोगों को चिन्हित करने के लिए वार्ड स्तर पर विशेष टीम का गठन किया है जो क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ियां में निरंतर भ्रमण करके और बाहर से आकर किराए पर रह रहे अवैध घुसपैठियों की पहचान कर रहे हैं। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी के अनुसार लखनऊ में अवैध घुसपैठियों के रूप में रह रहे 50,000 से अधिक रोहिंग्या, बांग्लादेशियों को चिन्हित कर लिया गया है और शेष की पहचान की जा रही है। आनंद द्विवेदी ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी अपात्र और अप्रवासियों के नाम नहीं जुड़ने देंगे कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र में अन्य लोगो को भी हिदायत दी गई है कि अवैध रूप से रहने वालो की मदद न करे।मदद करने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई के लिए भी प्रशासन को अवगत कराया जाएगा।

आनंद द्विवेदी ने कहा कि लोगों के आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड सहित अन्य पहचान पत्रों की गहन जांच की जाएं। अवैध घुसपैठियों से उनके स्थानीय पते, रोजगार और लखनऊ आने के कारणों के बारे में पूछताछ की गई जाए। वेरीफिकेशन कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को लिखित में पत्र भी भेजा जाएगा।

# ठाकुरगंज स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन की तैयारियाँ तेज़



**प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । ठाकुरगंज क्षेत्र में बनाए गए राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन की तैयारियाँ तेज़ हो गई हैं। आगामी 25 तारीख को प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर सोमवार को उच्चाधिकारियों ने स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान लखनऊ के जिलाधिकारी, एडीए वीसी, लखनऊ मंडलायुक्त, पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र सिंह सेंगर, जॉइंट कमिश्नर बबलू कुमार एवं डीसीपी वेस्ट विश्वजीत श्रीवास्तव समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा, वैसी व्यवस्थाओं और यातायात योजना की समीक्षा की।सुरक्षा तैयारियों के मद्देनज़र एसीपी काकोरी शकील अहमद, ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान तथा दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा अपनी-अपनी टीमों के साथ स्थल पर मुस्तैद दिखाई दिए। पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों ने आसपास के क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया।राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है, वहीं प्रशासन कार्यक्रम को सफल और सुचारू बनाने में जुटा हुआ है।

## वांछित अभियुक्त वली मोहम्मद कुरैशी गिरफ्तार, धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत चल रहा था फरार




लखनऊ । थाना महानगर पुलिस ने धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के तहत वांछित चल रहे अभियुक्त वली मोहम्मद कुरैशी को गिरफ्तार कर एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। आरोपी पर युवती से पैसों की मांग करने, शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का प्रयास करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के गंभीर आरोप दर्ज हैं। यह मुकदमा 4 दिसंबर 2025 को थाना महानगर में पंजीकृत किया गया था।आरोपी वली मोहम्मद कुरैशी उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र बिलाल अहमद निवासी सियाना थाना क्षेत्र जनपद बुलंदशहर घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने सर्विलांस और तकनीकी विश्लेषण की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस की और दिल्ली के थाना सरिता विहार क्षेत्र से उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सत्येन्द्र कुमार, अरुण प्रताप सिंह तथा कांस्टेबल अमन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना महानगर पुलिस का कहना है कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## मोहनलालगंज में मतदाता गणना पर बड़ा विवाद , दी चेतावनी 150 बूथों पर गड़बड़ी का आरोप, सपा ने मांगी त्वरित जांच



लखनऊ। विधानसभा क्षेत्र 176 मोहनलालगंज (सुरक्षित) में मतदाता गणना प्रक्रिया (एफआईआर) को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला गरमा गया है। समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र के करीब 150 बूथों पर सुपरवाइज़रों ने स्थानीय बीएलओ पर दबाव डालकर गणना प्रपत्रों को जबरन 'शून्य' दिखाने को मजबूर किया, जबकि कई मतदाताओं से जुड़े आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रूप से भरे भी नहीं गए थे। सपाईयों का कहना है कि मृतक मतदाताओं और स्थान परिवर्तन से संबंधित फॉर्म यूईएफ को 5 नवंबर 2025 तक ही पूरा करा लिया गया, जबकि निर्वाचन आयोग ने इसकी अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2025 निर्धारित की थी। आरोप है कि जिले में 'नंबर-1 रैंक' पाने की जल्दबाजी में कार्य को जल्दबाजी और मनमाने तरीके से पूरा कराया गया, जिसके चलते अनेक वास्तविक मतदाताओं के नाम गलत श्रेणियों में दर्ज हो गए। इससे मतदाता सूची की विश्वसनीयता व पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न उठ खड़े हुए हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी मोहनलालगंज विधानसभा अध्यक्ष एवं सपा सांसद के प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा, तथा राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता सभा एवं पूर्व अध्यक्ष, बार एसोसिएशन मोहनलालगंज श्रवण कुमार यादव ने सोमवार को उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज और जिला निर्वाचन अधिकारी को विस्तृत आपत्ति पत्र सौंपते हुए तत्काल निष्पक्ष जांच की मांग की है। सपा नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 11 दिसंबर 2025 तक इन अनियमितताओं का संज्ञान लेकर समाधान नहीं किया गया, तो पार्टी इस प्रकरण में विधिक कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य होगी।

## मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डिस्कॉम) के सभी वितरण क्षेत्रों में एकमुश्त समाधान योजना की उपभोक्ताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया

लखनऊ। बड़ी संख्या में उपभोक्ता विद्युत शिविरों में पहुँचकर रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं और योजना का लाभ उठा रहे हैं।अब तक 57.19 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है तथा 76,174 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है।केवल आज के दिन मध्यांचल क्षेत्र में 4.07 करोड़ की वसूली हुई,8,332 उपभोक्ताओं ने योजना में अपना पंजीकरण कराया।लंबे समय से बिल जमा न करने वाले 56,578 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि 19,596 ऐसे उपभोक्ता, जिन्होंने कभी भी अपना बिजली बिल नहीं जमा किया था, उन्होंने भी योजना का लाभ उठाते हुए पंजीकरण कराया है।लखनऊ जनपद में उपलब्धियां.लखनऊ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल ?92 लाख की राजस्व प्राप्ति हुई। क्षेत्रवार आंकड़े इस प्रकार हैं—अमौसी क्षेत्रः 425 उपभोक्ता.जानकीपुरम क्षेत्रः 82 उपभोक्ता.लखनऊ मध्यः 24 उपभोक्ता.गोमती नगर क्षेत्रः 23 उपभोक्ता.अन्य क्षेत्रों का विवरण लखनऊ के अतिरिक्त अन्य जिलों में भी उपभोक्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है—बरेली (प्रथम/द्वितीय):पंजीकरणः 13,894,राजस्व प्राप्तिः 17.92 करोड़,अयोध्या क्षेत्र:पंजीकरणः 19,490,राजस्व प्राप्तिः16 करोड़,सीतापुर क्षेत्र:पंजीकरणः 16,225,राजस्व प्राप्तिः 9.54 करोड़,इसमें सर्वाधिक 5,031 रजिस्ट्रेशन हरदोई विद्युत वितरण मंडल से प्राप्त हुए। देवीपाटन क्षेत्र:पंजीकरणः 12,321,राजस्व प्राप्तिः 6.73 करोड़.सर्वाधिक 3,915 रजिस्ट्रेशन बहराइच मंडल में हुए।रायबरेली क्षेत्र:पंजीकरणः 7,765,राजस्व प्राप्तिः ?6.08 करोड़,मध्यांचल का उपभोक्ताओं से अनुरोध,मध्यांचल (डिस्कॉम) अपने सभी,उपभोक्ताओं से अपील करता है कि 100% सरचार्ज माफी, मूलधन में विशेष छूट और विद्युत चोरी संबंधी प्रकरणों में भी राहत प्रदान करने वाली ग्ध्ट्ट योजना का अधिकतम लाभ उठाएँ।योजना का लाभ पाने के लिए उपभोक्ता जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन कराएँ।

## नगर निगम लखनऊ 5 दिसंबर को आयोजित करेगा 'संपूर्ण समाधान दिवस

लखनऊ । नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु नगर निगम लखनऊ द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित किया जाने वाला संपूर्ण समाधान दिवस इस माह 05 दिसंबर, शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी की अध्यक्षता में त्रिलोकनाथ सभागार, नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपन्न होगा।*कर निर्धारण, सफाई, जलापूर्ति समेत अन्य समस्याओं का होगा समाधान शहर के नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं जैसे गृहकर एवं जलकर से संबंधित विवाद-सफाई व्यवस्था-सड़कों/गलियों की मरम्मत-सीवर लाइन व ड्रेनेज-मार्ग प्रकाश (स्ट्रीट लाइट)-कूड़ा उठानसहित शहरी सुविधाओं से जुड़े अन्य मुद्दों के निस्तारण हेतु समाधान दिवस में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सर्वेक्षण के उपरांत कर निर्धारण से संबंधित आपत्तियों पर भी मौके पर सुनवाई की जाएगी। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहेंगे ताकि समस्याओं का स्थल पर ही त्वरित और प्रभावी समाधान किया जा सके। संबंधित दस्तावेज साथ लाएँ ,नागरिकों से अनुरोध है कि वे 05 दिसंबर को आयोजित समाधान दिवस में समय से पहुँचे और अपनी शिकायत से संबंधित आवश्यक दस्तावेज अवश्य साथ लाएँ, जिससे कार्यवाही सुचारु रूप से हो सके। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस न केवल शिकायतों के निस्तारण का माध्यम है, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण मंच है।

# इंटर हाउस स्कूल ओलंपिक व पी.टी. डिस्प्ले 2025 की शानदार शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सोमवार को चौक स्टेडियम लखनऊ में सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज द्वारा इंटर हाउस स्कूल ओलंपिक एवं पी.टी. डिस्प्ले 2025 के तीन दिवसीय भव्य आयोजन की शुरुआत जोश और उत्साह के साथ हुई। पहले ही दिन छात्रों ने खेल के प्रति समर्पण और अनुशासन का बेहतरीन परिचय देते हुए माहौल को ऊर्ज़ा से भर दिया।

कार्यक्रम में बॉक्सिंग, कबड्डी, रस्साकशी, ताइक्वांडो, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें सभी हाउस के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया। पी.टी. डिस्प्ले का दृश्य भी बेहद आकर्षक रहा, जिसमें छात्रों ने योग, मार्च-पास्ट, लेज़र फॉर्मेशन और सामूहिक व्यायाम की प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की एकरूपता, तालमेल और ऊर्ज़ा ने उपस्थित अभिभावकों व दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद आमिर सिद्दीकी ने बताया कि इंटर हाउस स्कूल ओलंपिक एवं पी.टी. डिस्प्ले 2025 का तीन दिवसीय कार्यक्रम आज से प्रारंभ हुआ है। वहीं, के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित इंटर हाउस बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपना हुनर दिखाया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व, टीमवर्क, आत्मविश्वास और अनुशासन जैसी गुणों को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

# गोबर नालियों में बहाने और आईजीआरएस शिकायतों के आधार पर नगर निगम ने हटाईं अवैध डेरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ द्वारा शहरी स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गुरूवार को जोन-6 के चौक थाना क्षेत्र में अवैध डेरियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया।

नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया गया। विशेष अभियान के अंतर्गत चौक थाना में अशरफाबाद, टुड़ियागंज, याहिया गंज, खाला बाजार में कार्यवाही की गई जिससे डेरी संचालको में हड़कंप मच गया।अभियान के दौरान कुल 20 गाय, 01 बछिया जब्त की गई, जिन्हें ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया है। इन पशुओं को केवल निर्धारित जुर्माना जमा करने के पश्चात ही छोड़ा जाएगा। यह कार्यवाही आईजीआरएस पोर्टल व स्थानीय नागरिकों की शिकायतों के आधार पर की गई थी, जिनमें डेरी संचालकों द्वारा गोबर को खुले प्लॉटों में फेंकने एवं नालियों में बहाने से गंदगी, जलभराव और मच्छरजनित रोगों की आशंका व्यक्त की गई थी।

नगर निगम ने यह स्पष्ट किया है कि नगर निगम अधिनियम 1959 के अंतर्गत शहरी सीमा में भैंस पालन पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योंकि इसे अपदूषण कारक पशु की श्रेणी में रखा गया है। केवल अधिकतम दो गायों को ही वैध लाइसेंस के तहत पालने की अनुमति है। अभियान में पुलिस बल, प्रवर्तन दल एवं पशु कल्याण विभाग की संयुक्त भागीदारी रही। डॉ. अभिनव वर्मा के साथ श्री शिवेक, अभिनव, रामकुमार, फुरकान, श्री अवधेश, मनोज ने अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी शहर के बीचो बीच अवैध डेरियों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा व गोबर निस्तारण की लापरवाही के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और रोगमुक्त बनाया जा सके।

# पैलिएटिव केयर विषय पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । एरा यूनिवर्सिटी लखनऊ में 08 दिसम्बर 2025 को नेशनल एसोसिएशन ऑफ पैलिएटिव केयर फॉर आयुष एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन-एनएपीसीएआईएम के दो-दिवसीय चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ हुआ। यह सम्मेलन कैंसर एड सोसाइटी के सहयोग सें किया गया।

इसका मुख्य विषय- पैलिएटिव केयरः मॉडर्न मेडिसिन को आयुष और सीएएम के साथ इंटीग्रेट करना, जिसका मकसद गंभीर रूप से बीमार और दूसरे ऐसे मरीज़ों की ज़िंदगी स्वस्थ रूप सें बेहतर बनाना है। सम्मेलन में भारत के अलग-अलग राज्यों सें आये डॉक्टरो, नीति विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और चिकित्सा जगत के दिग्गजों ने भाग लिया। इन विशेषज्ञों ने पैलिएटिव केयर में आधुनिक चिकित्सा को आयुष और सीएएम के साथ एकीकृत करना है, विषय पर विस्तृत चर्चा की। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ के बी लिंगेगौड़ा, एरा यूनिवर्सिटी के कुलपती डॉ अब्बास अली महदी, डॉ तरुणा, डॉ सिराज, डॉ फरज़ाना, डॉ अनिल अग्रवाल, डॉ डी पी गुप्ता और अन्य सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना सें हुआ। मुख्य अतिथि डॉ के बी लिंगेगौड़ा ने सम्मेलन की सरहना करते हुए कहा गंभीर रूप से बीमार मरीजों के साथ-साथ अन्य मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए आयोजित इस तरह के सम्मेलन चिकत्सा क्षेत्र में बहुत बड़ी उपाधि है। करन, अपर्जिता, बिमलेश ने पैलिएटिव केयर विषय पर पॉट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये। प्रीती, ए के सिंह और राजेश ने अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर व फूल गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। नेहा त्रिपाठी, निदेशक कैंसर एड सोसाइटी ने बताया इस सम्मेलन का उद्देश्य पैलिएटिव केयर में आधुनिक चिकित्सा को आयुष और सीएएम के साथ एकीकृत करना है, जिसकी देश भर में भारी मांग होने के बावजूद कमी है, जिस कारण गंभीर रूप से बीमार मरीजों का शोषण होता है, जो मरीज असहनीय दर्द और अन्य परेशान करने वाले लक्षणों से पीड़ित हैं। सस्ती दर्द निवारक दवाएं और पैलिएटिव केयर आधुनिक चिकित्सा को आयुष के साथ एकीकृत करके और आयुष डॉक्टरों को पूरे भारत में पैलिएटिव केयर का अभ्यास करने के लिए सशक्त बनाकर उनके कष्टों को कम कर सकते हैं। आयुष (आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) प्रणालियों की पैलिएटिव केयर में महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि वे समग्र दृष्टिकोण का पालन करते हैं, हालांकि आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ पुरानी और जानलेवा बीमारियों का सामना कर रहे मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए पैलिएटिव केयर में हस्तक्षेप के साथ एकीकरण समय की आवश्यकता है और जिसके लिए यह सम्मेलन विचार-विमर्श और विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा क्योंकि देश भर में ऐसी कोई पहल मौजूद नहीं है। डॉ पीयूष गुप्ता ने सभी अतिथियों को धन्यवाद कर आभार प्रकट किया।

# तैलीक समाज कल्याण समिति खैराबाद की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन

## समस्याओं के समाधान को लेकर जल्द होगी मंत्री से मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद । दिनांक 7 दिसंबर 2025 को तैलीक समाज कल्याण समिति खैराबाद की आवश्यक बैठक श्री दिलीप जयसवाल के मोहल्ला काजियारा स्थित आवास पर आयोजित की गई जिसमें नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष कुलदीप जयसवाल द्वारा नगर की नवीन कार्यकारिणी का पुनर्गठन कर सभी को आवश्यक उत्तरदायित्व सौंपे गए जिसके अंतर्गत नगर महामंत्री का उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद खैराबाद के पनावडिया वार्ड के सभासद उमेश जयसवाल जी को एवं कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी कुलदीप जयसवाल (पिंकू) जी को दी गयी। नगर अध्यक्ष कुलदीप जायसवाल जी द्वारा बताया गया कि समाज के



लोगों की समस्याओं के संबंध में एक बैठक अति शीघ्र नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर'' गुरु'' एवं प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैराबाद के साथ की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक संतोष जयसवाल जी ने की। बैठक में कजियारा रोड समस्या एवं राशन कार्ड समस्याओं के साथ-साथ अनेक अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई । बैठक में नरेश जयसवाल,मुकेश जयसवाल, अशोक जयसवाल, सियाराम जयसवाल,कमलेश जयसवाल, गुड्डू जयसवाल, जगदीश जयसवाल, विनय जयसवाल, आशाराम जयसवाल, बाबूराम जयसवाल, राजेश जयसवाल, संजय जयसवाल,अयोध्या प्रसाद राठौर आदि काफ़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थिति रहे।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कमसण्डा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । (ब्यूरो) जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कमसण्डा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने टीकाकरण कक्ष, पी0एम0सी0 वार्ड, मातृ सुरक्षा केन्द्र, लेबर रूम, औषधि कक्ष आदि को देखा। उन्होंने स्टाफ नर्स से वार्ता करते हुये प्रसव के समय प्रयोग होने वाले उपकरणों के बार में जानकारी ली। उन्होंने पी0एम0सी0 वार्ड में मरीजों से वार्ता करते हुये दिये जाने वाले भोजन, बेडशीट आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स की उपस्थिति की भी जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने बेडशीट कलर कोडिंग न होने एवं अन्य कमियों के

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर जिलाधिकारी सक्रिय, कमियाँ मिलने पर कार्रवाई

### फार्मासिस्ट को दवाओं की गुणवत्ता और साफ-सफाई पर सख्त हिदायत

दृष्टिगत बैम व बी0पी0एम0 का 15-15 दिन का वेतन रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि कलर कोडिंग के अनुसार बेडशीट बिछायी जायें। मातृ सुरक्षा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर का अवलोकन किया। साथ ही रेफर रजिस्टर, एच0आर0पी0 रजिस्टर एवं लेबर रूम रजिस्टर में कमी मिलने पर स्टाफ नर्स आराध्या एवं प्रतिभा को नोटिस जारी करने हेतु निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। रेफर की गयी हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एच0आर0पी0) वाली महिलाओं से फोन पर वार्ता करते हुये उनको दिये गये उपचार एवं समस्याओं को बारे में जानकारी प्राप्त की। औषधि कक्ष में पहुंचकर एक्सपायरी रजिस्टर का अवलोकन करने के साथ ही दवाओं की जानकारी लेते फार्मासिस्ट को निर्देश दिये औषधि कक्ष में बेहतर साफ-सफाई बनाये रखें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने टी0बी0 कक्ष में मरीजों की जानकारी ली।

# प्राथमिक विद्यालय के पास मिला सुतली बम, गांव में दहशत का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय खमरिया कला के पास सुतली बम पड़े मिलने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बम की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, जिससे गांव में दहशत और तनाव का माहौल बन गया।

ग्रामीणों के अनुसार सुबह जब कुछ लोग विद्यालय के पास से गुजर रहे थे, तब उन्हें संदिग्ध वस्तुएं दिखाई दीं। पास जाकर देखने पर पता चला कि वहां सुतली बम पड़े हुए हैं। इसके बाद गांव में यह सूचना आग की तरह फैल गई और लोग बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हो गए। कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजने से भी रोक दिया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षित करते हुए आसपास के लोगों को



वहां से हटाया गया। पुलिस ने बम मिलने वाले स्थान को घेराबंदी कर सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की।

पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध वस्तु को छूने से बचें। पुलिस का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि सुतली बम वहां किसने और किस उद्देश्य से रखे। मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से विद्यालय के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और गांव में लगातार गश्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। खबर लिखे जाने तक पुलिस जांच में जुटी हुई थी और पूरे इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई थी।

# मनरेगा में बनी मजाक, फिरोजपुर पंचायत में फर्जीवाड़े का बोलबाला, एक ही फोटो से लग रही दर्जनों मजदूरों की हाज़िरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा, सीतापुर । विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत फिरोजपुर में मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों में भारी अनियमितताओं और खुलेआम फर्जीवाड़े का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर ब्लॉक तक पूरे तंत्र पर सवाल खड़े हो रहे है। कि एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही है और सरकारी धन की खुलेआम बंदरबांट की जा रही है। एक ही फोटो से 40 मजदूर दिखा दिए! महिलाएँ हाजिरी में दर्ज—पर फोटो में गायब दिनांक 7 दिसंबर को पोर्टल पर 40 मजदूरों की हाजिरी चढ़ाई गई है, जिसमें महिलाओं के नाम भी शामिल हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल— जब फोटो में न महिलाएँ दिख रहीं, न 40 मजदूर—तो यह हाजिरी कैसे चढ़ गई? स्पष्ट है कि फोटो एक




ही है, और उसे बार-बार अपलोड कर फर्जी उपस्थिति दर्ज की गई है। एपीओ और ब्लॉक जिम्मेदार क्या कर रहे हैं? जब फोटो में महिलाएँ मौजूद ही नहीं हैं, तो हाजिरी पास कैसे हो गई? पोर्टल पर फोटो वेरीफिकेशन कौन कर रहा है? एपीओ से लेकर ब्लॉक स्तर के जिम्मेदारों की भूमिका गंभीर रूप से संदिग्ध नजर आ रही है। 8 दिसंबर को फिर दोहराई गई वही हरकत 7 दिसंबर का मामला ही काफी नहीं था, 8 दिसंबर को भी 32 मजदूरों की हाजिरी

### जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध

### सरकारी धन की खुली बंदरबांट! फिरोजपुर पंचायत में फोटो घोटाला बेनकाब

### एक ही फोटो से 40 मजदूर—महिलाएँ गायब, अधिकारी मौन

दर्शाई गई, और एक फोटो को बार-बार अपलोड किया गया। यह साफ दिखाता है कि यह कोई गलती नहीं बल्कि संगठित तरीके से चल रहा फर्जीवाड़ा है। सरकारी धन की खुली लूट इस तरह की हेरा-फ़ेरी से साफ है कि सरकारी धन को योजनाबद्ध तरीके से हड़पा जा रहा है, मजदूरों के नाम पर कागज़ों में काम चल रहा है, और जमीनी हकीकत पूरी तरह शून्य है। अब देखना यह है कि क्या कोई कार्यवाही की जा जाएगी यह ऐसे चलता रहेगा।

# मोहारी में भ्रष्टाचार का अगला एपिसोड ,सचिव प्रधान की जोड़ी ने बिना काम कराए उड़ाई जनता की गाढ़ी कमाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### सरैया कला व मुर्थना के घोटालों की स्याही सूखी भी नहीं थी कि सचिव उमाकांत और प्रधान की मनमानी का नया कांड सामने

सीतापुर। बिकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत मोहारी में विकास के नाम पर फिर बड़ा खेल हुआ है। पंचायत सचिव उमाकांत और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से बिना कार्य कराए लाखों रुपये हड़पने का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। पिछले दिनों सरैया कला और मुर्थना में सामने आए भ्रष्टाचार के बाद अब मोहारी पंचायत भी घोटाले के दलदल में फंसती दिख रही है। स्कूल मरम्मत, रंगाई पुताई के नाम पर 'लूटा' खजाना मजदूरी प्रधान ने बेटे के खाते में भेजी कायाकल्प, स्कूल मरम्मत और रंगाई पुताई के नाम पर ?1,44,536 ग्राम पंचायत निधि से निकाल तो लिए गए, पर ग्रामीणों के अनुसार काम नाम मात्र का भी नहीं हुआ। सबसे चौंकाने वाली बात प्रधान ने मजदूरी की राशि सीधे अपने पुत्र शिवपाल सिंह के खाते में भेज दी। नालीखड़ंजा से लेकर हैंडपंप मरम्मत तक सिर्फ कागज़ों में हुआ काम, जमीन पर जीरो ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में न तो खुली बैठकों की जानकारी दी जाती है और न ही कोई कार्ययोजना जनता तक पहुँचती है। इसके बावजूद कागज़ों पर खर्च दिखाकर PV 19,750, WP 13,650, NP 15,950 के नाम पर मोटी रकम निकाल ली गई। ग्रामवासियों के अनुसार नाली-खड़ंजा का एक इंच काम नहीं हुआ हैंडपंप मरम्मत सिर्फ कागज़ों में पंचायत भवन रंगाईऽपुताई की सिर्फ ऊपरी लीपापोती, बिल पूरा लाखों की योजना, लेकिन परिणाम जीरो ग्रामीणों का फूटा गुस्सा बैठक नहीं, जानकारी नहीं३ और पैसा गायब! ग्रामीण अमित, रामू, सुशीला, मनोहर, संतोष समेत कई लोगों ने बताया हमारे यहां न कभी खुली बैठक होती है, न कोई सूचना दी जाती है। नामांकित स्थल तक तय नहीं, लेकिन बिल लाखों के लगा दिए जाते हैं। यह सीधा-सीधा जनता के हक पर डकैती है।

निष्पक्ष जांच की मांग, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और पारदर्शी जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि सचिवऽप्रधान की मिलीभगत से पंचायत निधियों को निजी खजाने की तरह लूटा जा रहा है और प्रशासन अब तक चुप है। विकास कार्यों पर 'भ्रष्टाचार की मोटी परत', ग्रामीणों का धैर्य जवाब देने को तैयार मोहारी में उजागर घोटाला इस बात का प्रमाण है कि पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार का नेटवर्क कितना गहरा बैठ चुका है। जब तक कठोर कार्यवाही नहीं होती, जनता के हक का पैसा यूं ही बंद कमरों में फाइलों और हस्ताक्षरों के नीचे गायब होता रहेगा।

# अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर, भूमाफियों में दहशत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

### नगर तथा थाना अंतर्गत क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

खैराबाद। जिलाधिकारी सीतापुर की सख्ती के बाद तहसील प्रशासन हरकत में आ गया है इसी को देखते हुए आज खैराबाद के थाना अंतर्गत विष्णु नगर में स्थित तारा सिटी पर 40 बीघा जमीन पर हो रही अवैध प्लाटिंग पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया तथा 56 करोड़ की जमीन पर मानकों का उल्लंघन लगाते हुए नक्शा पास न होने पर तारा सिटी पर बुलडोजर चला कर निर्माण तोडा गया इसी क्रम मे खैराबाद के नगर ललियापुर में जमीरूद्दीन पुत्र फखरुद्दीन द्वारा 6000 वर्ग फीट नजूल की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को राजस्व नगर पालिका परिषद के द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया अभियान मे तहसीलदार महेश तिवारी नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी ईओ प्रेम शंकर सफाई निरीक्षक मनोज कुमार राणा सहित पुलिस बल मौजूद था।

## लेखपाल ने शिकायतकर्ता की मिलीभगत से किसान की गेहूं की फसल को जोतवाया

सीतापुर(ब्यूरो)। खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बन्नीशाहपुर में एक किसान की खड़ी गेहूं की फसल को क्षेत्रीय लेखपाल और शिकायतकर्ता की कथित मिलीभगत से ट्रैक्टर चलवाकर जोत दिए जाने का गंभीर मामला उजागर हुआ है। पीड़ित किसान साजिद खां व शिवराम ने जिलाधिकारी सीतापुर को प्रार्थनापत्र देकर दोनों पर मनमानी, दबंगई और सरकारी अधिकारों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार उसकी कृषि भूमि गाटा संख्या 754-क जो संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है, जिस पर 7 दिसम्बर को शाम करीब 2:50 बजे, बिना किसी पैमाइश और बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के, लेखपाल आलोक मिश्रा ने शिकायतकर्ता अजय पाल जायसवाल के कहने पर खड़ी गेहूं की फसल ट्रैक्टर से नष्ट करा दी। किसान व ग्रामीणों के विरोध के बावजूद लेखपाल ने न सुनवाई की और न नाप-जोख कराई। पीड़ित का आरोप है कि लेखपाल ने उसे धमकी देते हुए कहा—ज्यादा बोलोगे तो एफआईआर लिखाकर जेल भिजवा दूँगा। किसान का साफ कहना है कि उसके कब्जे की जमीन पर न कोई अवैध निर्माण था, न कोई विवाद, फिर भी उसकी मेहनत पर कुठाराघात किया गया। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से दोनों विपक्षियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई, नुकसान की भरपाई और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## चहमलपुर के पास रेहुआ स्कूल के शिक्षकों की कार दुर्घटनाग्रस्त, सभी घायल

लखीमपुर खीरी । रेहुआ स्कूल से जुड़े शिक्षकों की कार चहमलपुर के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे कार में सवार सभी शिक्षक घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा गया। घटना में शिक्षक मोहित गर्ग (निवासी शेरपुर) के नाक पर गंभीर चोट आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ओयल रेफर किया गया। वहीं शिक्षिका शिखा श्रीवास्तव (निवासी सरसवा) को चोट लगने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (एक्चए) नकहा भेजा गया। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों की सलाह पर सभी घायलों को बेहतर उपचार हेतु गुप्ता हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सभी शिक्षकों की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है और उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चहमलपुर क्षेत्र में सड़क संकरी होने और यातायात दबाव अधिक होने के कारण यहां अक्सर हादसे होते रहते हैं। प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग भी उठ रही है। खबर लिखे जाने तक सभी शिक्षक सुरक्षित बताए जा रहे थे और उनका इलाज जारी था।

## फरधान क्षेत्र में कोहरे के कारण स्कूल वाहन दुर्घटनाग्रस्त

फरधान खीरी । फरधान थाना क्षेत्र के आधारपुर गांव के पास घने कोहरे के चलते एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें चार वाहन आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में एक वाहन श्री हरपाल सिंह स्कूल के बच्चों को लेकर जा रहा था, जिससे बच्चों के घायल होने की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय कोहरा इतना घना था कि कुछ ही दूरी पर सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं दे रहे थे। इसी दौरान एक वाहन ने दूसरे वाहन को टक्कर मार दी, जिससे पीछे से आ रहे अन्य वाहन भी आपस में भिड़ गए और देखते ही देखते चार वाहनों की आपस में भीषण टक्कर हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और बच्चों की चीख-पुकार सुनकर राहगीर तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने घायल बच्चों और अन्य घायलों को तुरंत वाहनों से बाहर निकाला और एंबुलेंस व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना फरधान पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल भेजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद कुछ बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किए जाने की सूचना है, जबकि अन्य का इलाज स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहा है। फिलहाल सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है, हालांकि संख्या को लेकर अस्पताल पहुंचने पर ही स्पष्ट स्थिति सामने आ सकेगी। पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया। फरधान पुलिस ने बताया कि हादसे की वजह घना कोहरा और दृश्यता की कमी मानी जा रही है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। वहीं प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के समय धीमी गति से वाहन चलाएं और सावधानी बरतें।

# ज़िला खनिज फाउण्डेशन न्यास की बैठक में 44 विकास प्रस्तावों को हरी झंडी

जालौन । जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन तथा कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी मौजूद रहे। बैठक में उत्तर प्रदेश खनिज फाउण्डेशन न्यास नियमावली 2017 (यथा संशोधित 2025) के अंतर्गत जनपद में खनिज परिहार/अनुज्ञाधारकों द्वारा जमा की गई धनराशि के समुचित उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। नियमावली के अनुसार उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में 70 प्रतिशत, अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में 30 प्रतिशत तथा न्यास के प्रशासनिक व्यय पर 05 प्रतिशत धनराशि व्यय किए जाने का प्रावधान है। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यास निधि का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधारना और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। इसी क्रम में पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कौशल विकास जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विकास कार्यों को और प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में जनप्रतिनिधियों व विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा कुल ?11,26,94,000 के 44 विकास प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई। इन प्रस्तावों के माध्यम से खनन प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था मजबूत करने, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता व्यवस्था सुधार, तथा युवाओं के कौशल उन्नयन से संबंधित कार्य संचालित किए जाएंगे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वीकृत परियोजनाओं पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के प्रभाव से खनन क्षेत्र में रहने वाले लोगों के दैनिक जीवन में वास्तविक सुधार दिखाई देना चाहिए। विधायकों ने भी न्यास निधि से संचालित कार्यों को जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं से ग्रामीण और खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास की गति और तेज होगी।

# नहर किनारे मिली महिला की लाश, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भीरा खीरी । थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम सुंदरनगर तांगिया के पास नहर के किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की उम्र करीब 45 वर्ष बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने जब नहर किनारे महिला को अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर महिला की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन खबर लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है, जिससे मौत के कारणों की पुष्टि हो सके। फिलहाल मृतका के शरीर पर किसी प्रकार की गंभीर चोट के स्पष्ट निशान सामने नहीं



आए हैं, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सुबह के समय नहर किनारे कुछ लोग टहलने गए थे, तभी उन्हें महिला का शव दिखाई पड़ा। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और इलाके में चर्चा का माहौल बन गया। लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं कि महिला कहां की रहने वाली थी और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई।

थानाध्यक्ष भीरा ने बताया कि महिला की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के गांवों में सूचना भेजी गई है और सोशल मीडिया के माध्यम से भी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को महिला के बारे में कोई भी जानकारी हो तो वह तुरंत थाना भीरा के मोबाइल नंबर 9454403775 पर संपर्क करे।

पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए आस-पास के रास्तों, नहर क्षेत्र और सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि महिला यहां कैसे पहुंची और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही सही तथ्य सामने आ सकेंगे। खबर लिखे जाने तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई थी और पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने रामाशीष को दी श्रद्धांजलि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। डॉ अंबेडकर पार्क बदायूँ में अटेवा पेंशन बचाओ मंच बदायूं ने शहीद डॉ रामाशीष को उनकी पूण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अटेवा के जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह यादव ने कहा रामाशीष जो कि एक शिक्षक थे और पुरानी पेंशन की मांग को लेकर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ गए थे। वहां पुलिस लाठीचार्ज में 7 दिसंबर 2016 को उनकी मौत हुई। शहीद रामाशीष की शहादत को बेकार नहीं जाने दिया जाएगा। पुरानी पेंशन की बहाली और एनपीएस की समाप्ति के लिए आखरी दम तक संघर्ष किया जाएगा। एनपीएस को पूंजीपतियों के हित की योजना बताया गया जिससे कर्मचारियों को कोई भी लाभ नहीं है।सरकार जनता एनपीएस में जनता के खजाने से चौदह प्रतिशत पैसे का अंश हर माह दे रही है। हजारों करोड़ रूपया हर साल एनपीएस के नाम पर शेयर बाजार के माध्यम से बड़े पूंजीपतियों को सीधे रूप से दिया जा रहा है। इस पैसे से नौजवानों को रोजगार दिया जा सकता है, आम जनता को अच्छा स्वास्थय और शिक्षा की वयवस्था की जा सकती है। अटेवा के जिला सरक्षक अनिल कुमार यादव ने कहा कि एनपीएस/यूपीएस के खिलाफ जन आंदोलन बन चुका है। एनपीएस/यूपीएस की सच्चाई देश की जनता के सामने आ चुकी है। सरकार को एनपीएस को संचालित करने वाले काले कानून पीएफआरडीए को रद्द करना होगा। क्योंकि एनपीएस कर्मचारियों के साथ साथ देश हित में नहीं है। यह जन विरोधी है। कार्यक्रम में अटेवा बदायूं के जिला प्रभारी अनिल कुमार यादव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सूरज पाल, महामंत्री लल्लू सिंह प्रजापति, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र पाल सिंह, उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिलाध्यक्ष मुन्नालाल शाक्य, सयुंक्त मंत्री गुडडू सिंह यादव, प्रमोद प्रजापति, धर्मेन्द्र शर्मा, सुनील यादव, प्रमोद कुमार मिश्रा, मुकेश कुमार दिवाकर, तस्सवर हुसैन, धर्मेन्द्र कुमार सैलानी, धर्मेन्द्र सिंह, कौशल, सत्यपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हिन्दू किशोरी के निकाह पर हिन्दू संगठनों का हंगामा, रिपोर्ट दर्ज, किशोरी की मां व दूल्हा गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार क्षेत्र के मैरिज लॉन में नाबालिग हिंदू लड़की के निकाह में हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा काटा और निकाह को रुकवा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने लाई। पुलिस ने लड़की की मां और दूल्हू के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। वहीं, हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

दरअसल, रविवार को थाना सदर बाजार क्षेत्र के मैरिज लॉन में नाबालिग हिन्दू लड़की का विशेष समुदाय के युवक के साथ शादी का कार्यक्रम चल रहा था। सूचना पर हिंदूवादी संगठन के नेता राजेश अवस्थी संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मैरिज लॉन पहुंच गए और जमकर हंगामा काटते हुए निकाह को रूकवा दिया। आरोप था कि नाबालिग हिन्दू लड़की शहर के एक इंटर कालेज में 9वीं की छात्रा है और उसका धर्म परिवर्तन कर जबरन निकाह कराया जा रहा है। राजेश अवस्थी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही निकाह में शामिल लोग खिसक लिए। पुलिस ने नाबालिग लड़की की मां और दूल्हे को हिरासत में लिया। बताया जा रहा कि किशोरी की मां के पति की मौत हो चुकी है और किशोरी के मां के लड़के के चाचा से नजदीकी संबंध है। जिसके चलते लड़के ने किशोरी को फंसा लिया। दोनों पक्ष रजामंदी से शादी कर रहे थे। वहीं, सीओ पंकज पंत ने बताया कि लड़की की मां और दूल्हे के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# महाविद्यालय में तीन दिवसीय रेंजर्स कैम्प का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। दिनांक 08/12/2025 को गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफ़ेसर सरला देवी चक्रवर्ती के संरक्षण एवं निर्देशन में, रेन्जर्स प्रभारी डॉ शालू गुप्ता सह प्रभारी डॉ शिल्पी शर्मा के नेतृत्व में तीन दिवसीय रेंजर्स कैम्प का भव्य शुभारंभ किया गया। कैम्प का शुभारंभ प्राचार्या सरला की अध्यक्षता एवं डॉ शुभ्रा माहेश्वरी असिस्टेंट प्रोफ़ेसर संघटक राजकीय महाविद्यालय सहसवान व प्रशिक्षक मोहम्मद असरार अहमद के संयुक्त कर कमलों द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । कुशल कवियत्री व समाज सेविका डॉ. शुभ्रा माहेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं उन्होंने रेंजर्स को अनुशासन, नेतृत्व एवं आत्मनिर्भरता के साथ समाज सेवा में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय में आयोजित रेंजर्स शिविर को प्राचार्य डॉ. सरला चक्रवर्ती ने संबोधित करते हुए छात्राओं को अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कई मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रेंजर्स प्रशिक्षक मोहम्मद असरार ने भी छात्राओं को रेंजर्स के महत्व और जिम्मेदारियों के प्रति मार्गदर्शन प्रदान करते हुए प्रशिक्षण प्रारम्भ किया। अंत में प्राचार्या महोदया ने छात्राओं को इस कैम्प से अधिकतम सीख प्राप्त कर समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आप सभी रेंजर्स, इस संस्था के और देश के भविष्य हैं। रेंजर्स कैंप आपको किताबों और कक्षाओं की दुनिया से बाहर निकालकर, प्रकृति के साथ जुड़ने और अपने भीतर के साहसी व्यक्ति को जगाने, चुनौतियों को स्वीकार करनेःका मौका देगा। कार्यक्रम का सफल संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ शिल्पी तोमर द्वारा किया गया। अंत में रेन्जर्स प्रभारी शालू गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि, प्रशिक्षकगण, मीडिया प्रतिनिधियों एवं महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मिडिया प्रभारी डॉ0 सोनी मौर्य सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# सीओ सदर ने किया थाने का वार्षिक निरीक्षण, दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। क्षेत्राधिकारी सदर ने थाना सेहरामऊ दक्षिणी का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, सीसीटीएनएस अभिलेख, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, साइबर हेल्प डेस्क रजिस्टर, वाहन दाखिल रजिस्टर, शस्त्रागार से संबंधित अभिलेख आदि का अवलोकन किया। साथ ही सीसीटीएनएस कक्ष, कंप्यूटर, नेटवर्क, डाटा एंट्री की स्थिति, अभियोग पंजीकरण प्रक्रिया, थाना परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, मैस एवं बैरक, भोजन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, आराम कक्षों की दशा का भी अवलोकन किया। इसके अलावा महिला हेल्प डेस्क,महिला सुरक्षा केन्द्र, पीड़ित महिलाओं के लिए सुविधाएं, गोपनीयता, आवश्यक संसाधन एवं डेस्क के संचालन, साइबर हेल्प डेस्क, ऑनलाइन शिकायत निस्तारण, परामर्श व्यवस्था तथा साइबर अपराध से संबंधित नए दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की समीक्षा की। उन्होंने थाना स्टाफ को क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों का निरंतर निरीक्षण करने तथा जनता से संवाद बढ़ाकर विश्वास कायम रखने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बहजोई महाविद्यालय बहजोई में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल। समारोह के द्वितीय दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम अध्यक्ष चैतन्य स्वरूप 'डी.आर.' विशिष्ट अथिति राजेश शंकर 'राजू' और महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष लव कुमार 'सर्राफ', उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, सचिव अजय कुमार 'आयरन', महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीरेंद्र कुमार गुप्ता और कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके की। इसके उपरांत मानसी चौधरी और मेघा मनीषा ने सरस्वती वंदना पर प्रस्तुति दी तथा आंचल, फूलजहां और काजल ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया इसमें भूगोल की सहायक आचार्य गीता रानी ने गीत गाकर छात्राओं का सहयोग किया। अगली प्रस्तुति में कीर्ति, कनिष्का, गौरी, ऋषिका, दुर्गा, छवि ने एक राजस्थानी गाने पर मनमोहक प्रस्तुति दी। महिला सशक्तिकरण के लिए रश्मि, अंशु, निधि और श्रेया ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति देते हुए समाज को संदेश दिया कि बेटी, बेटों से कम नहीं होती है। अगली प्रस्तुति में ''राम आयेंगे'' गाने पर इंदु शर्मा, उपासना शर्मा, हिमानी और परी ने शानदार प्रस्तुति दी। अगली प्रस्तुति में राजस्थानी लोक नृत्य पर छात्रा नितेश ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी। यति और यशि ने एक मेलोडी गाने पर नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। महाविद्यालय की संस्थापक प्रबन्ध समिति के उपसचिव अरविंद कुमार एडवोकेट ने स्थापना समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि 25 वर्ष पहले बहजोई में लड़कियों की उच्च शिक्षा के लिए कोई संस्थान नहीं था। इस कमी को दूर करने के लिए दी बहजोई एजुकेशन डेवलेपमेंट ट्रस्ट ने काफी संघर्ष के बाद महाविद्यालय की नींव रखी। उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर पर गर्व व्यक्त किया कि आज यह संस्था सफलता के साथ 25 साल पूरे कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव अजय कुमार 'आयरन' ने सर्वप्रथम समस्त गणमान्य अतिथियों और विद्यार्थियों का हृदय से हार्दिक स्वागत किया। इसके उपरांत, उन्होंने महाविद्यालय की प्रगति आख्या को प्रस्तुत किया। संस्था की 25 वर्षों की संघर्षपूर्ण और गौरवशाली यात्रा का विवरण देते हुए, वह अत्यंत भावुक हो गए, जो उनके गहन समर्पण और आत्मीय लगाव को दर्शाता था। यह विवरण स्वागत की विनम्रता और प्रगति आख्या के दौरान आई भावुकता को मुख्य बिन्दुओं में समेटता है। इसी क्रम में बहजोई के चेयरमैन राजेश शंकर 'राजू' ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थापक सदस्यों, पूर्व प्रबंध समिति और वर्तमान समिति के साथ-साथ महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी के साथ प्रबंध समिति के अध्यक्ष लव कुमार 'सर्राफ', सचिव अजय कुमार 'आयरन' और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता को उनके उत्कृष्ट कार्य और लगनशीलता को देखते हुए संस्थापक सदस्यों ने शॉल व प्रतीक चिह्न भेंट करके सम्मानित किया गया।

# बीएड विभाग में गुणवत्ता युक्त शिक्षा विषय पर सेमिनार रूपी प्रतियोगिता आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## प्रथम वर्ष की छात्रा राधिका शर्मा ने पाया प्रथम पुरस्कार

बदायूँ। नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बदायूं में शिक्षक शिक्षा संकाय (बी ऐड) के तत्वाधान में शिक्षण को कैसे प्रभावी बनाया जाए ?, विद्यार्थियों के नामांकन में कैसे वृद्धि की जाए ?(समस्या एवं निवारण) शिक्षा एवं नैतिकता व इसकी आवश्यकता इन तीन विषयकों पर एक दिवसीय वृहद विचार - संगोष्ठी का सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्यडॉ.आशीष कुमार सक्सेना, डॉ. संजीव कुमार सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ. रवि भूषण पाठक , अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. कमल सिंह , डॉ. विक्रांत उपाध्याय एवं डॉ. सुषमा रानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल नेतृत्व शिक्षक शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ.शिवराज कुमार ने किया। आपने व्यक्तिगत रूप से विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देने की घोषणा की जिसमें प्रथम स्थान हेतु रु 1000 , द्वितीय स्थान हेतु रु 500 व तृतीय स्थान हेतु रु 250 धनराशि की घोषणा की गई इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान बी ऐड प्रथम वर्ष की छात्रा राधिका शर्मा, द्वितीय वर्ष की छात्रा राशि को प्राप्त हुआ । द्वितीय स्थान पर बी ऐड द्वितीय वर्ष के पारस यादव व सृष्टि वैश्य रहीं। तृतीय स्थान बी ऐड प्रथम की आरती व आकाश सिंह को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ

## चलती कार में लगी आग दो पुलिस कर्मी घायल

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । के बिल्सी थाना क्षेत्र में कछला-शाहबाद हाईवे पर गांव बैरमई बुजुर्ग के समीप शनिवार रात एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें हेड कांस्टेबल विमल कुमार सिंह और चालक रवि जोशी गंभीर रूप से घायल हो गए। चलती हुई कार में अचानक कार के इंजन के पास आग भड़क उठी, लोगों ने बुझाया। पुलिस ने घायलों को तत्काल बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों संभल जिले से ड्यूटी कर लौट रहे थे।

## कांग्रेस मनाएगी सोनियाँ गाँधी का जन्मदिन : सिंह

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ने पत्रकारों को सूचित करते हुए कहा की सभी पत्रकार बन्धुओं एवं सम्मानित कांग्रेस जनों को सादर सूचित किया जाता है कि कल दिनांक 9 दिसंबर 2025 दिन मंगलवार को अपराह्न एक बजे राज्यसभा सांसद, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और यूपीए की चेयरपर्सन आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी का जन्मदिन स्थान - परशुराम चौक स्थित बीएलए 1 / शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय बदायूँ में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा एवं गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसके उपरांत प्रांतीय निर्देशानुसार जिला अस्पताल बदायूं में मरीजों को फल वितरण किया जाएगा । सभी सम्मानित कांग्रेस जनों से विनम्र आग्रह हैं कि वे सभी निर्धारित समय पर पहुंचकर अपनी आदरणीय नेता श्रीमती सोनिया गांधी जी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यालय पहुंचे??इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बदायूँ के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्त्ता मौजूद रहे

## सनातन हिन्दू एकता पद यात्रा को लेकर जनसम्पर्क बैठक सम्पन्न

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । आगामी 18 जनवरी 2026 को बदायूँ से कछला तक प्रस्तावित ल्ससनातन हिन्दू एकता पद यात्राङ्क के संबंध में आज मोहल्ला कृष्णापुरी स्थित दिनेश चन्द्र मिश्रा जी के आवास पर एक महत्वपूर्ण जनसम्पर्क बैठक आयोजित की गई। बैठक में पद यात्रा की तैयारियों, जनभागीदारी तथा मार्ग व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने पद यात्रा को सफल बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव एवं सहयोग का आश्वासन दिया बैठक में दिनेश चन्द्र मिश्रा, विश्वनाथ शर्मा, कन्हैया लाल गुप्ता, कामेश पाठक, सुमित कुमार मिश्रा (शम्भु), गिरीश चन्द्र पाराशर, मुन्नालाल शर्मा, अनिल शर्मा, वेद प्रकाश, रामौतार मिश्र, हरिओम शर्मा,शैलेन्द्र शर्मा, आर. वी. गुप्ता इत्यादि सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

## अमेठी में चौदह दिसम्बर से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि महानिदेशक, परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद अमेठी में पल्स पोलियो अभियान चौदह दिसंबर से प्रारंभ किया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सीएमओ ने बताया कि बारह दिसंबर को जनपद में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्यकर्मी, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयंसेवी एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। इसके माध्यम से आमजन को पोलियो उन्मूलन के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत 14 दिसंबर को बुलावा टीम मोहल्लों और गांवों में भ्रमण कर 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बूथ पर लाकर पोलियो की दो बूंद पिलाने के लिए प्रेरित करेगी। जिले में स्थापित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे। सीएमओ ने बताया कि बूथ डे के बाद 15 से 19 दिसंबर तक पोलियो टीमें हाउस-टू-हाउस जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की समस्त टीमें सक्रिय रहेंगी ताकि कोई भी बच्चा खुराक से वंचित न रह जाए। डॉ. अंशुमान सिंह ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को निर्धारित तिथियों में पोलियो बूथ पर लाकर जीवनरक्षक पोलियो खुराक अवश्य पिलाएं और देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

## हिंदू संगठन की मांगः किशोरी का धर्मांतरण कराने वालों पर लगे रासुका, गैंगस्टर एक्ट

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी एडवोकेट और प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को प्रार्थना पत्र देकर हिन्दू किशोरी का धर्मांतरण कराने वालों और मैरिज लॉन के संचालक, निकाह कराने वाले मौलवी आदि पर रासुका और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की है। राजेश अवस्थी ने कहा कि थाना सदर बाजार क्षेत्र के शहबाजनगर रोड पर जनता मैरिज लान में जिन लोगों द्वारा हिंदू किशोरी का जबरन धर्मांतरण, विशेष समुदाय के युवक से निकाह कराने के मामले में निकाह में शामिल बारातियों, मैरिज लॉन संचालक, युवक के परिजनों, निकाह कराने वाले मौलवी आदि के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और रासुका की कार्रवाई की जाए। इसके अलावा निकाह कराने के लिए दिए गए मैरिज लान को सीज किया जाए। साथ ही किशोरी की मां की भूमिका की भी जांच कराकर दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई कराई जाए। इस मौके पर अभिनव कुमार, शेरू सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## गन्ना किराए का बोझ बंद करे गन्ना मिले : किसान संघ

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में किसानों के शोषण के खिलाफ भारतीय किसान संघ ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। किसानों ने गन्ना तौल केंद्रों पर घटतौली, गन्ना किराये का बोझ कम करने सहित अनियमितताओं को बंद करने की मांग की। धरने पर बैठे किसानों से मिलने के लिए एसडीएम पहुंचे और उनका मांग पत्र लेकर सभी समस्याओं को पांच दिन में दूर करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद किसानों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। धरने पर बैठे किसानों का आरोप था चीनी मिलों द्वारा गन्ना ढुलाई में लगने वाला किराया मनमाने ढंग से वसूला जा रहा है जो पूरी तरह गलत है। किसानों ने मांग की किराए को किसानों पर न थोपा जाए। चीनी मिल खुद ही किराया वहन करें। किसानों ने क्रयकेन्द्रों पर लगे प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने की भी मांग रखी। उनका कहना था कि छोटी प्लेट के कारण गन्ना उतारते समय अक्सर हादसे हो जाते हैं, जिससे किसानों की जान और माल का खतरा बना रहता है। धरने में किसानों ने चीनी मिलों को लंबित भुगतान करने के लिए दोषी ठहराया गया। आरोप था कि चीनी मिल जानबूझकर किसानों का भुगतान लंबे समय तक बकाया रखती है जिसके कारण किसान तंगी में आकर गलत कदम उठा रहे हैं। कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। चीनी मिलों को तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए जाएं। नियमों का पालन न करने वाले मिलों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो।

## परिवार परामर्श केंद्र ने एक दम्पति का कराया समझौता, किया विदा

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया और 15 पत्रावली पर सुनवाई की गई। जिसमें एक दम्पति का समझौता हुआ और उन्हें सहमति से विदा किया गया। पुलिस के अनुसार, थाना सदर बाजार क्षेत्र के एक दम्पति की शादी करीब 16 वर्ष पूर्व हुई थी। पति-पत्नी के मध्य पारिवारिक बातों को लेकर विवाद था। आवेदिका ने बताया कि उसके दो बेटी और एक बेटा है। वो करीब चार माह से अपने मायके में रह रही है। पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। कहा कि अगर पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट न करें और उसे व उसके बच्चों के लिए खाना-खर्चा देता रहे, तो वो पति के साथ रहने को तैयार है। इसी विवाद को लेकर दम्पति को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई। परिवार परामर्श केन्द्र की टीम ने दोनों को समझाया। जिसके बाद दोनों पक्ष साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया। जिसके बाद दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया।

# जनपद स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




शाहजहांपुर। युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपई ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के अंतर्गत कल्चरल एवं इनोवेशन ट्रैक पर आधारित था। जिसमें लोकगीत सामूहिक, लोक नृत्य सामूहिक, भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान मेला प्रदर्शनी, चित्रकला प्रतियोगिता, कविता लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने कहा युवा उत्सव शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिग्रियां प्राप्त करना ही नहीं है, बल्कि युवाओं को संस्कारवान, विचारवान एवं बहुमुखी प्रतिभा का धनी बनाना भी है। कहा कि देश के युवाओं के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के लिए अनुकूल अवसर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाएं। कार्यक्रम प्रभारी सतेंद्र कुमार ने कहा कि युवा उत्सव का उद्देश्य देशभर के युवाओं को एक मंच पर लाकर उनकी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करना है। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार, एसएस महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ रूपक श्रीवास्तव, नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम सिंह, अनुराग, स्मिता रस्तोगी, नेहा, भावना वर्मा डॉ. मलिक अस्मत, डॉ रईस, डॉ स्वप्निल यादव, डॉ अरशद खान, डॉ अर्चना गर्ग, डॉ प्रतिभा सक्सेना, अंशु सक्सेना, डॉ प्रतिभा सक्सेना, श्रष्टि समेत समस्त पीआरडी विभाग का विशेष सहयोग रहा।

# जिले में धड़ल्ले से चल रहे अवैध नर्सिंग होम व पैथोलॉजी सेंटर

**नगर व ग्रामीण क्षेत्र में सीएचसी के नाक के नीचे दर्जनों से अधिक अवैध पैथोलोजी नर्सिंग होम्स व अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ व डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा संभाल रहे बृजेश पाठक सर कारी अस्पतालों में मुफ्त में जांच,मुफ्त दवा का वितरण करा रहे है जिससे गरीबो को इलाज में पैसा खर्च न करना पड़े। जिला मुख्यालय से लेकर सीएचसी पीएचसी,यहां तक कि एएनएम सेंटरों तक दवाओं का निःशुल्क वितरण हो रहा है। लेकिन लगता है गोंडा जिले का स्वास्थ्य विभाग योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की सोच के विपरीत सोच रखता है। तभी तो जिला मुख्यालय पर बैठे अधिकारी नगर व ग्रामीण क्षेत्र में सीएचसी के नाक के नीचे दर्जनों से अधिक अवैध पैथोलोजी नर्सिंग होम्स व अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे है। लेकिन इनके खिलाफ कार्यवाही कोई नही कर रहा है।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि सीएचसी के जि म्मेदार चिकित्सक से सेटिंग होने के कारण अवैध होते हुए भी वैध है और धड़ल्ले से अप ना रोजगार करके अनपढ़ गंवार मरीजो से जोंक की तरह उनका खून चूस रहे है।बता दे कि ऐसी पैथॉलॉजियो पर न तो मानक के अनुरूप क्वालिफाइड लैब असिस्टेंट है,न ही अल्ट्रासाउंड करने वाला चिकित्सक और न ही न र्सिंग होम्स में प्रशिक्षित सर्जन बावजूद अगर इन लोगो पर कार्यवाही नही होती है तो निश्चित है कि स्वास्थ्य विभाग के साहब लोगो को ये लोग दक्षिणा जरूर अर्पित करते होंगे।

सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगो का कहना है कि जिले का स्वास्थ्य विभाग इन लोगो पर कोई भी कार्यवाही नही करेगा,न ही जिला प्रशासन क्योंकि जि ले के अधिकारियों से जनता का विश्वास उठ चुका है।अब अगर किसी पर विश्वास है जो ऐसे अवैध केंद्रों पर कार्य वाही करा सकते है तो वे है प्रदेश के मुखिया योगी आदि त्य नाथ व फिर उपमुख्य मंत्री बृजेश पाठक अब देखना है कि गोंडा जिले में अवैध पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंट र व अवैध नर्सिंग होम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ या उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कब इन अवैध कारोबारियों पर कार्यवाही करने का आदेश दे रहे है..? इसके पहले जितनी भी खबरें छपी है लेकिन इन पर अभी तक कार्य वाही नही हों रही है।वही इससे जिले के एडि शनल सीएमओ पर सवाल खड़े हो रहे हैं।लोगो के द्वारा बताया जा रहा है कि अवैध पैथॉलॉजियो और नर्सिंग होम्स पर आखिर क्यों नही कार्य वाही कर रहे है...एडिशनल सीएमओ आखिर इनके खिलाफ कार्यवाही से पीछे क्यो हट रहे है या फिर स्वास्थ्य विभाग.. ?

## मनरेगा ने किया ग्रामीणों का सपना पूरा

बहराइच । अन्नपूर्णा भवन का उद्देश्य- जनपद बहराइच में मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण को आम जनमानस के लिए सुगम बनाने हेतु उचित दर दुकान/अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया गया है। जनपद बहराइच में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 75 अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्य प्रारम्भ कराते हुए 67 अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 75 अन्नपूर्णा भवन के निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन कराते हुए 57 अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। स्थापना और विकास- अन्नपूर्णा भवन की स्थापना प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा कन्वर्जेन्स के अन्तर्गत कराया जा रहा है। अन्नपूर्णा भवन की स्थापना से आम जनमानस को ग्राम पंचायत में ही सुगमता के साथ खाद्यान्न वितरण का लाभ हो सकेगा। निर्माण कार्य में चुनौतियां- अन्नपूर्णा भवन के निर्माण में सबसे बड़ी चुनौती आमजनमानस के लिए सुलभ भूमि का चिन्हांकन किया जाना है। कतिपय स्थलों पर भूमि विवाद के कारण निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न होती है।

## गोंडा के 8 अनसुलझे हत्याकांड

# सालों बाद भी कातिल बेनकाब नहीं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❑पुलिस की जांच पर उठ रहे बड़े सवाल, पीड़ित परिवार वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा में**

गोण्डा (अशोक कुमार पाठक)। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पिछले तीन वर्षों के दौरान हुई आठ सनसनीखेज हत्याओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन मामलों में न केवल आरोपी पकड़े नहीं जा सके, बल्कि कुछ में मृतकों की पहचान तक नहीं हो सकी। इन घटनाओं ने पूरे जिले में भय और अविश्वास का माहौल तैयार कर दिया है, जबकि पीड़ित परिवार आज भी न्याय की उम्मीद लगाकर बैठे हैं। कहावत है कि कानून के हाथ लंबे होते हैं, पर गोंडा के कई मामलों ने इस कहावत को चुनौती दे दी है। कटरा बाजार क्षेत्र में मिली अज्ञात युवती से लेकर आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या तक—इनमें से किसी का भी अब तक पुलिस खुलासा नहीं कर सकी। हर वारदात पर पुलिस का वही पुराना बयान मिलता है—जांच जारी है।

### गोंडा पुलिस के लिए ये मामले बन रहे नजीर, नतीजा शून्य

**केस 1 – नवाबगंज (7 सितंबर 2022)**
जैतपुर गांव के मजरे चौहान पुरवा में एक झोलाछाप डॉक्टर की सोते समय गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्यारे शव ले जाने की कोशिश में थे, लेकिन शोर होने पर भाग निकले।
**तीन साल गुजर गए—अब तक जांच अधर में।**

**केस 2 – मोतीगंज (13 सितंबर 2023)**
शर्मावती की खेत में हत्या और उसी दिन पति बलराम का गायब होना—दोनों रहस्य बने हुए हैं।
एसओजी की कई टीमें लगाने के बावजूद 25 महीने बाद भी न हत्या का खुलासा, न लापता बलराम का पता।

**केस 3 – इटियाथोक (25 जुलाई 2024)**
आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रमिला तिवारी का शव गन्ने के खेत में मिला। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। सैकड़ों लोगों से पूछताछ के बाद भी एक साल दो महीने में पुलिस एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी।

**केस 4 – कटरा बाजार (6 अक्टूबर 2024)**
अज्ञात युवती का सिर कटा शव बोरे में मिला। 12 महीने बाद भी पहचान तक नहीं हो सकी। ढिलाई के चलते एक प्रभारी लाइन हाजिर, नया प्रभारी भी दस महीने में नतीजा नहीं दे पाया।

**केस 5 – धानेपुर (9 जुलाई 2025)**
आरएसएस कार्यकर्ता अविनाश मिश्र की हत्या कर शव बाग में फेंका गया। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई, पर दो महीने बाद भी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं।

**केस 6 – मनकापुर (27 जून 2025)**
टिकरी जंगल में 30 वर्षीय महिला का शव मिला। कपड़े और आभूषण से पहचान का प्रयास हुआ, पर 105 दिन बाद भी पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी।

**केस 7 – मनकापुर (24 मई, एक वर्ष पहले)**
रामगढ़ टिकरी जंगल में दुपट्टे से लटकी 25 वर्षीय युवती का शव मिला। हाथ में मौली और खुशबू टैटू मिला। अब तक न पहचान, न हत्या का कारण।

**केस 8 – धानेपुर (30 नवंबर)**
देवरदा सीमा के पास महिला का अधजला शव मिला। हालत इतनी खराब थी कि उम्र, पहचान, घटना का समय—सब अस्पष्ट। 15 सीसीटीवी खंगाले गए, 6 खराब मिले, पर 10 दिन बाद भी कोई ठोस सुराग नहीं।

# हिंदू धर्म में व्यक्ति का जीवन 16 संस्कारों में बंधा, कथा वाचक रमेश भाई शुक्ल

**पूरे संसार को विश्राम और सुख देने वाले बेटे का नाम गुरु वशिष्ठ ने 'राम' रखा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। हिंदू धर्म में व्यक्ति का जीवन 16 संस्कारों में बांधा गया है।मनुष्य जन्म लेने पर जन्म-जन्मांतर के कुसंस्कार लेकर पैदा होता है। उसको नष्ट करने के लिए मनीषियों ने संस्कारों की स्थापना की।वर्तमान समय में केवल विवाह और अंतिम संस्कार ही बचा है। इसके अलावा सभी संस्कार खत्म हो चुके हैं। ये बातें आवास विकास कॉलोनी में अखिल भारतीय श्रीराम नाम जागरण मंच के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा में रविवार को प्रवाचक रमेश भाई शुक्ल ने कही।

कथावाचक ने नामकरण संस्कार की चर्चा करते हुए कहा कि पूरे संसार को विश्राम और सुख देने वाले बेटे का नाम गुरु वशिष्ठ ने 'राम' रखा। दीक्षा संस्कार में गुरु की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि जन्म और जीवन में अंतर होता है। जन्म तो हमें माता-पिता से मिलता है लेकिन असली जीवन गुरु से ही मिलता है। गुरु से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में अवश्य उतरना चाहिए अन्यथा वह व्यर्थ है।उन्होंने कहा कि भगवान राम का जन्म से लेकर रावण वध तक चार भूमियों संस्कार, श्रृंगार, विहार और संहार से विशेष नाता रहा। धार्मिक सहिष्णुता पर बल देते हुए उन्होंने 'एकम् सत विप्रा बहुधा वदंति' का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताया कि ईश्वर एक है। विद्वान अपनी श्रद्धावश उसे अनेक नामों से पुकारते हैं। गोस्वामी तुलसीदास भी राम नाम की महिमा का बखान करते हुए कहते हैं कि मैं ईश्वर की शपथ लेकर कहता हूं, मैंने जो कुछ भी अर्जित किया है, वह बस राम नाम जप के कारण ही प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा संत यदि किसी से कुछ कह दे तो उस व्यक्ति को अपना सौभाग्य समझना चाहिए और उस कार्य की पूर्ति में क्षणभर भी विलंब नहीं करना चाहिए। मानस का उद्धरण देते हुए कहते हैं कि पूरे राम चरित मानस में विश्वामित्र, अत्रि और वाल्मीकि को महामुनि का स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा हम सब राम के पुत्र हैं। हमारा कर्तव्य है कि समाज के प्रत्येक शुभ कार्य में हमारा धर्म है कि हम सभी अपने पौरुष बल से खड़े रहें।

संयोजक निर्मल शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर प्रतिदिन सुबह आठ से दस बजे तक पर्यावरण सुरक्षा यज्ञ होता है, जिसमें कोई भी श्रद्धालु भाग ले सकता है। कथा में अनिरुद्ध शाही, ज्योति पांडेय, मदन मोहन तिवारी, राजीव रस्तोगी, संजीव वर्मा, पीएन पांडेय, वेदपति त्रिपाठी, बीबी सिंह, राजू ओझा, अनिल मित्तल आदि मौजूद रहे।

# रेलवे कर्मचारियों का हाल जानने कॉलोनी पहुंचे महामंत्री विनोद राय, खराब व्यवस्था पर जताई चिंता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री सहायक महामंत्री गक्क्ट नई दिल्ली विनोद कुमार राय अपने पदाधिकारियों के साथ रेलवे कॉलोनियों में पहुंचे और वहाँ रह रहे कर्मचारियों के रहन-सहन का हालचाल लिया।इस दौरान कर्मचारियों से बातचीत में कई चौंकाने वाली बातें सामने आईं। पता चला कि पूर्व में हुए निर्माण कार्य (सड़कें, इमारतें, नाले) मानक के अनुसार नही कराये गए है, जिसके कारण वे जल्द ही टूट-फूट जा रहे हैं। नाले भी जाम और ध्वस्त पड़े हैं।महामंत्री विनोद राय ने इन सभी अव्यवस्थाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन को बताया कि कर्मचारियों की कमी और सफाई कार्यों को ठेके पर देने की वजह से यह स्थिति पैदा हुई है। उन्होंने मांग की है कि इन सभी समस्याओं को तत्काल ठीक किया जाए और कर्मचारियों की परेशानियों को जल्द दूर किया जाए।इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों में वरिष्ठ पदाधिकारी दीपक चौधरी, मंडल अध्यक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर, मंडल मंत्री कुलदीप मणि, मंडल अध्यक्ष मुख्यालय संजीव धर, संगठन मंत्री मनोज शुक्ला, संयुक्त मंत्री अभिषेक गुप्ता, मंडल मंत्री अकाउंट शमशाद भाई, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव (कारखाना मंडल), देवेश सिंह, अनिल गौतम, राजू रावत, अखिलेश तिवारी, बृजपाल सिंह, कैलाश राजभर, गणेश, सतीश श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, अंशुमाला पाठक, गणेश तिवारी जयप्रकाश सिंह अमरनाथ पटवा राजकुमार मुर्मू शुभम और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## खुलेआम दौड़ रही मिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्रालियां हादसे का खतरा बढ़ा



गोण्डा। सुबह होते ही कटहा घाट जेल रोड व बेलसर रोड,गोंडा - फैजाबाद रोड,और बहराइच रोड पर इन सभी पुलिस चौकी के सामने होते हुए दौड़ रहीं मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां लोगों के जीवन और सेहत के लिए खतरा बनी हुई हैं ट्रैक्टर-ट्रालियों की गति इतनी तेज होती हैं कि यदि कोई बाइक सवार या पैदल व्यक्ति इनकी चपेट में आ जाए तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर सो को ई कार्रवाई नहीं की जा रही है।ओवरलोड ट्रैक्ट र-ट्राली से मिट्टी सड़क पर गिर जाती जो अन्य वाहनों के नीचे आने से पीसकर सड़क पर ज मा हो जाती है। वहीं, तेज रफ्तार इन ट्रालियों से मिट्टी उड़ कर हवा में मिल जाती है।जो लोगों को सांस और आंखों के संक्रमण की परेशानी दे रही है।गोंडा - फैजाबाद रोड के स्थानीय नि वासियों ने बताया कि हवा में मिट्टी का गुब्बार उड़ने से बुजुर्गों व अस्थमा के मरीजों को परेशा नी हो रही है,जिस कारण यहां के लोगों ने सुबह को टहलना तक बंद कर दिया हैं। गोंडा-बहराइच रोड पर डीजल डिपो के किना रे से सुबह से शाम तक मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रा लियां धलड़ल्ले से दौड़ रही हैं। इन्हें कोई रोकने वाला नहीं है।सद्भावना पुलिस चौकी फैजाबाद रोड के सामने से ये ट्रैक्टर-ट्रालियां बेखौफ फर्रा टा भरते हुए गुजरती हैं।इसी मार्ग पर कई स्कू ल और अस्पताल भी हैं। जिससे बच्चों के साथ हादसा होने का खतरा भी बना रहता है।लेकिन पुलिस की ओर से इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।इतना ही नहीं सुबह के समय लोगमंदिर पर मॉर्निंग वॉक के लिए जाते हैं और व्या याम भी करते हैं।मिट्टी उड़ने से मॉर्निंग वॉक को आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ ता है।वही जेल रोड पर भी लोगो का कहना हैं कि खुलेआम अवैध खनन में लगी मिट्टी लदी ट्रालियां दौड़ रही हैं।जिससे लोगों को आंखों, तो बुजुर्गों को सांस की तकलीफ होने लगी है। फिर भी प्रशासन मौन है।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में खनन विभाग की टीम ने जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है।

दिनांक 7 दिसंबर 2025 को खनन विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग अभियान के दौरान अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त कुल 7 वाहनों को पकड़कर संबंधित थानों में जमा कराया। इनमें 2 वाहन थाना रामगढ़ताल, 3 वाहन थाना बेलीपार तथा 2 वाहन थाना चौरी-चौरा में बंद कराए गए।इसी क्रम में टीम ने जनपद में भ्रमण के दौरान ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन में संलिप्त 10 वाहनों को मौके पर रोका और ऑनलाइन माध्यम से तत्काल जुर्माना जमा कराया।इस प्रकार खनन विभाग द्वारा कुल 17 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे लगभग 5,50,000 की राजस्व धनराशि प्राप्त हुई।जिलाधिकारी दीपक मीणा ने स्पष्ट कहा कि जनपद में अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में आगे भी इसी प्रकार की निरंतर और कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# चकमार्ग कब्ज़ा,सीमांकन विवाद और धमकी जैसे गंभीर मामलों पर कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। देवीपाटन मंडल मुख्यालय में सोमवार को मांपाटेश्वरी शक्ति संवाद के तहत आयोजित विशेष महिला जनसुनवाई में महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुँचकर अपने गंभीर मामलों को अ धिकारियों के सामने रखा,कुल 22 महिला ओं ने अपने-अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर न्याय व त्वरित राहत की मांग की।जनसुनवाई की अ ध्यक्षता मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने की।

जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने प्रार्थना पत्र पढ़कर संबंधित अधिकारी से मौके पर ही वार्ता की और मामलों को विस्तारित करते हुए दो सप्ताह के भीतर निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा और उपायुक्त खाद्य भी मौजूद रहीं।जनसुनवाई में ग्राम बांसगांव डेलई पुरवा की लालिता तिवारी ने चकमार्ग पर दबंगों के द्वारा किए जा रहे अवैध कब्ज़े की गंभीर शिकायत दर्ज कराई।उनके अनुसार विपक्षी पक्ष चकमार्ग पर जबरन खेती कर रहा है और विरोध करने पर ग्रामीणों को मारपीट व फौजदारी मुकदमे की धमकी देता है।उन्होंने कहा कि कई शिकाय तों के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीण परेशान हैं।प्रार्थिनी ने चकमार्ग को कब्ज़ामुक्त कराने और आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की।अधिकारियों ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।ग्राम खरगूपुर इमिलिया की मीरा सोनी और सवित्री देवी ने गाटा संख्या 2057 के सीमांकन विवाद की शिकायत की।महिलाओं ने बताया कि वर्ष 2011 में सीमांकन कर पत्थर नस्थ किया गया था,लेकिन विपक्षी पक्ष ने साजिशन हदबरारी वाद दायर कर नया आदेश ले लिया।आरोप है कि लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की मिली भगत से पत्थर उखाड़कर भूमि को गाटा 16 85 में जोड़ दिया गया।बार-बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से वे परेशान हैं। दोनों ने सीमांकन पुनः करवाते हुए पत्थर नस्थ कर कब्जा बहाल करने की मांग की।

**दलित महिला ने जमीन पर अवैध कब्जा और जान से मारने की धमकी की शिकायत**

कीग्राम बूढ़ा देवर, गरीबी पुरवा की माला देवी ने अपने सहन की भूमि पर कब्जे की कोशिश और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि 5 दिसंबर की सुबह विपक्षी पक्ष ने उनकी भूमि पर कूड़ा फेंकने का प्रयास किया और विरोध करने पर उन्हें गंभीर धमकियाँ दी गईं।आरोप है कि एक व्यक्ति हथियार लेकर हमला करने दौड़ा, जिससे वह किसी तरह बच सकीं।माला देवी का कहना है कि उनका परिवार लगातार डरा-धमकाया जा रहा है। उन्होंने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई और अवैध कब्जा रोकने की मांग की है।

## नशा मुक्त स्वच्छता युक्त बनाये रखने का लिया सामूहिक संकल्प



नानपारा, बहराइच। पौराणिक बाबा परमहंस कुटी परिसर में सनातन समाज व मेला प्रबंधन कमेटी की ओर से सामाजिक परिचर्चा का आयोजन कर मेला परिसर को नशा मुक्त स्वच्छता युक्त बनाये रखने का सामुहिक संकल्प लिया गया। मेला समिति पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने उत्सव को सुचारू व व्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु परिसर का भ्रमण कर लोगो को पर्यावरण, जल संरक्षण व नशा मुक्त परिसर बनाये रखने के लिए निर्देश भी दिए। पौराणिक रामायण कालीन परमहंस बाबा कुटी परिसर में आयोजित नशा मुक्त स्वच्छता युक्त विषयक पर आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए तहसीलदार, मैजिस्ट्रेट रविकांत द्विवेदी ने कहा कि मेला सामाजिक सदभाव का उत्सव होता है यहाँ पर लोग समूह में आकर सामाजिक एकता भाई चारा व सदभाव का विहंगम दृश्य उत्पन्न करते है और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते है।उन्होंने कहा कि आयोजित मेले में नशा प्रचलन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा परिसर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए मेला समिति की ओर से प्रभावी पहल किया जा रहा है यह महत्वपूर्ण तथा सराहनीय है।आगंतुक मेलार्थियों को परस्पर समन्वय बनाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मेला संपन्न कराया जाना चाहिए तभी हमारा समाज व राष्ट्र मजबूत व अखंड बना रह सकेगा।महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष( अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि मेला परिसर को नशा मुक्त व भय मुक्त बनाये रखने के लिए मेला उत्सव प्रारंभ होने से पहले लोगो को सामूहिक संकल्प दिलाया गया है तथा मेला प्रबंधन कमेटी से समन्वय बनाकर अवैध नशा क्रय विक्रय व उपभोग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन के साथ जन जागरण अभियान भी चलाया जा रहा है।मेला प्रबंधन समिति प्रभारी सुरेश चंद्र गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम व जगत जननी सीता माता के विवाह के पावन अवसर पर परंपरा गत तरीको से सदियों से एक मासीय मेला का संचालन होता रहा है जिसमे जनपद के अलावा जनपद श्रावस्ती, बलरामपुर, सीतापुर, लखीमपुर समेत पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के भारी संख्या में श्रद्धालु ,आस्थावान, बैरागी, नागा व साधु संत मेला में सहभाग करते रहते है और अपनी मनौतियों भी मानते है।आयोजित परिचर्चा का संचालन उप मेला प्रभारी प्रेम नारायण वर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन व अतिथि सम्मान पंडित विजय शर्मा ने किया।आयोजित परिचर्चा में प्रमुख रूप से किसान परिषद ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा।मंदिर समिति अध्यक्ष बाबादीन वर्मा ,समाज सेवी राघवेंद्र शर्मा, रुद्र प्रताप मिश्रा,राहुल उपाध्याय आदि उपस्थित रहे। समिति के पदाधिकारियों ने उत्तम प्रबंधन के लिए चौकी इंचार्ज मेला शिवेश शुक्ला व तहसीलदार को अंग वस्त्रं भेट कर सम्मानित भी किया।

# एडीजी ज़ोन का व्यापक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। एडीजी ज़ोन मुथा अशोक जैन ने सोमवार को पुलिस लाइन परिसर, पुलिस ऑफिस तथा सभी प्रमुख शाखाओं का विस्तृत औचक निरीक्षण किया। क्वार्टर गार्ड, आरटीसी, एमईएस, एमटी शाखा, कैंटीन, लाइन परिसर, कार्यालयीन सेक्शन सहित सभी विभागों में व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण के उपरांत एडीजी जैन ने एसएसपी कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक कर विभिन्न फाइलों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एडीजी ने क्वार्टर गार्ड में ड्यूटी पर तैनात जवानों से बातचीत कर सुरक्षा प्रणाली, उपस्थिति रजिस्टर, हथियारों के रख-रखाव, गार्ड परिसर की सुव्यवस्था की जांच की। इसके बाद उन्होंने आरटीसी की प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारने और आधुनिक पुलिसिंग की आवश्यकताओं के अनुरूप अभ्यास कराने के निर्देश दिए।एमईएस शाखा में उन्होंने भवन संरचना, मरम्मत और बिजली-व्यवस्था की समीक्षा की, जबकि एमटी शाखा में वाहनों की स्थिति, मेंटेनेंस रजिस्टर, दुरुस्ती कार्य और वाहन उपयोग विवरणों की जांच की। एडीजी ने स्पष्ट किया कि गश्त, रेस्पॉन्स और आपातकालीन सेवाओं में उपयोग होने वाले वाहन हमेशा फिट कंडीशन में रखे जाएँ।कैंटीन का निरीक्षण करते हुए एडीजी जैन ने सामानों की गुणवत्ता, रेट लिस्ट और व्यवस्था की पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जवानों के लिए उपलब्ध भोजन और दैनिक उपयोग की सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप ही उपलब्ध कराई जाए। पुलिस लाइन परिसर में स्वच्छता व्यवस्था की जांच के दौरान उन्होंने खुले स्थान और आवासीय क्षेत्र की साफ-सफाई को और बेहतर रूप से बनाए रखने पर बल दिया।निरीक्षण के बाद एसएसपी कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फाइलों के त्वरित निस्तारण, लंबित विवेचनाओं, प्रशासनिक कार्यों, कार्यालय शाखाओं की दक्षता, अनुशासनिक कार्यवाहियों और डिजिटल रिकॉर्ड अद्यतन से संबंधित अनेक बिंदुओं पर चर्चा हुई। एडीजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शाखाएँ निर्धारित समयसीमा में कार्य करें और रिकॉर्ड प्रबंधन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस किसी भी जिले की पुलिस व्यवस्था का मुख्य केंद्र होते हैं, इसलिए इनके कामकाज में सुधार और जवाबदेही अनिवार्य है।

# एसएसबी की बड़ी कार्रवाई, नेपाल से आए 860 किलो अखरोट के साथ एक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । सीमा पर अवैध व्यापार और तस्करी पर रोक लगाने के लिए 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा लगातार सतर्कता बनाए हुए है। इसी क्रम में सीमा चौकी बलाईगांव की टीम ने विशेष खुफिया सूचना पर एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में तस्करी का माल बरामद किया।

खुफिया इनपुट के आधार पर बीपी संख्या 663/3 से लगभग 1 किमी दूर सोहानी बलाईगांव में उप निरीक्षक/सामान्य रवि कुमार सहित 05 सदस्यीय टीम ने रात्रि 0230 बजे नाका लगाया। लगभग 04:00 बजे टीम ने बलाईगांव से मिहीपुरवा की ओर जा रही महिंद्रा बोलेरो पिक-अप यूपी 35 एच 6591 को रोककर तलाशी ली। तलाशी में वाहन से अखरोट से भरी 86 बोरियाँ (प्रत्येक 10 किलोग्राम, कुल 860 किलोग्राम) बरामद हुईं। पूछताछ में चालक ने अपना नाम राजगुरु, पुत्र रमाशंकर, उम्र 20 वर्ष, निवासी सरा कलां, जिला बहराइच बताया। उसने स्वीकार किया कि अखरोट नेपाल से अवैध रूप से सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में डंप किए गए थे और इन्हें आगे मिहीपुरवा ले जाया जा रहा था। चालक किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। बॉर्डर क्षेत्र में तस्करी की आशंका, वैध कागजातों के अभाव और आरोपी के कबूलनामे के आधार पर माल को कस्टम्स एक्ट, 1962 के तहत संदिग्ध तस्करी का सामान मानते हुए ज़ब्त किया गया। बरामद अखरोट, वाहन और आरोपी को कस्टम्स विभाग, मिहीपुरवा को आगे की विधिक कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया है।

# आत्मा की तृप्ति सांसारिक संसाधनों से नही होती : आचार्य संतोष महाराज

## गड़ेहरी में श्रीमद भागवत कथा में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई के गांव गड़ेहरी में राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी उर्फ राजू तिवारी के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने कहा कि सुख हमारे भीतर ही है बस हम उसका अनुभव नहीं कर पा रहे हैं सुख की खान भगवान ही है इसलिये उनसे ही नाता जोड़ना होगा।परीक्षित जी ने शुकदेव जी से पूछा कि मरने वाले मनुष्य को क्या करना चाहिये शुकदेव जी ने कहा कि उन्ही गोविन्द के पादकम पादकमलों का ध्यान करो गोविन्द ही इस कलिकाल से मुक्ति दे सकते है इसके बाद महाराज श्री ने सृष्टि प्रक्रिया सुनाया है। कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने कहा कि सृष्टि के आदि दम्पति मनु और शतरूपा की कथा सुनाई है इसके बाद भगवान के वाराह अवतार की कथा सुनाई है देवहूति मां और कर्दम मुनि की कथा सुनाई जिनके यहां भगवान कपिल का जन्म हुआ जिन्होनें सांख्य शास्त्र का उपदेश दिया और अपनी मां देवहूति जी को भी उपदेश किया जिसे भागवत जी में कपिल अध्यध्यायी कहते हैं कपिल भगवान कहते हैं कि आत्मा की तृप्ति सांसारिक संसाधनो से नही होती आत्मा की तृप्ति के लिये उस पूर्ण परमात्मा में लगाओं और ऐसे लोगों का संग करो जिनका मन भगवान के चरणों में लगा हो। कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने संतों के लक्षण के बारे में बताया कि जिसके अंदर धैय, करुणा, और सबमें भगवान का दर्शन करता हो वही संत है।भक्तों के बारे में कथा व्यास ने कहा कि उत्तम कोटि का भक्त वही है जो कभी भगवान से कुछ नही मांगता इसलिये बस केवल भगवान के चरणों का आश्रय लीजिये।इसके बाद दक्ष प्रजापति और भगवान शंकर और माता सती की कथा सुनाई गयी। कथा व्यास ने ध्रुव चरित्र सुनाते हुये ध्रुव जी की विमाता के दुर्वचनों नें ध्रुव जी को परमात्मा को प्राप्त करने के लिये मन में लगन लगा दिया नारद जी नें आकर ध्रुव जी के वैराग्य की परीक्षा लिया है ध्रुव जी के परीक्षा में पास होने पर नारद जी नें द्वादश अक्षर का गुरुमन्त्र दिया है और पांच वर्ष की अवस्था में अत्यन्त कठिन साधना की है और भगवान नें आकर ध्रव जी को दर्शन दिया है और छत्तीस हजार वर्षो के राज्य के बाद अपने ध्रुव लोक को प्रस्थान किये। यजमान ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन कर कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कथा व्यास ने अतिथियों को तो आयोजक संतोष तिवारी ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। संचालन संजय मिश्रा ने किया।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,अवध राज सिंह, राज कुमार द्विवेदी, उमेश चंद्र तिवारी, ओम प्रकाश वैश्य, विजय विक्रम सिंह, ब्रजराज शुक्ला, कामता दीक्षित, अमर बाजपेई, राजेश मिश्रा, रमेश सिंह, विक्रमादित्य शुक्ला, अम्बिका शरण खरे,कीर्ति मिश्रा, शिव भूषण शुक्ला, राहुल अग्रवाल, अंकित मिश्रा, दिग्विजय सिंह सहित अन्य तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में किचेन गार्डे न स्थापित कर मौसमी सब्जियां एमडीएम में बनवाई जाय : डीएम

## बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित सभी योजनाओं की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की गई।बैठक में सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्युतीकरण एवं फर्नीचर से संतृप्त विद्यालयों के बारे में जनपद स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं सीएसआर के माध्यम से सहयोग प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया गया तथा नगरीय क्षेत्रों में शौचालय एवं मूत्रालय से असंतृप्त विद्यालयों की सूची जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए अनुरोध किया गया कि उक्त विद्यालयों में नगर पंचायत,नगर पालिका आदि के माध्यम से शौचालय का निर्माण कराये जाने का अनुरोध किया गया। समीक्षा के दौरान आरटीई योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रवेशित बच्चों की संख्या की समीक्षा की गई। बेसिक शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा, मध्यान भोजन के अंतर्गत किचन गार्डन के बारे में समस्त शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में किचन गार्डन स्थापित किए जाएं, मौसम के अनुसार बीज की उपलब्धता हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों से संबंध बनाते हुए प्रत्येक विद्यालयों में मौसम अनुकूल बीज उपलब्ध कराया जाए जिससे किचन गार्डन विद्यालयों में स्थापित हो और छात्र,छात्राओं द्वारा उन सब्जियों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, हरिओम तिवारी, राम किशुन कश्यप, पूजा सिंह सहित समस्त खण्ड शिक्षाधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। तहसील मुसाफिरखाना क्षेत्र में मृतक की भूमि को कूटरचित दस्तावेज लगाकर फर्जी वरासत कर जमीन बेंच डालने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।पुलिस ने न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या सोलह सुलतानपुर के निर्देश पर तत्कालीन नायब तहसीलदार समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।पुलिस उक्त हाई प्रोफ़ाइल मामले की छानबीन में जुट गई है। बताते चलें कि थाना जगदीशपुर क्षेत्र के गांव निहालगढ़ चकजंगला निवासी बरसाती के तीन पुत्र श्यामलाल, कनिक लाल एवं राकेश कुमार है जिसमें से श्याम लाल की मौत हो चुकी है जिनके तीन बेटी सुमित्रा देवी, मिथिलेश व निकलेश थी जो अपने पिता की जायदाद पर काबिज होते हुये बराबर देखभाल करती चली आ रही है जबकि कनिकलाल व राकेश बरसाती के लड़के है। पीड़िता सुमित्रा देवी ने न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या सोलह सुल्तानपुर को सौंपे गये पत्र में लिखा है कि मेरे पिता श्याम लाल की मौत के बाद कनिक लाल व राकेश ने तत्कालीन नायब तहसीलदार मुसाफिरखाना की मिलीभगत से अपने को श्यामलाल का लडका बताकर फसली वर्ष 1409 से 1414 फसली पर उसकी जायज सम्पत्ति गाटा संख्या 419 रकबा 0.265 ग्राम निहालगढ पर जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना में अपना नाम छल कपटपूर्वक दर्ज करवा लिया है और दर्ज करवाने के बाद राकेश ने विवादित भूमि को गुलाबचन्द्र पुत्र ननकऊ निवासी निहालगढ चकजंगला थाना जगदीशपुर के हाथ बेंच दिया है जिसकी जेरे कार्यवाही तहसीलदार मुसाफिरखाना के न्यायालय में विचाराधीन है।पीड़िता ने जब यह बात उपरोक्त लोगो से बीती बीस अप्रैल को पूंछा तो उपरोक्त लोग गाली गलौज करने लगे तथा नायब तहसीलदार के कार्यालय मुसाफिरखाना पहुंची तो वर्तमान नायब तहसीलदार ने कहा कि मेरे द्वारा कोई ओदश नही किया गया है जिसने आदेश किया है उससे जाकर पूंछो। इसके बाद उसने तेइस अप्रैल को खतौनी सत्यप्रतिलिप की कांपी दिखाया तो वर्तमान नायब तहसीलदार ने डांटकर हटा दिया। इसके बाद उसने स्थानीय पुलिस से न्याय की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने राजस्व का मामला बताकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। पुलिस अधीक्षक तक शिकायत दर्ज कराई लेकिन उसकी सुनी नही गई तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या सोलह सुल्तानपुर ने तत्कालीन नायब तहसीलदार, कनिक लाल, राकेश के साथ ही अन्य कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया तो थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# 24 घंटे बाद भी नहीं हुआ अमन का दाह-संस्कार, प्रशासन मान-मनौवल में जुटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। चांदा थाना क्षेत्र में बीएससी छात्र अमन यादव की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। शनिवार देर रात हुई इस घटना के बाद शव गोमती नदी में फेंक दिया गया था। रविवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर, परिजन सोमवार को शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। अमन यादव के परिजनों ने प्रशासन से इस हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वे आरोपियों के एनकाउंटर और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई पर अड़े हैं। पुलिस ने इस मामले में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी दीपक यादव उर्फ राका पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद पकड़ा गया। परिवार ने आर्थिक मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की है। वे चाहते हैं कि घटना के पीछे की पूरी साजिश का खुलासा हो और दोषियों को सख्त सजा मिले। हालांकि सीओ लंभुआ, सीओ जयसिंहपुर आदि अधिकारी मान मनौव्वल में जुटे हैं। परिजनों और स्थानीय लोगों के विरोध के बाद, लापरवाही के आरोप में चांदा कोतवाल दीपेंद्र विक्रम सिंह और एक सब-इंस्पेक्टर सहित कुछ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। परिजनों ने इन निलंबित कर्मियों के खिलाफ भी उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रविवार को ही मयंक यादव और शिवम यादव को गिरफ्तार कर लिया था। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम अमन यादव अपने चचेरे भाई को लेने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान उसका अपहरण कर लिया गया और क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को घर से 18 किलोमीटर दूर नदी में फेंक दिया गया था। पुलिस ने शव बरामद कर दस नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मृतक की बहन ने एसडीएम लंभुआ गामिनी सिंगला से कहा कि ल्हमें लिखित में बताइए कि हत्या क्यों की गई। आज ही जवाब चाहिए, नहीं तो हम चार-पांच दिन तक बॉडी नहीं उठाएंगे।ल्इस पर एसडीएम ने कहा कि जो भी कार्रवाई संभव होगी, वह की जाएगी। वहीं मृतक के चचेरे भाई ने कहा, ल्जो पकड़े गए हैं, उन्होंने जरूर बयान दिया होगा कि क्यों मारा। पुलिस बताए कि हत्या क्यों की गई, किसने करवाई और इसकी क्या गलती थी- यह साफ किया जाए।

## हिन्दू सम्मेलन को लेकर हुई बैठक, कार्यक्रम की बनी रूपरेखा

बल्दीराय/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील बल्दीराय क्षेत्र के भवानीगढ़ में अगामी पच्चीस दिसम्बर को होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर सोमवार को कार्यकर्ताओ की एक बैठक संपन्न हुई बैठक में कार्यक्रम की सफलता पर विस्तुत चर्चा की गई। बैठक में बजरंग दल के संयोजक गौरव पांडेय ओम प्रकाश समर बहादुर सिंह कृष्णकुमार यादव त्रियुगी राज प्रकाश इन्द्र प्रकाश सुनील कुमार चिरंजीवी विजय कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने सेना झण्डा दिवस पर स्मारिका का किया विमोचन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी विंग कमाण्डर अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि जनपद में सात दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय अमेठी द्वारा जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अंशुमान सिंह को प्रतीक झण्डा लगाया गया तथा निदेशक सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास लखनऊ द्वारा सैनिकों के कल्याणार्थ प्रकाशित स्मारिका का विमोचन जिलाधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त नागरिकों से सेना झण्डा दिवस के अवसर पर शहीद सैनिकों के आश्रितों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ धन संग्रह हेतु दिल खोल कर दान देने की अपील की गयी।

## राहुल गांधी मानहानि केस में गवाह से हुई जिरह, कल फिर सुनवाई

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले की सुनवाई सोमवार को सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई। इस दौरान राहुल के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने गवाह राम चंद्र दुबे से जिरह की। कोर्ट शेष बयान दर्ज करने के लिए मंगलवार को फिर सुनवाई करेगी। यह मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। हनुमानगंज निवासी मिश्रा ने आरोप लगाया था कि 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पांच साल तक अदालती कार्यवाही चली है। राहुल गांधी के पेश न होने पर दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपए के दो मुचलकों पर जमानत दी थी। गत 26 जुलाई 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और इसे राजनीतिक साजिश करार दिया था। राहुल गांधी के बयान के बाद कोर्ट ने वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। तब से लगातार गवाह पेश किए जा रहे हैं। अब तक केवल एक गवाह से जिरह पूरी हो पाई है, जबकि दूसरे गवाह से जिरह शुरू हुई है। अक्सर हड़ताल और गवाहों के अनुपस्थित रहने के कारण कार्यवाही में देरी हो रही है।

## जिले में चला ऑपरेशन मुक्ति अभियान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5.0 के अन्तर्गत विकास खण्ड बिलसंडा में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी के निर्देशन में ऑपरेशन मुक्ती अभियान चलाकर बाल श्रमिक बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया साथ ही बाल श्रम कराने वाले मालिक एवं माता - पिता एवं अभिवावकों को बच्चों से बाल श्रम न कराने की चेतावनी दी गई एवं बताया गया कि 18 वर्ष की आयु तक बच्चों को विद्यालय भेजिये जब बच्चा शिक्षित होगा तो वह स्वयं रोजगार करने में सक्षम हो जाएगा बाल श्रम अभियान में 05 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। उपरोक्त बाल श्रमिकों में जिनके माता-पिता की मृत्यु हो गई है उन्हें बाल सेवा एवं स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी गई। ऑपरेशन मुक्ति अभियान में महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर, चाइल्ड हेल्पलाइन से परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं थाना एएचटी प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा है।

## रास्ता निर्माण में घर टूटने की आशंका से परेशान ग्रामीण पहुंचे तहसील

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा के बाढ़ पीड़ित ग्रामीण सोमवार दोपहर लगभग दो बजे अपनी समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी से मिलने तहसील कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों के दल में ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू , हरिश्चंद्र, अजय कुमार, रोहित, वीरेंद्र, रजनीश, धीरेंद्र गुप्ता, धीरेंद्र, मनीष, रामचंद्र और रामशरण सहित आदि लोग शामिल थे, ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन निर्माण की वर्तमान दिशा से लगभग 17 परिवारों के घर सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि निर्माण एजेंसी द्वारा उनके मकानों को तोड़ने के निर्देश दिए जा रहे हैं, जिससे वे फिर से बेघर होने की कगार पर पहुंच गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले कई बार नदी कटान उनके मकानों को बहा ले गया है और अब जब वे किसी तरह पुनः बसे तो सड़क निर्माण ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि वे सड़क निर्माण के विरोध में नहीं हैं, लेकिन यह कार्य इस प्रकार किया जाना चाहिए कि उनके घर सुरक्षित रहें। ग्रामीणों ने प्रशासन से वैकल्पिक समाधान की मांग की, ताकि सड़क भी बन सके और उनके आवास भी नष्ट न हों।ग्रामीणों ने बताया कि वे अपनी शिकायत और सुझाव लेकर एसडीएम से मिलने पहुंचे थे, लेकिन एसडीएम से मुलाकात न हो पाने के कारण वे निराश होकर वापस लौट गए।

## मारपीट व तेजाब डालने के प्रयास के मामले में आठ आरोपी नामजद, गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास की निवासी सायरा बानो ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में अपने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी अलीमुद्दीन उर्फ गप्पू पुत्र सिराजुद्दीन उर्फ बकरीदी के साथ हुई थी। आरोप है कि 1 सितंबर 2025 को पति सहित सिराजुद्दीन उर्फ बकरीदी, रियाजुद्दीन उर्फ गोगे, सरफुद्दीन उर्फ अनस, इस्लामुद्दीन, नगमा बी, शाहिद अली और रिजवान ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा उसके चेहरे पर तेजाब डालने का प्रयास किया। किसी तरह खुद को बचाते हुए वह अपने मायके पहुंची। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी उत्पीड़न रुका नहीं। 22 सितंबर 2025 को आरोपी उसके मायके पहुंच गए और उसके भाई सहित उसके साथ पुनः मारपीट की। आरोप है कि अलीमुद्दीन उर्फ गप्पू और रियाजुद्दीन उर्फ गोगे तमंचों से लैस थे, जबकि सरफुद्दीन उर्फ अनस तथा सिराजुद्दीन के हाथों में चाकू थे, जिनसे उन्होंने वार करने का प्रयास किया। रियाजुद्दीन उर्फ गोगे द्वारा जान से मारने की नीयत से की गई फायरिंग में सायरा बाल-बाल बच गई। आरोपियों ने मारपीट के दौरान पीड़िता की दो वर्ष की मासूम बेटी को भी जान से मारने की नीयत से छीन लेने का प्रयास किया। सायरा ने यह भी बताया कि इसी परिवार द्वारा वर्ष 2023 में भी उसे खाने में जहर देकर मारने की कोशिश की गई थी, जिसके चलते वह अस्पताल महेबागंज, लखीमपुर खीरी में पांच दिन तक बेहोश रही थी। लगातार हो रहे उत्पीड़न और जानलेवा हमलों से परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# किर्गिस्तान में फंसे 12 मजदूरों की घर वापसी संकट में

## परिजन परेशान, एजेंट के खिलाफ कार्रवाई को लेकर संसद व मुख्यमंत्री तक भेजा प्रार्थना पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।किर्गिस्तान में फंसे पीलीभीत जिले के 12 मजदूरों की सुरक्षित घर वापसी अब भी अधर में लटकी हुई है। बीते एक महीने से मजदूरों के परिजन जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक से लेकर जनप्रतिनिधियों तक की चौखट पर न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से परिवारजन गहरे सदमे और निराशा में हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि बूढ़े माता-पिता ने संसद तक प्रार्थना पत्र भेजकर एजेंट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और अपने बच्चों की तत्काल वापसी की मांग की है।गजरौला कला क्षेत्र के बैजूनगर और आसपास के गांवों के ये मजदूर जी.आई.बी. इंटरनेशनल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के संचालक के झांसे में आए थे। एजेंट ने ऊँची तनख्वाह, वर्क वीज़ा, और सुरक्षित रहने-खाने की गारंटी देकर प्रति मजदूर 4 से 5 लाख रुपये तक वसूले। परिजनों के अनुसार 21 सितंबर को विदेश भेजे गए मजदूरों को किर्गिस्तान पहुँचते ही न नौकरी मिली और न ही रहने की कोई व्यवस्था। इसके उलट उनके पासपोर्ट छीनकर बंधक बना लिया गया और बिना वेतन जबरन काम कराया जा रहा है।फंसे मजदूरों द्वारा भेजे गए वीडियो में उन्होंने अपनी जान को गंभीर खतरा बताया है। परिजनों ने आरोप लगाया कि जब एजेंट से शिकायत की गई तो उसने बदसलूकी करते हुए कहा- ''हमारा काम भेजना था, आगे मरे या जिएँ, हमें कुछ लेना-देना नहीं। इसके बाद परेशान परिवारों ने जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सांसद जितिन प्रसाद समेत मुख्यमंत्री कार्यालय को भी शिकायती पत्र भेजे। लेकिन लगातार भागदौड़ के बावजूद न तो मजदूरों की वापसी को लेकर ठोस पहल की गई है और न ही एजेंट पर कड़ी कार्रवाई हुई है। उधर मजदूरों के घरों में मातम जैसा माहौल है। वृद्ध माता-पिता और मासूम बच्चे रोज रो-रोकर बेहाल हैं, जबकि आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार हर दिन चिंता में बीताते हैं। परिजनों ने एक स्वर में मांग की है- सरकार तत्काल हस्तक्षेप करे, हमारे बच्चों को सुरक्षित भारत वापस लाया जाए और धोखाधड़ी व मानव तस्करी में शामिल एजेंट पर सख्त कार्रवाई हो।

# जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक प्रतिष्ठानों पर सघन की छापेमारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। तहसील सदर क्षेत्र में उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापे डाले गए, छापेमारी के दौरान कुल 08 दुकानों का निरीक्षण किया गया राजमणि फर्टिलाइजर खोखीपुर के निरीक्षण के दौरान स्टॉक/रेट बोर्ड सही मिला दुकान पर यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता रही। अलीगंज बाजार स्थित जायसवाल ट्रेडिंग कंपनी, मेसर्स राम संजीवन एवं जगदीश फर्टिलाइजर के दुकान का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सभी दुकानों से 2-2 नमूने भी ग्रहित किए गए दुकानों को ओवर रेटिंग की शिकायत पर भविष्य हेतु सचेत किया गया तथा वी एम मिश्रा को यूरिया निर्धारित मूल्य पर दिलाई गई। जायसवाल फर्टिलाइजर मंझना, अल्पेश खान भंडार मँझना के प्रतिष्ठान की भी जांच की गई सभी को उचित मूल्य पर उर्वरक विक्री के निर्देश दिए गए।

कूंड धाम में 2 किराना दुकानदारों को फुटकर उर्वरक की विक्री बिना लाइसेंस करते पाए जाने पर संबंधित को तत्काल कार्य विक्रय रोकने के निर्देश देते हुए एक अंतिम अवसर दिया गया। जनपद में यूरिया उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। किसान भाई यूरिया का मृदा परीक्षण रिपोर्ट की संस्तुतियों के अनुरूप प्रयोग करें तथा अंधाधुंध प्रयोग से बचें।

# पुलिस ने सर्राफा व्यापारियों के साथ की अहम बैठक, मौजूद रहे चेयरमैन एवं व्यापारी नेता

## दुकानों मे सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील, जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर हुई विस्तृत से चर्चा

## चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने लोगो से एसआईआर फार्म जल्द से जल्द जमा करने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पवन पाण्डे और सभी सर्राफा कारोबारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की बैठक में बढ़ती व्यापारिक गतिविधियों, आर्थिक विकास तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें कोतवाल पवन पाण्डेय न कहा कि शहर में व्यापारिक सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है उन्होंने व्यापारियों से पुलिस-प्रशासन के साथ सक्रिय समन्वय रखने की अपील की हमारा उद्देश्य है कि व्यापारी वर्ग सुरक्षित माहौल में व्यवसाय करें सुरक्षा को लेकर पीलीभीत पुलिस हर स्तर पर तत्पर है और किसी भी आपराधिक गतिविधि पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी व्यापारियों से अपेक्षा है कि वे आधुनिक सुरक्षा उपाय अपनाएं और किसी भी समस्या या संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को दे उन्होंने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के बीच समन्वय जितना मजबूत होगा, शहर का आर्थिक विकास उतना ही सुरक्षित और सुचारू रहेगा और कहा अगर व्यापारी के साथ किसी भी प्रकार को कोई भी दुर्व्यवहार करता है तो उसके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्यवाही की जायेगी सभी व्यापारियों से अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, सुरक्षा गार्ड रखने और नियमित रूप से फुटेज की जांच करने की अपील भी की गई कोतवाल पवन पाण्डेय ने व्यापारियों से अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आग्रह करते हुए आश्वासन दिया कि पुलिस हर स्थिति में मदद के लिए तैयार है बैठक मे विधायक बाबूराम पासवान ने व्यापारियों से कहा कि पूरी जिम्मेदारी के साथ एसआईआर के फॉर्म भरवाएं विधायक ने कहा कि धर्म और जाति से कुछ नहीं होता सबसे पहले इंसानियत का रिश्ता है उन्होंने फॉर्म के भरने का भी तरीका बताया विधायक ने केंद्र व प्रदेश सरकार की प्रशंसा और लाभकारी नीतियों को बताया और व्यापारियों और क्षेत्र की जनता के साथ दिन रात कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही अगर कोई भी क्षेत्रवासी ट्रस्ट का फॉर्म नहीं भरता है तो उसका वोट डालने का अधिकार छीन सकता है पूरनपुर सर्राफा संघ और व्यापार मण्डल की संयुक्त बैठक मे विधायक बाबूराम पासवान, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, थाना प्रभारी पवन कुमार पाण्डेय, व्यापार मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी की अध्यक्षता मे चल रही बैठक मे एक मुद्दा मुख्य रूप से सामने आया जिसमें बाजार समेत मुख्य मार्गो पर लगने वाले जाम से व्यापारी परेशान हैं इस संबंध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य रूप से खुलकर चर्चा की साथ ही बाजारों में पार्किंग की सुविधा मुहैया कराने की मांग उठाई उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने सोमवार को हुई बैठक में कहा कि शहर के कई मुख्य चौराहों व मार्गों पर यातायात व्यवस्था बाधित रहता है इस कारण लोगों को काफी दिक्कत होती है जाम की सबसे बड़ी समस्या स्कूल या ऑफिस समय पर होती है। ऐसे में व्यापारियों ने इस समस्या के समाधान की मांग उठाई शहर के बाजारों में पार्किंग की भी समस्या है, जिसे प्रशासन व नगर पालिका दूर कराए अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि ग्राहकों को भी दिक्कत न हो वही विधायक ने सर्राफा व्यवसायीयो को आश्वासन दिया किया जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर साहूकारी के लाइसेंस पुन जारी करने का आग्रह करेंगे।

## छप्परपोश घर में लगी आग हजारों का सामान जलकर राख

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव महद खास में अचानक हुई आग की घटना से हड़कंप मच गया। गांव निवासी ख्याली राम ने सोमवार दोपहर एक बजे बताया कि छप्परपोश घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखा सभी सामान जलकर राख हो गया। परिवार के लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई, आग की लपटें उठती देख गांव के लोग मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोका जा सका, लेकिन तब तक घर में रखा अनाज, कपड़े, दैनिक उपयोग का सामान और कुछ नगद पैसे पूरी तरह जल चुके थे। पीड़ित ख्याली राम ने घटना की सूचना हल्का लेखपाल को दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और प्राथमिक जरूरतों में सहायता भी प्रदान की। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, पीड़ित परिवार अब प्रशासनिक सहयोग की उम्मीद में है।

# प्रतियोगिताओं का उद्देश्य है, बच्चों में आत्मविश्वास को निखारना : अंकुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता







बाराबंकी।बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित आठवीं स्पोर्ट्स मीट ''उड़ान'' के आठवें दिन कंपनी बाग एवं सिविल लाइन शाखा में प्रारंभिक वर्ग के बच्चों के लिए गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही, बालाजी सत्य प्रेमी नगर एवं बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में सभी हाउसेस की इंटर और इंट्रा प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ।जिसमें ग्रुप ए, इंट्रा डिबेट ग्रुप सी इंट्रा नृत्य एवं ग्रुप बी इंटर पेंटिंग प्रतियोगिताएं सम्मिलित है।सीनियर , जूनियर दोनों वर्ग के बच्चों ने भाग लिया।विद्यार्थियों ने एक दूसरे के मतों को चुनौती देते हुए अत्यंत रोमांचक बहस प्रस्तुत की अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और कला का बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अंकुर माथुर ने अपने संबोधन में कहा इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को मंच देना और उनके आत्मविश्वास को निखारना है बालाजी का बचपन सत्य प्रेमी ब्रांच में आयोजित प्रतियोगिताएं में ग्रुप ए इंट्रा डिबेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इनोवेशन हाउस के अद्विक, द्वितीय स्थान इशिता तृतीय स्थान वैष्णवी सिंह, क्रिएटिविटी हाउस में प्रथम स्थान प्रतीक यादव, द्वितीय स्थान हर्षवर्धन सिंह, कंपैशन हाउस में प्रथम स्थान अर्थ, द्वितीय स्थान वंशिका, तृतीय स्थान अयान मोहम्मद अयान, स्ट्रैंथ हाउस में प्रथम स्थान नूर नवाज द्वितीय स्थान, सूर्यांश ने प्राप्त किया।ग्रुप सी इंट्रा नृत्य प्रतियोगिता में इनोवेशन हाउस में प्रथम स्थान अलंकृता,द्वितीय स्थान मान्या,तृतीय स्थान अंशिका गुप्ता, क्रिएटिविटी हाउस में प्रथम स्थान तनीषा, द्वितीय स्थान अमीना तृतीय स्थान ईशानी गुप्ता, कंपैशन हाउस में प्रथम स्थान वान्या, द्वितीय स्थान रितिका, तृतीय स्थान मानवी, स्ट्रैंथ हाउस में प्रथम स्थान अविका द्वितीय स्थान जिया तृतीय स्थान अश्लेषा ने प्राप्त किया।ग्रुप बी इंटर पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्य वर्मा स्ट्रैंथ हाउस ,द्वितीय स्थान आद्रिका यदुवंशी इनोवेशन हाउस, तृतीय स्थान अविका सिंह क्रिएटिविटी हाउस ने प्राप्त किया। बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में ग्रुप ए इंट्रा डिबेट प्रतियोगिता में इंटीग्रिटी हाउस से प्रथम स्थान वैष्णवी, द्वितीय स्थान श्रेयांश रावत, तृतीय स्थान आयुष मौर्य, हार्मनी हाउस से से प्रथम स्थान आभा, द्वितीय स्थान अज़िकया रहमान,तृतीय स्थान अभिनव,विजडम हाउस से प्रथम स्थान अक्षत यादव, द्वितीय स्थान दिव्यांशी, तृतीय स्थान पीयूष,करिज हाउस से प्रथम स्थान अरनव,द्वितीय स्थान यशवी सैनी, तृतीय स्थान अर्पित ने प्राप्त किया। टाइम्स पब्लिक स्कूल कंपनी बाग में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा प्ले ग्रुप में गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभिजीत कुमार मिश्रा,द्वितीय स्थान का कविश गोस्वामी, तृतीय स्थान कृष्णवी पटेल, सांत्वना पुरस्कार सफ़वान हसन रुदेद त्रिपाठी, वेदांत पाठक, शौर्य कुशवाह ,कार्तिकेय यादव ने प्राप्त किया। अपर प्ले ग्रुप गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिविषा सिंह,द्वितीय स्थान मोहम्मद सुहान, तृतीय स्थान समरा शेख, सांत्वना पुरस्कार मर्जिया बुतूल, शादी हुसैन, मोहम्मद अब्बास हैदर,अनंत पाठक, नँउम्मे जैनब ने प्राप्त किया। कक्षा लोअर किंडरगार्डन मैं गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अतुल्य पटेल, द्वितीय स्थान श्रेयांशी वर्मा, तृतीय स्थान आराध्या पांडे, सांत्वना पुरस्कार अद्विका बक्शी,एलिस राठौर ,श्रीजा त्रिपाठी ,तनिष्का वर्मा, आयेजा खान ने प्राप्त किया।

बालाजी किड्स आ प्ले स्कूल में गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयत अली,यशिका सचदेवा,द्वितीय स्थान मरियम सिद्दीकी,तनीषा गुप्ता तृतीय स्थान अध्यावी यदुवंशी दृश्यानी, आरव निगम ने प्राप्त किया।विद्यालय के निदेशक श्री अंकुर माथुर जी, चारों शाखाओं की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सविता कौर, श्रीमती अना मैम, श्रीमती नाजिया मैम और श्रीमती निकहत परवीन, उप प्रधाना प्रधानाध्यापिका श्रीमती अल्पना कौर, कोऑर्डिनेटर श्रीमती ऋचा अग्निहोत्री द्वारा विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। संस्थान के सभी शिक्षिकाओं और स्टाफ के संयुक्त सहयोग से आयोजित प्रतियोगिताओं का सफल समापन हुआ।

## समृद्ध भारत की रीढ़ है स्वस्थ युवा : नेहा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा का कहना है कि नशा मुक्त युवा विकसित भारत का आधार है। और स्वस्थ युवा समृद्ध भारत की रीढ़। सुश्री मिश्रा आज यहां राजकीय हाई स्कूल भनौली में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित नशा मुक्त युवा विकसित भारत कार्यक्रम में बताओ मुख्य वक्ता सर मोदी कर रही थी। इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्य सरोज सिंह,दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा,जिला सह संयोजिका संगीता वर्मा व जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख सरिता सिंह ने संयुक्त रूप से महिषासुर मर्दिनी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य सरोज सिंह ने कहा कि जिस देश की युवा तरुणाई नशा मुक्त व स्वस्थ हो उसे देश को विकसित व सशक्त बनाने से कोई रोक नहीं सकता। इसके लिए युवाओं को नशा रूपी कुरीति से बचना होगा। जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख सरिता सिंह ने छात्रों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री राहुल कुमार,वर्षा जैन,मानसी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## लापता का फंदे पर लटकता मिला शव

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली बदोसरांय के किन्तूरअखाड़ापुरवा गांव निवासी 35 वर्षीय मोहित यादव उर्फ पप्पू पुत्र माधवराम फांसी लगाकर आतहत्या की। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मोहित यादव 7 दिसंबर रविवार शाम से लापता था। मृतक मोहित यादव एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक का कार्य करता था। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। बड़ा बेटा शिवम 15 वर्ष का है, जबकि छोटा बेटा सूरज 12 वर्ष का है। कोतवाली बदोसराय प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने इस संबंध में बताया कि युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## साईं बाबा की चरण पादुका आ रही है बाराबंकी

110 साल पुरानी है पादुका

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद वासियों को इस वर्ष एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक अनुभव मिलने जा रहा है। श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट, शिरडी 13 दिसंबर को साईं बाबा की 110 साल पुरानी पवित्र चरण पादुकाओं का दर्शन समारोह बाराबंकी में आयोजित करने जा रहा है। पहली बार इन मूल पादुकाओं को शिरडी से बाराबंकी लाया जा रहा है। 12 दिसंबर की रात ये पादुकाएं बाराबंकी पहुंचेगी, जिन्हें स्वयं संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और 2013 बैच के आईएएस अधिकारी गोरक्ष गडिलकर लेकर आ रहे हैं। 13 दिसंबर को शहर में जिला अस्पताल के सामने जीआईसी ऑडिटोरियम में पादुकाओं का प्रतिष्ठापन किया जाएगा। आयोजक राजेश अरोड़ा 'बब्बू' ने बताया कि यह पादुकाएं 2017–18 में दूसरी बार म्यूजियम से बाहर निकाली गई थीं, जब बाबा की समाधि के 100 साल पूरे हुए थे। अप्रैल 2024 में दक्षिण भारत में इनका दौरा हुआ और अब उत्तर भारत की यात्रा 1 दिसंबर से शुरू हुई है। लखनऊ में होने वाला यह आयोजन भक्तों के लिए एक दुर्लभ और पावन अवसर लेकर आ रहा है, जिसका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था।

## श्रीराम विवाहोत्सव : आस्था और संस्कृति का भव्य समागम

दरियाबाद बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । बेलहरी बबुआपुर में श्रीराम विवाहोत्सव का आयोजन इस वर्ष अत्यंत भव्य और विशेष रूप से मनाया गया। धार्मिक और सांस्कृतिक दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण इस आयोजन ने गाँव की आस्था, परंपरा और सामूहिक सहयोग का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। रामलीला के मंचन में गांव के कलाकारों की निष्ठा, भावाभिव्यक्ति और समर्पण ने सम्पूर्ण कथा को इतना सजीव बना दिया कि दर्शकों को मानो स्वयं त्रेता युग के पावन प्रसंगों का प्रत्यक्ष दर्शन हो रहा हो। कार्यक्रम में जनकपुरी, श्रीराम सीता विवाह, रावणऽबाणासुर संवाद और परशुरामऽलक्ष्मण संवाद जैसे प्रमुख प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। शिवांश शुक्ला ने भगवान श्रीराम के रूप में, पीयूष शुक्ला ने लक्ष्मण के रूप में, सोनी ने माता सीता के रूप में, सोनू शुक्ला ने परशुराम के रूप में और अंशु वर्मा ने राजा जनक के रूप में अत्यंत जीवंत अभिनय किया। इन सभी कलाकारों ने अपनी अनूठी प्रस्तुति से दर्शकों की वाहवाही लूट ली। विशेष रूप से धनुष भंग का क्षण इतना भावपूर्ण और उत्साहपूर्ण रहा कि पूरा वातावरण ॡजय श्रीरामॾ के जयकारों से गूंज उठा। परशुराम और लक्ष्मण के संवाद ने नाट्य प्रस्तुति में रोमांच और गंभीरता दोनों का संतुलन स्थापित किया। आयोजन के दौरान लगा राम विवाहोत्सव मेला भी ग्रामीणों और आगंतुकों के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र रहा, जिसने इस उत्सव को और अधिक जीवंत और उत्साहपूर्ण बना दिया। बेलहरी बबुआपुर में आयोजित यह श्रीराम विवाहोत्सव न केवल एक धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि यह सामाजिक एकजुटता, सांस्कृतिक धरोहर और ग्रामवासियों की सामूहिक ऊर्जा का भी सुंदर प्रतीक बनकर उभरा।

## मदनी का बयान मुसलमान को भड़काने वाला : वसीम

**अब उनकी दुकान बंदी की कगार पर है**

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने जमीयत उलेमा हिंद के सदर मौलाना महमूद मदनी के बयान की निंदा की घोर निन्दा की है।उन्होंने कहा की मदनी का बयान देश के मुसलमानों को भड़काने वाला है लेकिन पसमांदा मुसलमान इनके चक्कर में आने वाला नहीं है पसमांदा मुसलमान राष्टवादी देश प्रेमी है वो विदेशी मुसलमानों के साथ नहीं है वो देश के साथ देश की सरकार के साथ है। देश में पसमांदा मुस्लिम जागरूक हो गया है मदनी एंड कंपनी पंजे वाली पार्टी से डील करते थे अब ये दुकान बन्द होने की कगार पर है क्यों की पसमांदा मुसलमान जागरूक हो गए बिहार में जिस तरह से एनडीए के साथ जाकर सरकार बनवाई है इन पिछली सरकारों से डील करने वालो की नींद उड़ी है मदनी हिंदुस्तान की सबसे बड़ी अदालत पर आरोप लगा रहे है चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे वो सिर्फ मुसलमानों को उकसा रहे है देश के खिलाफ पर इनकी ये साजिश कामयाब होने वाली नही है पसमांदा मुसलमान देश की सरकार और प्रधान मंत्री मोदी के साथ खड़ा है उसको किसी तरह की दिक्कत नही है जितना सुरक्षित मुसलमान हिंदुस्तान में सायद किसी देश मे होगा । वक़्फ़ की जमीनों पर कब्जा मदनी एण्ड कम्पनी का किसी गरीब पसमांदा मुसलमान का नहीं है इसी लिए मदनी को दिक्कत हो रही है।जिहाद की बात करने वाले लोग राष्ट्रद्रोही हैं इनका मकसद देश का माहौल खराब करना है पर देश में कानून का राज चलेगा जो लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं सरकार उनके खिलाफ कार्यवाही करे।

# नशा–मुक्त युवा ही विकसित भारत का आधार

## विद्यालय में दुर्गा वाहिनी द्वारा नशा-मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। नशा-मुक्त युवा विकसित भारत का आधार है, स्वस्थ युवा समृद्ध राष्ट्र की रीढ़ हैॾ – यह विचार मुख्य वक्ता दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा ने राजकीय हाई स्कूल भनौली में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा आयोजित नशा-मुक्त युवा, विकसित भारत कार्यक्रम में व्यक्त किए।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य सरोज सिंह, विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा, जिला सह संयोजिका संगीता वर्मा तथा जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख सरिता सिंह ने संयुक्त रूप से महिषासुर मर्दिनी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।प्रधानाचार्य सरोज सिंह ने कहा कि किसी भी देश की युवा शक्ति यदि नशा-मुक्त और स्वस्थ हो, तो उसे विकसित एवं सशक्त बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसके लिए युवाओं को नशा जैसे सामाजिक अभिशाप से दूर रहना होगा।जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख सरिता सिंह ने छात्रों से नशा-मुक्ति का संकल्प दिलाया और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री राहुल कुमार, वर्षा जैन, मानसी शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अवशानेश्वर महादेव परिसर में सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## 192 जोड़ों ने लिया वैवाहिक जीवन का पहला संकल्प



हैदरगढ़ (बाराबंकी)। समाज कल्याण विभाग की ओर से अवशानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दिनेश रावत ने शिरकत कर सभी 192 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके सुखद एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।विधायक रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के सपनों को साकार करने वाली एक प्रभावी एवं संवेदनशील पहल है, जिससे समाज में सामूहिक सहयोग और सकारात्मकता का संदेश प्रसारित हो रहा है।कार्यक्रम में शामिल सभी 192 नवदम्पतियों को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं दी गईं।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख त्रिवेदीगंज सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष सुशील जायसवाल, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, मोनू सिंह, रामतीरथ वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला, चेयरमैन आलोक तिवारी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज दीक्षित, महादेव पाठक, अतुल गोस्वामी सहित सम्मानित जनप्रतिनिधि, जिला समाज कल्याण अधिकारी, उपजिलाधिकारी हैदरगढ़, सभी खंड विकास अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नवविवाहित जोड़े एवं परिजन उपस्थित रहे।

# चार माह पुराने शव की कब्र खुदवाई न्यायालय के आदेश पर पोस्टमार्टम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## दरियाबाद क्षेत्र के वीर कीठाई गांव में सनसनी, पत्नी की शिकायत के बाद उठे सवाल

बाराबंकी जिले के दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब चार महीने पहले दफनाए गए एक युवक का शव न्यायालय के आदेश पर कब्र खोदकर बाहर निकाला गया। मामला दरियाबाद क्षेत्र के डीहा मजरे वीर कीठाई गांव का है, जहां एक पीड़ित महिला की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की निगरानी में शव को निकालकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया, जिससे युवक की मौत की असली वजह सामने आने की उम्मीद है।पीड़िता किरन, पत्नी सरजू निवासी डीहा मजरे वीर कीठाई, पिछले 13 वर्षों से अपने पति और बच्चों के साथ बाराबंकी में किराए पर रह रही थी। वह बताती है कि उसके पति सरजू अक्सर पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर गांव आते-जाते थे, जहां आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती थी। करीब चार महीने पहले जब सरजू बंटवारे की बात कहकर गांव गए, तो वे वापस नहीं लौटे। लगभग एक महीने बाद किरन को सूचना मिली कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है और बिना बताए उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।महिला के अनुसार जब उसने इस बारे में अपने ससुराल पक्ष से बातचीत करनी चाही तो उसके देवर सुनील ने उसकी पिटाई कर उसे घर से भगा दिया। आहत और भयभीत किरन ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शव निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया। सोमवार को दरियाबाद पुलिस प्रशासन, सिरौलीगौसपुर के नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडेय तथा दरियाबाद कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सोनकर की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया पूरी की गई। नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का वास्तविक खुलासा हो सकेगा।यह घटना न केवल ग्रामीण क्षेत्र में फैली अनियमितताओं और पारिवारिक विवादों की गंभीर तस्वीर पेश करती है, बल्कि न्याय दिलाने के प्रति न्यायालय की संवेदनशीलता और प्रशासन की सक्रियता को भी उजागर करती है।

# जैदपुर में मांस की अवैध बिक्री, दो दुकानें सील



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पल्लवी तिवारी की टीम द्वारा कस्बा जैदपुर में मीट की दुकानों पर आकस्मिक छापेमारी की गई। टीम ने तीन दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान रिजवान और जावेद के द्वारा दुकान बंद कर फरार हो गए। जिससे खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दोनों दुकानों को सीज कर दिया गया। जिसके बाद टीम आरिफ मीट शॉप पर पहुंची जहां पर लाइसेंस के साथ कोई अतिरिक्त मीट नहीं मिला है। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी पल्लवी तिवारी ने बताया कि जिले में मिल रहे शिकायतों के आधार पर छापेमारी की गई है। जिसमें दो दुकान सीज की गई है जबकि एक का लाइसेंस मिला है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पाली उरेरमऊ से बुबूपुर तक सड़क पर राहगीर हो रहे चोटहिल

शुकुल बाजार अमेठी। विकास क्षेत्र शुकुल बाजार क्षेत्र के अंतर्गत पाली उरेरमऊ सम्पर्क मार्ग पूरे बक्सी चौराहा से बुबूपुर गांव तक जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह जगह डामर उखड़कर सड़क बह गया है और गिट्टी कंकड उभर चुके हैं जिससे मार्ग अत्यंत खतरनाक हो गया है। वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है और पैदल चलने वालों को भी गड्ढों व फिसलन भरे रास्ते से गुजरना बड़ी मजबूरी बन गया है। जगह जगह रोड के बहने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता हैलोग आये दिन चोटहिल होते रहते है।ग्रामीणों ने बताया कि इसी रास्ते से बच्चे स्कूल जाते हैं किसान खेतों तक पहुंचते हैं और मरीजों को अस्पताल ले जाया जाता है, लेकिन सड़क की दुर्दशा ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। वर्षों से शिकायत करने के बावजूद अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं मरम्मत का कार्य शुरू नही हुआ।ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तत्काल सड़क का निरीक्षण कराकर मरम्मत व पुनर्निर्माण की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन के लिये मजबूर होंगे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मूल संपत्ति ( बैनामा ) अभिलेख बही संख्या 01, जिल्द संख्या 1476 पृष्ठ संख्या ,135 से 154 क्रम संख्या 129 पंजीकरण दिनांक 17,01,2005 उपनिबंधक हैदरगढ़ बाराबंकी में पंजीकृत है उपरोक्त सम्पत्ति की पिछले बैनामा की मूल प्रतिलिपि खो गई है खोया हुआ बैनामा बही संख्या 01 जिल्द संख्या 1232 पृष्ठ संख्या 125 से 140 क्रम संख्या 2523 पंजीकरण दिनांक 25.08.2003 निबंधक कार्यालय हैदरगढ़ बाराबंकी में पंजीकृत है जिसकी रिपोर्ट दिनांक 05.12.2025 को उत्तर प्रदेश पुलिस लास्ट आर्टिकल रिपोर्ट संख्या 20250000894805 के माध्यम से दर्ज करा दी गई है ।

मधु साहू पत्नी पूर्णमासी साहू
निवासी कोठी परगना सिद्धौर जिला बाराबंकी





## गिल, हार्दिक की होगी वापसी, टी20 विश्व कप के लिए तैयारी करेगा भारत

एजेंसी



कटक। शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की वापसी से मजबूती हासिल करने वाली मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम मंगलवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के साथ अगले साल स्वदेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली यह श्रृंखला फरवरी में होने वाले विश्व कप के लिए भारत की औपचारिक तैयारी का आगाज है। विश्व कप से पहले भारतीय टीम 10 टी20 मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका के बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ भी पांच मैच की श्रृंखला खेलेगी। विश्व कप में भारत अपना पहला मैच सात फरवरी को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। भारतीय टीम इन दोनों श्रृंखला में स्पष्ट नजरिये के साथ उतरेगी जिसमें इसका मुख्य लक्ष्य विश्व कप से पहले खिलाड़ियों की भूमिका तय करना और उपयुक्त संयोजन तैयार करना होगा। पिछले वर्ष विश्व कप जीतने के बाद से भारत ने टी20 में दमदार प्रदर्शन किया है। विश्व कप में उसने लगातार आठ मैच जीतकर खिताब जीता था। तब से भारत ने अपनी जीत का आंकड़ा 26 मैच तक पहुंचा दिया है जिसमें एशिया कप में लगातार सात मैच जीतना भी शामिल है। इस बीच भारतीय टीम को केवल चार मैच में हार मिली। इस अवधि में भारतीय टीम ने कोई टी20 श्रृंखला नहीं हारी है और अब उसका लक्ष्य उस टीम के खिलाफ अपनी धार को और अधिक मजबूत करना होगा जिसे उसने टी20 विश्व कप फाइनल में हराया था। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण बाहर हो जाने के बाद वापसी कर रहे हैं। पिछले आईपीएल से लगातार क्रिकेट खेलने के कारण और भारत के आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए उनके कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर रखी जाएगी। लेकिन 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 29.89 की औसत से 837 रन बनाने वाले गिल के लिए यह श्रृंखला आईसीसी प्रतियोगिता से पहले अच्छी तैयारी करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गिल की वापसी से अभिषेक शर्मा के साथ उनकी मजबूत सलामी जोड़ी बनेगी। अभिषेक ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 163 रन बनाए थे और वह भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। इसके बाद उन्होंने घरेलू स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन किया है। सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में पंजाब के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 50.66 की औसत और 249 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 304 रन बनाए, जिसमें बंगाल के खिलाफ 52 गेंदों में 148 रन की तूफानी पारी भी शामिल है। भारत के लिए हार्दिक पंड्या की वापसी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। एशिया कप के दौरान क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण दो महीने से अधिक समय तक बाहर रहने वाले इस ऑलराउंडर ने शानदार वापसी करते हुए मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा की तरफ से एक मैच में 42 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाए और फिर चार ओवर में 52 रन देकर एक विकेट लिया। हार्दिक टीम के अन्य खिलाड़ियों से एक दिन पहले यहां पहुंच गए थे और उन्होंने बाराबती स्टेडियम में अकेले अभ्यास भी किया था। उनकी वापसी से भारतीय टीम को आवश्यक संतुलन मिलेगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव की लंबे समय से खराब फॉर्म इस श्रृंखला से पहले चर्चा का मुख्य विषय रहा है। आईपीएल में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 717 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## लियोन से कोई शिकायत नहीं, बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए उन्हें बाहर किया: स्मिथ

एजेंसी



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे एशेज टेस्ट में नाथन लियोन को अंतिम एकादश से बाहर रखने पर उठे विवाद को शांत करने की कोशिश करते हुए कहा कि यह फैसला बल्लेबाजी क्रम को मजबूत करने के लिए लिया गया था और स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज के खिलाफ कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं थी। यह पिछले 13 साल में पहला अवसर था जबकि लियोन को घरेलू टेस्ट मैच से बाहर किया गया। इस स्पिनर ने इसके बाद कहा था कि उनका मूड बेहद खराब है। ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा था कि लियोन को केवल इस मैच के लिए बाहर किया गया। उन्होंने एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए इस 38 वर्षीय स्पिनर को अंतिम एकादश में जगह देने की गारंटी दी थी। स्मिथ ने मैच के बाद फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा, ''लियोन को लेकर कुछ भी व्यक्तिगत शिकायत नहीं है। वह पिछले कई वर्षों से हमारे मुख्य स्पिनर रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए यह फैसला किया गया।'' उन्होंने कहा, ''जिस तरह से हमारे पुछल्ले बल्लेबाज लगभग 50 ओवर तक टिके रहे, उससे हमें वह संतुलन मिला जिसकी हमें तलाश थी। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को ब्रिस्बेन टेस्ट में बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। आस्ट्रेलिया के पुछल्ले बल्लेबाजों में तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने 77 रन की पारी खेली जबकि तेज गेंदबाज माइकल नेसर (16) और ब्रेंडन डोगेट (13) ने भी अच्छा योगदान दिया। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने संकेत दिया है कि चयनकर्ता 17 दिसंबर से एडिलेड टेस्ट के लिए टीम में संतुलन सुनिश्चित करने के लिए लियोन को अंतिम एकादश में शामिल कर सकते हैं। आईसीसी के अनुसार लाबुशेन ने कहा, ''मैं चयनकर्ता नहीं हूं, लेकिन मैं यही कहूंगा कि जिस तरह से उन्होंने (चयनकर्ताओं ने) इस मैच को लेकर अपना आकलन किया उसके आधार पर उन्होंने यह तय किया कि मैच जीतने का सबसे अच्छा तरीका क्या है। वे परिस्थितियों के अनुसार फैसला करते हैं।

## एफआईएच जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप: भारत ने वेल्स को 3-1 से हराया

सैंटियागो (चिली)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप 2025 के 9/16वें स्थान के क्वालिफिकेशन मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए वेल्स को 3-1 से मात दी। यह मुकाबला सोमवार को सैंटियागो स्थित सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टेडियो नासिओनल में खेला गया। भारत की ओर से हिना बानो (14वां मिनट), सुनेलिता टोप्पो (24वां मिनट) और इशिका (31वां मिनट) ने गोल दागे, जबकि वेल्स के लिए एलोइस मोएट (52वां मिनट) ने एकमात्र गोल किया। मैच की शुरुआत से ही भारतीय टीम आक्रामक नजर आई और पहले 30 सेकेंड के भीतर ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दबाव बनाए रखा और मौके बनाती रहीं, हालांकि शुरुआती मिनटों में गोल नहीं मिल सका। इस बीच वेल्स को पेनल्टी स्ट्रोक का मौका मिला, लेकिन भारतीय गोलकीपर निधि ने शानदार बचाव करते हुए स्कोर बराबर रखा। पहले क्वार्टर के अंतिम क्षणों में साक्षी राणा की बेहतरीन मूव के बाद हिना बानो ने आसान टैप-इन से भारत को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा जारी रहा और एक बार फिर साक्षी राणा के शॉट के रिबाउंड पर सुनेलिता टोप्पो ने नजदीक से गोल कर बढ़त को 2-0 कर दिया। पहले हाफ में 14 सर्कल एंट्री के साथ भारत मजबूत स्थिति में रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही भारत ने तीसरा गोल दाग दिया। वेल्श गोलकीपर के रिबाउंड पर इशिका ने गेंद को गोलपोस्ट में भेज दिया। इसके बाद कोच ज्योति सिंह की टीम ने खेल की रफ्तार पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और ऊंची प्रेस के साथ वेल्स की रक्षा पंक्ति को लगातार पीछे धकेलती रही।

## नवनियुक्त केएससीए अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने चिन्नास्वामी में आईपीएल व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी का किया वादा

एजेंसी




नई दिल्ली। नवनिर्वाचित कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष और भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक बार फिर आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी सुनिश्चित करने के साथ-साथ कर्नाटक क्रिकेट के समग्र विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प जताया है। प्रसाद का यह चयन केएससीए के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 4 जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल 2025 जीत पर निकाली गई विजय यात्रा के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद केएससीए सवालों के घेरे में आ गया था। पूर्व में 2010 से 2013 तक केएससीए के उपाध्यक्ष रह चुके प्रसाद ने भारत के लिए 33 टेस्ट और 161 एकदिवसीय मैच खेले हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों में क्लीन स्वीप करने वाले उनके 'टीम गेम चेंजर्स' पैनल का उद्देश्य संगठन का फोकस फिर से क्रिकेट पर लाना और चिन्नास्वामी स्टेडियम की प्रतिष्ठा को एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय स्थल के रूप में बहाल करना है। प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ष्केएससीए अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। चिन्नास्वामी में आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी और कर्नाटक क्रिकेट के हर स्तर पर विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। टीमवर्क, पारदर्शिता और समर्पण के साथ हम अपने लक्ष्य तक जरूर पहुंचेंगे। मुझ पर विश्वास जताने वाले हर सदस्य का धन्यवाद। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुजित सोमसुंदर को रविवार को केएससीए का उपाध्यक्ष चुना गया है, जबकि संतोष मेनन सचिव पद पर लौटे हैं। मेनन इससे पहले 2019 से 2022 तक भी इस पद पर रह चुके हैं। बी.एन. मधुकर को कोषाध्यक्ष चुना गया है, वहीं प्रतिद्वंद्वी के.एन. शांत कुमार पैनल के बीके रवि ने संयुक्त सचिव का पद हासिल किया। केएससीए चुनावों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कई नामांकन पत्र खारिज हुए और एक हाईकोर्ट केस ने चुनावी माहौल को और गरमाया। रविवार को 1,307 वोट डाले गए, जो 2013 के रिकॉर्ड 1,351 मतों से कुछ कम थे। वेंकटेश प्रसाद को 749 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी के.एन. शांत कुमार को 588 वोट प्राप्त हुए। प्रसाद पैनल को पूर्व भारतीय दिग्गज अनिल कुंबले और जवागल श्रीनाथ का भी समर्थन हासिल था, जो 2010 से 2013 के बीच क्रमशः केएससीए अध्यक्ष और सचिव रह चुके हैं। उपाध्यक्ष पद पर सोमसुंदर ने 719 वोट हासिल कर डी. विनोद शिवप्पा (588) को हराया। सचिव पद पर संतोष मेनन ने 672 वोट पाकर ई.एस. जयराम (632) को मात दी। कोषाध्यक्ष पद पर मधुकर ने 736 वोट के साथ एम.एस. विनय (571) को पराजित किया। संयुक्त सचिव पद पर बीके रवि ने 669 वोट के साथ ए.वी. शशिधर (638) को हराया। प्रबंध समिति के दो आजीवन सदस्य पदों पर वी.एम. मंजुनाथ (690 वोट) और सैलेश एन. पोल (618 वोट) चुने गए। बेंगलुरु ज़ोन से पूर्व क्रिकेटर कल्पना वेंकटाचर (764 वोट), अविनाश वैद्य (691) और आशीष अमरलाल (703) ने तीनों उपलब्ध सीटें अपने नाम कीं।

## रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर एकीकृत सौर विनिर्माण सुविधा करेगी स्थापित

एजेंसी



नई दिल्ली। उद्योगपति अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस समूह की इकाई रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर भारत के सबसे उन्नत, पूर्णतः एकीकृत सौर विनिर्माण परिवेश में से एक की स्थापना करने जा रही है, जिसमें इन्गोट, वेफर्स, सेल और मॉड्यूल शामिल होंगे। रिलायंस समूह ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसकी ब्रांच रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के निवेशकों के समक्ष यह प्रस्ताव पेश की गई है। यह विनिर्माण सुविधा अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी से लैस होगी, जिसमें इनगॉट्स, वेफर्स, सेल्स और मॉड्यूल शामिल हैं। कंपनी के मुताबिक यह आयात निर्भरता को कम करने और भारत की स्वच्छ ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक एकीकृत मंच होगा। ये सुविधा मांग-आपूर्ति के बीच के बड़े अंतर को पाटेगी, क्योंकि भारत को 2030 तक प्रतिवर्ष 55-60 गीगावाट सौर मॉड्यूल की जरूरत होगी, जबकि 'अपस्ट्रीम' क्षमता अब भी काफी कम है। रिलायंस समूह की एक अन्य कंपनी रिलायंस पावर ने अपने निवेशक प्रस्तुतिकरण में बताया कि रिलायंस एनयू एनर्जीज साधारण सौर ऊर्जा से हाइब्रिड एवं ठोस, चौबीसों घंटे (आरटीसी) नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बदलाव को बल दे रही है। भारत का स्थापित स्थिर भंडारण आधार वर्तमान में एक गीगावाट से भी कम है, जो 2032 तक बढ़कर 250 गीगावाट हो जाएगा। दरअसल घरेलू विनिर्माण वर्तमान में अपेक्षित मांग का 10 फीसदी से भी कम पूरा कर पाता है।

## चीन का निर्यात नवंबर में 5.9 प्रतिशत बढ़ा अमेरिका को निर्यात में 29 प्रतिशत की गिरावट

हांगकांग। चीन के निर्यात में नवंबर में वृद्धि हुई जबकि पिछले महीने इसमें अप्रत्याशित गिरावट आई थी। दूसरी ओर अमेरिका को निर्यात में एक साल पहले की तुलना में लगभग 29 प्रतिशत की गिरावट आई जो लगातार आठवें महीने दोहरे अंकों में गिरावट का संकेत है। सोमवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में चीन से कुल निर्यात डॉलर के लिहाज से पिछले साल की तुलना में 5.9 प्रतिशत बढ़कर 330.3 अरब डॉलर रहा। यह अर्थशास्त्रियों के अनुमान से बेहतर है। साथ ही यह अक्टूबर में हुई 1.1 प्रतिशत की गिरावट में भी सुधार है। चीन से अमेरिका को निर्यात में वर्ष के अधिकतर समय गिरावट रही है। वहीं दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लातिन अमेरिका सहित अन्य गंतव्यों को निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई। नवंबर में चीन के आयात में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो अक्टूबर की एक प्रतिशत वृद्धि से बेहतर है। हालांकि संपत्ति क्षेत्र में लगातार मंदी अब भी उपभोक्ता खर्च और व्यावसायिक निवेश पर दबाव डाल रही है। दक्षिण कोरिया में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन नेता शी चिनफिंग के बीच अक्टूबर के अंत में हुई बैठक में दोनों देशों के बीच एक साल के लिए व्यापार युद्ध विराम पर सहमति बनी। अमेरिका ने चीन पर अपने शुल्क कम कर दिए हैं और चीन ने दुर्लभ खनिजों से संबंधित अपने निर्यात नियंत्रणों को समाप्त करने का वादा किया है। आईएनजी बैंक के अर्थशास्त्री लिन सोंग और दीपाली भार्गव ने एक रिपोर्ट में लिखा, ''हालांकि व्यापार युद्ध विराम और अमेरिका के शुल्क में कटौती चीनी निर्यात के लिए सकारात्मक बातें होनी चाहिए लेकिन अब हम ऐसे दौर में प्रवेश कर रहे हैं जब प्रतिकूल प्रभाव सामने आने शुरू होंगे। एक आधिकारिक सर्वेक्षण के अनुसार, पिछले महीने चीन की कारखाना गतिविधि लगातार आठवें महीने घटी थीं। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह निर्धारित करना अब भी जल्दबाजी होगी कि अमेरिका-चीन व्यापार समझौते के बाद बाहरी मांग में वास्तविक उछाल आया है या नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व कप से पहले टी20 टीम में बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं: पाक कप्तान सलमान

**कराची।** पाकिस्तान की टी20 टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने अगले साल के शुरू में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में किसी भी बड़े बदलाव से इनकार किया और कहा कि पिछले कुछ महीनो में खिलाड़ियों को उनकी विशिष्ट भूमिकाएं सौंपे जाने के बाद टीम में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पाकिस्तान ने इस वर्ष एशिया कप के फाइनल में भारत से मिली हार के बाद बड़े बदलाव करते हुए अब्दुल समद, बाबर आजम, उस्मान खान और नसीम शाह को टीम में शामिल किया था। पाकिस्तान ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में हराया और फिर पिछले महीने जिम्बाब्वे और श्रीलंका के साथ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला जीती। सलमान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पॉडकास्ट पर कहा, ''मुझे विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टी20 टीम में कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आता है। मुझे लगता है कि हमारा मौजूद संयोजन विश्व कप में भी बरकरार रहेगा। पिछले कुछ महीनो में प्रत्येक खिलाड़ी को कुछ विशिष्ट भूमिका दी गई और टीम के प्रदर्शन में उसके बाद सुधार हुआ है। पाकिस्तान को विश्व कप से पहले छह टी20 मैच खेलने हैं। विश्व कप अगले साल सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा।

### महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा में 75,286 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगें पेश कीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने 75,286.38 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगें सोमवार को विधानसभा में पेश कीं। इनमें से प्रस्तावित व्यय का बड़ा हिस्सा किसान राहत, सब्सिडी और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर खर्च किए जाने का प्रस्ताव है। राज्य का सार्वजनिक ऋण वर्तमान में 9.32 लाख करोड़ रुपये है। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री अजित पवार ने राज्य विधानमंडल के सप्ताह भर के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन के समक्ष अनुपूरक मांगें रखीं। नवीनतम प्रस्तावों के साथ वर्तमान सरकार द्वारा रखी गई कुल अनुपूरक मांगें 1,73,019 करोड़ रुपये की हो गई हैं। यह महायुति सरकार द्वारा प्रस्तुत अनुपूरक मांगों का चौथा 'सेट' है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7.06 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पेश करने के बाद, राज्य ने दिसंबर 2024 में शीतकालीन सत्र के दौरान लाडकी बहिन योजना, मूर्ति निर्माण और सड़क मरम्मत के लिए 33,738 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगें पेश की थीं। सरकार ने मार्च में बजट सत्र के दौरान मुख्य रूप से प्रशासनिक खर्चों के लिए 6,486 करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग की, इसके बाद जुलाई में मानसून सत्र के दौरान कल्याणकारी योजनाओं, 15वें वित्त आयोग से जुड़े अनुदानों एवं कुंभ मेले की तैयारियों के लिए 57,509 करोड़ रुपये की मांग की। कुंभ मेला अक्टूबर 2026 में नासिक में शुरू होगा।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी का आईपीओ 12 दिसंबर को खुलेगा, मूल्य दायरा 2,061-2,165 रुपये प्रति शेयर

**नयी दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक की अनुषंगी कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 2,061 से 2,165 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इससे कंपनी का मूल्यांकन 1.07 लाख करोड़ रुपये (करीब 11.86 अरब डॉलर) आंका गया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि 10,602 करोड़ रुपये का आईपीओ बोली के लिए 12 दिसंबर को खुलेगा और 16 दिसंबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 11 दिसंबर को बोली लगा सकते हैं। यह निर्गम पूरी तरह से प्रवर्तक द्वारा 4.89 करोड़ से अधिक शेयर की बिक्र पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी का शेयर 19 दिसंबर को बाजार में सूचीबद्ध हो सकता है।

### झारखंड सरकार ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 7,721.25 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट किया पेश

रांची। झारखंड सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7,721.25 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सोमवार को विधानसभा में पेश किया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चालू वित्त वर्ष के लिए दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। मांगों पर बहस नौ दिसंबर को होनी है। मानसून सत्र के दौरान 25 अगस्त को सदन ने 4,296.62 करोड़ रुपये का पहला अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित किया था।

## मोटर वाहन की खुदरा बिक्री में नवंबर में तेजी बरकरार

नयी दिल्ली। त्योहारों के बाद मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री में तेजी बनी रही और नवंबर में पंजीकरण में सालाना आधार पर दो प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसे यात्री वाहनों, तिपहिया वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर की मजबूत मांग से बल मिला। वहान डीलर के संगठन फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। फ़ेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, नवंबर 2024 में 32,31,526 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 33,00,832 इकाई हो गई। पिछले साल दीपावली एवं धनतेरस अक्टूबर के अंत में पड़े थे और वाहनों का पंजीकरण नवंबर में हुआ था, जिससे बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, ''जीएसटी दरों में कटौती और मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के डीलर द्वारा की जा रही खुदरा पेशकशों से ग्राहकों ने खरीद की योजना बनाई जिससे त्योहारों के बाद भी ग्राहकों की संख्या में लगातार बढ़ती रही। विभिन्न श्रेणियों में कीमतों में कटौती से अक्टूबर में अच्छी खरीदारी हुई और नवंबर में भी ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी जारी रही। उन्होंने कहा कि नवंबर 2025 में त्योहारों के बाद की पारंपरिक मंदी को दरकिनार कर दिया गया तथा पिछले वर्ष के असामान्य रूप से उच्च तुलनात्मक आधार के बावजूद मजबूत प्रदर्शन किया गया। उद्योग निकाय के अनुसार, नवंबर में यात्री वाहनों का पंजीकरण 20 प्रतिशत बढ़कर 3,94,152 इकाई हो गया जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 3,29,253 इकाई से अधिक है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती, विवाह संबंधी मांग, उच्च प्रतीक्षा वाले मॉडलों की बेहतर आपूर्ति और कॉम्पैक्ट एसयूवी से निरंतर बढ़ावा के कारण इस खंड में वृद्धि देखी गई।

## जीईएलएस 2025 का चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर के साथ हुआ समापन

पुरी। ओडिशा के उप मुख्यमंत्री के. वी. सिंह देव ने सोमवार को कहा कि दो दिवसीय वैश्विक ऊर्जा नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2025 (जीईएलएस 2025) का समापन 'पुरी घोषणापत्र' का मसौदा पेश करने तथा भारत के ऊर्जा बदलाव को मजबूत करने के लिए चार ज्ञान-साझेदारी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर के साथ हुआ। जीईएलएस में नेताओं, नीति निर्माताओं, उद्योग के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ), वैश्विक विशेषज्ञों एवं शोधकर्ताओं के एक प्रतिष्ठित समूह ने बंद कमरे में विचार-विमर्श, विषयगत समिति चर्चा, तकनीकी गहन विश्लेषण और ज्ञान-साझाकरण सत्रों की एक संरचित श्रृंखला में हिस्सा लिया। देश में सौर ऊर्जा सहित स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह शिखर सम्मेलन रविवार शाम को संपन्न हुआ। आधिकारिक बयान में कहा गया, '' इन बैठकों में कृत्रिम मेधा (एआई)-सक्षम ग्रिड सुरक्षा, कार्बन बाजार, उन्नत वित्तपोषण, स्वच्छ प्रौद्योगिकी नवाचार एवं संस्थागत सुधार जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। सामूहिक रूप से इन विचार-विमर्शों ने एक दीर्घकालिक व सहयोगात्मक मंच की नींव रखी है जो भारत के ऊर्जा क्षेत्र को एक स्वच्छ, मजबूत और नवाचार-संचालित भविष्य की ओर ले जाएगा। बयान के अनुसार, शिखर सम्मेलन में नवीकरणीय ऊर्जा में शुरुआती परियोजनाओं के लिए सिंगापुर की नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एनटीयू), ग्रिडको (ओडिशा ग्रिड कॉर्पोरेशन) और आईआईटी भुवनेश्वर के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दूसरा समझौता ग्रिडको, रिन्यू, आईआईटी भुवनेश्वर और अवाडा ग्रुप द्वारा 'ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के संबंध में है। एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल), ओआरईडीए (ओडिशा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी), जीईडीसीओएल (ओडिशा ग्रीन एनर्जी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के बीच ओडिशा में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई), ओडिशा जल विद्युत निगम (ओएचपीसी), ओडिशा हरित ऊर्जा विकास निगम (जीईडीसीओएल) और ओडिशा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (ओआरईडीए) के बीच नवीकरणीय ऊर्जा विकास एवं एकीकृत योजना में तेजी लाने के लिए एक बहु-एजेंसी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

# स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक पर लगी संसद की मुहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा ने विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए पान मसाला पर उपकर लगाने के प्रावधान वाले 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025' को सोमवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास और वी शिवादासन ने विधेयक के कुछ प्रावधानों में संशोधन के लिए संशोधन के प्रस्ताव दिये थे लेकिन सदन ने इन्हें ध्वनिमत से नामंजूर कर दिया। द्रमुक के तिरूचि शिवा का संशोधन समय बीते जाने पर दिया गया था इसलिए आसन ने नियमों को हवाला देते हुए इसे स्वीकार नहीं किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा चर्चा का जवाब दिये जाने के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। श्रीमती सीतारमण ने विधेयक पर तीन घंटे से भी अधिक समय तक हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक में पान मसाला पर उपकर लगाने का प्रस्ताव है और इससे एकत्र की गई राशि का इस्तेमाल लोगों के स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा पर खर्च के लिए किया जाएगा। सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि सेनाओं के आधुनिकीकरण और उन्हें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने तथा देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए धन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की सीमाओं को सुरक्षित बनाने और प्रतिष्ठानों को अभेद्य कवच प्रणाली प्रदान करने के लिए स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने संबोधन में सुदर्शन चक्र का जिक्र किया था। इस सुरक्षा व्यवस्था पर अमल के लिए पैसे की आवश्यकता है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि वैसे तो स्वास्थ्य राज्य का विषय है लेकिन एक विशेष परिस्थिति में इसे रक्षा जो केन्द्र का विषय है उसके साथ जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि उपकर लगाने से मिलने वाले पैसे से देश भर में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान की जायेगी और उसे विशेष संकट की स्थिति से निपटने के लिए तैयार किया जायेगा। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 40 प्रतिशत से अधिक कर लगाने की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि पान मसाला पर लगाये गये क्षतिपूर्ति उपकर की अवधि इसी महीने समाप्त होने जा रही है। इसलिए यह उपकर लगाया जा रहा है। उन्होंने सदस्यों को आश्वस्त किया कि इस राशि का दुरूपयोग नहीं किया जायेगा और राज्यों को भी इसमें हिस्सेदारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि विधेयक के पारित होने के बाद उपकर की व्यवस्था से एकत्र धन के इस्तेमाल की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से विधिवत अधिसूचना जारी की जायेगी जिसमें समूची प्रक्रिया का उल्लेख किया जायेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि संविधान में संसद को अधिकार दिया गया है कि वह विशेष उद्देश्यों के लिए उपकर वसूल सकती है। उन्होंने सदस्यों की इन आशंकाओं को भी खारिज कर दिया कि उत्पादन क्षमता के आधार पर उपकर वसूलने के मामले में फैक्ट्री मालिक को परेशान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में यह ध्यान रखा जायेगा कि इसमें किसी भी तरीके से इन्स्पेक्टर राज ने बढे। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर आरोप लगाया कि उन्होंने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण पर ध्यान नहीं दिया और रक्षा उपकरणों तथा हथियारों के लिए पर्याप्त धन मुहैया नहीं कराया गया। उन्होंने पूर्व रक्षा मंत्री ए के एंटनी के संसद में दिये गये बयान का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि रक्षा उपकरण खरीदने के लिए पर्याप्त धन नहीं है। राज्यों के अधिकारों पर कुठाराघात के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने हमेशा राज्यों के राजस्व का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि 14 वें वित्त आयोग ने केन्द्रीय योजनाओं को बंद करने की सिफारिश की थी लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर अमल नहीं किया और कहा कि इन योजनाओं को जारी रखा जायेगा और इन योजनाओं से आज भी राज्य सरकारों को पैसा दिया जा रहा है।

श्रीमती सीतारमण ने तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों के आरोपों का जवाब देते हुए पलटवार किया और कहा कि राज्य सरकार के रवैये के कारण पश्चिम बंगाल के गरीब लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### मोदी ने बिहार के राजग सांसदों से कहा

# बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों से हाल में संपन्न राज्य विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन की शानदार जीत के बाद लोगों के कल्याण के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ‌बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है।

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राजग सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को उस समय यह संदेश दिया, जब वे (राजग सांसद) उन्हें (मोदी को) बिहार चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन की भारी जीत की बधाई देने के लिए दिल्ली आए थे। बैठक के बाद शांभवी ने पत्रकारों से कहा, हमने बिहार में शानदार नेतृत्व और प्रचार अभियान के समर्थन के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी तथा उनका आभार जताया, जिसके कारण हमारे चुनाव अभियान को मजबूत गति मिली थी। प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया कि बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। शांभवी ने बताया कि मोदी ने सांसदों से बिहार के लोगों के कल्याण के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करने का आह्वान किया, क्योंकि सभी के लिए समावेशी विकास राजग की स्पष्ट प्राथमिकता है, फिर चाहे वे किसी भी वर्ग के हों। शांभवी के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने राजग सांसदों से कहा कि वे नकारात्मकता, घृणा और झूठ के बजाय प्रगति पर ध्यान केंद्रित करें। सूत्रों के अनुसार, मोदी ने बिहार के राजग सांसदों को याद दिलाया कि उनका असली काम चुनाव के बाद शुरू होता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने गठबंधन के प्रत्येक सहयोगी दल से बातचीत की और बिहार में राजग की जीत के महत्व पर जोर दिया।

# बंगाल में पांच और पर्यवेक्षकों की तैनाती, चुनाव आयोग ने एसआईआर की जांच कड़ी की

एजेंसी

कोलकाता। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की निगरानी तेज करने के लिए पश्चिम बंगाल में पांच अतिरिक्त पर्यवेक्षकों को तैनात किया है। पर्यवेक्षक राज्य के पांच संभागों, प्रेसिडेंसी, मेदिनीपुर, बर्दवान, मालदा और जलपाईगुड़ी में एसआईआर की देखरेख करेंगे क्योंकि जिला अधिकारियों द्वारा पहले प्रस्तुत किए गये आंकड़ों पर सवाल उठाए गये थे। नये पर्यवेक्षक कुमार रविकांत सिंह, नीरज कुमार बंसोड़, आलोक तिवारी, पंकज यादव और कृष्णकुमार निराला हैं। वे विभिन्न जिलों में पहले से तैनात 12 एसआईआर पर्यवेक्षकों के साथ मिलकर काम करेंगे। आयोग ने इससे पहले सुब्रत गुप्ता को राज्य का विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार तक संशोधन अभियान में बंगाल की मतदाता सूची से 54,59,541 नाम हटाए गए हैं। इनमें से 23,71,239 मृत मतदाता हैं। शेष नामों में वे मतदाता शामिल हैं जिन्होंने अपना निवास स्थान बदल लिया है, जिनका पता नहीं चल सका है या वे मतदाता जिन्हें अमान्य या फर्जी घोषित किया गया है। आयोग ने कहा है कि इन आंकड़ों की सटीकता सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए संभाग-स्तरीय आंकड़ों की पुष्टि करने के लिए अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। आयोग के लिए एक प्रमुख चिंता पिछली रिपोर्टों में विसंगतियां रही हैं। चुनाव आयोग की चिंता इस बात से उत्पन्न हुई है कि जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) ने चुनाव आयोग को सूचित किया था कि 2,208 मतदान केंद्रों पर पिछले वर्ष कोई मौत या पलायन दर्ज नहीं किया गया था लेकिन चुनाव आयोग द्वारा स्पष्टीकरण मांगे जाने के बाद मतदान केंद्रों की संख्या घटकर केवल सात रह गई। बंगाल में 12 अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ चार नवंबर को शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया की समय-सीमा में संशोधन किया गया है। मूल रूप से, गणना प्रपत्र चार दिसंबर तक ईसीआई पोर्टल पर अपलोड होना था, जिसमें मसौदा पत्र नौ दिसंबर को और अंतिम नामावली सात फरवरी, 2026 को प्रकाशित होनी थीं। हालांकि, 30 नवंबर को एक अधिसूचना द्वारा समय सीमा सात दिन बढ़ा दी गई। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, गणना प्रपत्र जमा करने और अपलोड करने का काम 11 दिसंबर तक पूरा हो जाना चाहिए। 12 से 15 दिसंबर तक मसौदा मतदाता सूची तैयार की जाएगी और 16 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। मसौदा नामावलियों से संबंधित आपत्तियां और दावे 15 जनवरी तक दर्ज किए जा सकते हैं।

# सत्ता पक्ष के लोग बतायें कि उनकी विचारधारा के लोगों ने कब 'वंदे मातरम्' का गायन किया : अखिलेश

एजेंसी



नयी दिल्ली। समाजवादी पार्टी (सपा) के अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि जिस विचारधारा के लोगों ने स्वतंत्रता आंदोलन में कभी भाग नहीं लिया, उसी विचारधारा के लोग आज 'वंदे मातरम' और आजादी के आंदोलन को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।

श्री यादव ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर लोक सभा में चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि सत्ता पक्ष के लोग आज हर उस अच्छी चीज को अपना लेना चाहते हैं, जिसमें उनकी दूर-दूर तक सहभागिता भी नहीं रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने देश तोड़ने का काम किया, वैसी ही विचारधारा के लोग आज फिर समाज में दरार पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने को प्रखर 'राष्ट्रवादी ' कहते हैं, दरअसल वे लोग 'राष्ट्रविवादी' हैं। ऐसे लोग आये दिन तरह-तरह के विवादों को जन्म देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम ऐसा गीत है, जिसने लाखों लोगों को जागरुक किया, उन्हें नयी ऊर्जा दी, ताकत दी। उनके जोश से अंग्रेज घबराने लगे और वंदेमातरम का गायन करने वाले विद्यार्थियों तक को देशद्रोही करार देकर जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम गायन मात्र के लिए नहीं है, इसकी भावना को अपनाया भी जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग आज वंदे मातरम को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, वे बतायें कि आजादी से पहले उनकी विचारधारा से जुड़े लोगों ने कब वंदे मातरम गाया। वे बतायें कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर उन्होंने कब से अपने कार्यक्रमों या चुनावी सभाओं में लगानी शुरू की।

उन्होंने कहा कि जब सपा और बहुजन समाज पार्टी ने मिलकर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को पराजित किया, तब से भाजपा ने संविधान निर्माता के चित्र लगाने शुरू किये। श्री यादव ने कहा कि आज की बात करें तो सत्ता पक्ष बताये कि इंडिगो की उड़ानें कब तक नियमित होंगी। उत्तर प्रदेश में 26 हजार स्कूल बंद कर दिये गये, इसका जवाब कौन देगा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम की मूल भावना देशप्रेम और भाईचारा को अपनाकर ही देश की बेहतर सेवा की जा सकेगी।

## भारत विरोधी पोस्ट के आरोपी प्रोफ़ेसर को मिली जमानत, लेकिन नौकरी पर नहीं होगी वापसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया पर 'भारत विरोधी और अभद्र बयान' पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार असम के गोसाईगांव महाविद्यालय के निलंबित प्रोफ़ेसर जोयनाल आबेदीन को सोमवार को जमानत दे दी। श्री आबेदीन को ज़मानत देते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह भी साफ कर दिया कि जमानत के आदेश को उन्हें नौकरी पर वापस रखने का आधार नहीं माना जाना चाहिये। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आबेदीन छह महीने से हिरासत में हैं और मुकदमे में काफी समय लगने की संभावना है क्योंकि अभियोजन पक्ष को अभी भी चार गवाहों से पूछताछ करनी है। उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया, ''इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उन्हें जमानत बांड जमा करने की शर्त पर रिहा किया जाये। उन्हें हर सुनवाई में मौजूद रहना होगा।'' न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि गंभीर आरोपों को देखते हुए उनका निलंबन जारी रहना चाहिये। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ''इस आदेश को याचिकाकर्ता को नौकरी पर वापस रखने का आधार नहीं माना जायेगा। यह सलाह दी जाती है कि उन्हें वापस न रखा जाए क्योंकि उन पर छात्राओं के खिलाफ गलत काम करने के आरोप हैं। उल्लेखनीय है कि आबेदीन का नाम दो अन्य मामलों में भी है, जिनमें महाविद्यालय में छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोप हैं। उल्लेखनीय है कि श्री आबेदीन की फ़ेसबुक पोस्ट में लिखा था, ''हम पाकिस्तानी नागरिकों के भाई के साथ हैं'' और ''हम भविष्य में भी उनके साथ रहेंगे,'' जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने जुलाई में उन्हें यह कहते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया था कि उनकी फ़ेसबुक पोस्ट ने दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव के समय पाकिस्तान का समर्थन किया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 51ए के तहत अपने मौलिक कर्तव्यों का उल्लंघन किया है। पिछले महीने, उच्चतम न्यायालय ने भी उनके ऑनलाइन व्यवहार पर कड़ी नाराजगी जताई थी, जिसमें उन पर महिलाओं का पीछा करने और उनके खिलाफ अश्लील टिप्पणी करने के आरोप थे।

## भारत को उम्मीद, चीन उसके हवाई अड्डों से गुजरने वाले भारतीय नागरिकों को परेशान नहीं करेगा

नयी दिल्ली। भारत ने उम्मीद जतायी है कि चीन उसे भरोसा दिलायेगा कि उसके हवाई अड्डों से गुज़रने वाले भारतीय नागरिकों को जानबूझकर निशाना नहीं बनाया जाएगा, मनमाने ढंग से हिरासत में नहीं लिया जाएगा और परेशान नहीं किया जाएगा। विदेश मंत्रालय की ओर से यह बात अरुणाचल प्रदेश के एक भारतीय नागरिक को शंघाई एयरपोर्ट पर हिरासत में लिए जाने के मद्देनजर कही गयी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि भारत को उम्मीद है कि चीन हवाई यात्रा से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय नियमों का सम्मान करेगा। उन्होंने दोहराया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अटूट हिस्सा है और हमेशा रहेगा। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को चीन की यात्रा करते या चीन से गुज़रते समय पूरी समझदारी से काम लेने की भी सलाह दी। प्रवक्ता ने सवाल के जवाब में कहा ,'' शंघाई हवाई अड्डे पर हाल ही में हुई घटना के बाद, जिसका आपने ज़िक्र किया है, हम आपकी चिंता से पूरी तरह सहमत हैं। हम उम्मीद करते हैं कि चीन के अधिकारी यह भरोसा देंगे कि चीन के एयरपोर्ट से गुज़रने वाले भारतीय नागरिकों को खास तौर पर निशाना नहीं बनाया जाएगा, उन्हें मनमाने ढंग से हिरासत में नहीं लिया जाएगा या परेशान नहीं किया जाएगा और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्रा को नियंत्रित करने वाले नियमों का चीन सम्मान करेगा। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय भारतीय नागरिकों को सलाह देगा कि चीन जाते या वहां से गुज़रते समय वे पूरी समझदारी से काम लें। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने अरुणाचल प्रदेश की एक महिला यात्री को चीन से गुज़रने के दौरान शंघाई हवाई अड्डे पर कई घंटों तक हिरासत में रखा गया था, और तब तक वहीं रखा गया जब तक भारतीय अधिकारी मामले को सुलझाने और उसकी यात्रा को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए वहां नहीं पहुंच गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति के बाद चीन के साथ भारत के संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

# पेज एक का शेष

### कांग्रेस ने वंदे...

करने की ताकत है। यह हमारे लिए प्रेरणा है। हम आत्म निर्भर भारत का सपना लेकर चल रहे है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर लोकसभा में सोमवार को हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सदस्यों ने भले ही एक दूसरे को जमकर निशाना बनाया और आजादी के आंदोलन में उनकी भूमिका को लेकर हमला किया लेकिन वंदे मातरम गीत ने आजादी के आंदोलन के दौरान देश को जिस तरह से एक सूत्र में पिरोये रखा उसकी सबने सराहना की और कहा कि यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए उस दौरान गले का हार बन गया था और सब इस गीत को गाकर प्रेरणा लेते थे। सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने श्री मोदी पर कटाक्ष किया कि वह वंदेमातरम् पर चर्चा की शुरुआत करते हुए सिर्फ यही जताते रहे कि उनके दल की विचारधारा से जुड़े रहे लोग भी आजादी के आंदोलन का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग उनकी विचारधारा से जुड़े रहे लोगों में से एक भी नाम ऐसा नहीं बता पायेंगे, जिसने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन में कभी शिरकत की हो। उन्होंने सत्ता पक्ष से पूछा, ''1942 के 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' आंदोलन के दौरान आपके राजनीतिक पूर्वज कहां थे, सत्ता पक्ष की विचारधारा वाले लोगों ने न तो बंगाल को कभी समझा, न ही राष्ट्र को कभी समझा। भाजपा के लोग दिल्ली में बंगाली भाषा बोलने वालों को बंगलादेशी समझते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से जुड़े लोग अंग्रेजों के जुल्म से नहीं डरे और तिरंगा सिर पर रखकर वंदे मातरम् गीत का जयघोष करते हुए देश की आजादी के लिए लड़ते रहे। कांग्रेसजन और इसकी विचारधारा को मानने वाले आगे भी नागरिकों के अधिकार और समाज के हर तबके की बेहतरी के लिए काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि 1905 में कांग्रेस के वाराणसी अधिवेशन में वंदे मातरम् के गायन को आजादी के आंदोलन से जोड़ने का निर्णय लिया गया था। मुस्लिम लीग ने तब इसका विरोध किया, लेकिन कांग्रेस नहीं झुकी। आजादी के बाद भी मुस्लिम लीग ने इसे राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता देने का विरोध किया, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गयी। उन्होंने कहा कि चाहे जितनी विपरीत परिस्थितियां पेश आयें, कांग्रेस धर्मनिरपेक्ष, समावेशी और समरस समाज के लिए काम करती रहेगी। श्री गोगोई ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस का कई बार नाम लिया। वह सदन में अपने लगभग हर संबोधन में पंडित नेहरू और कांग्रेस का नाम बार- बार लेकर इन्हें बदनाम करने की कोशिश करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी चाहे जितनी बार पंडित नेहरू का नाम लें, लेकिन वह पूर्व प्रधानमंत्री के कार्यकलापों में एक भी 'काला दाग' नहीं निकाल पायेंगे। श्री गोगोई ने कहा कि देश में भाषा अनेक हैं, धर्म अनेक हैं, लेकिन राष्ट्र ग्रंथ एक है, वह है संविधान। कांग्रेस संविधान की रक्षा की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा, '' वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर हो रही चर्चा में हम जब वर्तमान स्थिति का जिक्र कर रहे हैं, तो हमें देखना होगा कि आज न तो सीमा सुरक्षित है, न रुपया सुरक्षित है और नहीं देश की राजधानी सुरक्षित है। मतदाता सूची तक सुरक्षित नहीं है। उड्डयन क्षेत्र में एक कंपनी का एकाधिकार हो जाने से यात्रा भी सुरक्षित नहीं रही। सरकार ने संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। सरकार नागरिकों के अधिकार छीनना चाहती है। सरकार अंग्रेजों की 'बांटो और राज करो' की नीति पर चल रही है। हमारी पार्टी और इंडिया गठबंधन आम नागरिकों के हक के लिए खड़ा रहेगा।

### महापुरूषों के...

तो चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाषण अच्छा देते हैं, लेकिन तथ्यों के मामले में वह कमजोर हैं। श्री मोदी ने वंदेमातरम् पर अपने संबोधन में कुछ तथ्य गलत रखे हैं। उन्होंने कहा कि 1875 में बंकिमचंद्र चटर्जी ने वंदेमातरम् के दो अंतरे लिखे थे, और 1882 में उनका उपन्यास आनंद मठ आया, जिसमें उन्होंने वंदेमातरम् में चार अंतरे और जोड़े थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1905 में कांग्रेस के वाराणसी अधिवेशन में इसका गायन किया गया और इसे सभी भारतीय आयोजनों के लिए अपनाया गया। बाद के दिनों में इसे हर कोई गाने लगा और यह गीत मातृभूमि के लिए मर मिटने का प्रेरक गान बन गया। ब्रिटिश साम्राज्य इस गीत की गूंज से कांपने लगा। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि 1937 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस और गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगौर जैसी महान विभूतियों की सहमति से इसके दो अंतरे निकाले गये। उनका कहना था कि इन अंतरों का साम्प्रदायिक अर्थ निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र गीत और राष्ट्र गान को गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर ने चुना था। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी करीब 12 वर्ष से प्रधानमंत्री हैं, पंडित जवाहर लाल नेहरू तो इतने वर्षों तक आजादी के आंदोलन के दौरान जेल में रहे थे। श्री मोदी बार-बार पंडित नेहरू की कमियां गिनाते रहते हैं, वह मांग करती हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री के कार्यकलापों पर इस सदन में 10 घंटे, दो दिन या तीन दिन की चर्चा करा ली जाये और फिर इस मुद्दे को हमेशा के लिए बंद कर दिया जाये। उसके बाद इस सदन में प्रदूषण, महंगाई, बेरोजगारी, सुरक्षा, आरक्षण, युवाओं की समस्याओं, महिलाओं के हालात आदि पर चर्चा की जाये। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल ध्यान भटकाने के उपक्रम करता रहता है। इनका शासन दमन, दिखावा, चुनाव की राजनीति और इंवेट मैनेजमेंट तक सीमित रहता है। वंदे मातरम् पर चर्चा भी बंगाल चुनाव को देखते हुए करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र गीत वंदे मातरम् हमेशा से प्यारा है, पवित्र है और पवित्र रहेगा।

### 'इस समय सटीक...

कारणों में उसने छोटी-मोटी तकनीकी समस्याओं, जाड़े के मौसम में शिड्यूल में परिवर्तन, खराब मौसम, विमान तंत्र में भीड़ बढ़ने और 01 नवंबर से चालक दल के सदस्यों की रोस्टरिंग से संबंधित नये नियमों का उल्लेख किया है। इंडिगो ने दावा किया है कि उसने फ्लाइट ड्यूटी के नये नियमों के बारे में अपनी चिंता से डीजीसीए को नियमित रूप से अवगत कराया था और इनमें ढील, छूट या अनुपालन की समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि इंडिगो ने बढ़ती देरी और रद्द उड़ानों की संख्या के मद्देनजर 04 दिसंबर की शाम शिड्यूल को लेकर बड़ा कदम उठाने की घोषणा की। उसने 05 दिसंबर को 1,500 के करीब उड़ानें रद्द कीं। अगले दिन 06 दिसंबर को करीब 850 उड़ानें रद्द रहीं। यह संख्या 07 दिसंबर और 08 दिसंबर को क्रमशः 750 और 500 के आसपास रही हैं। पूरे मामले की जांच के लिए सरकार ने डीजीसीए के संयुक्त महानिदेशक स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गयी है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने यात्रियों को हुई परेशानी के लिए इंडिगो को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराते हुए सोमवार को संसद में भरोसा दिलाया कि दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

### रोडवेज में चालकों ...

66000 किमी की दूरी पूर्ण किया जाना जरूरी है। उक्त वित्तीय वर्ष में कोई दुर्घटना कारित न की गयी हो। उक्त योजना के अन्तर्गत चालक हेतु पारिश्रमिक 14687, प्रोत्साहन 4000 कुल देय 18687 व परिचालक हेतु पारिश्रमिक 14418, प्रोत्साहन 4000 कुल देय 18418 देय होगा। उक्त योजना में चयनित होने के उपरान्तत माह में 22 दिन डयूटी एवं 5000 किमी बस परिचालन किया जाना होगा। उन्होंने बताया कि लायल्टी इंसेंटिव योजना के अन्तर्गत सबसे पुराने संविदा चालकों को वरिष्ठा के आधार पर संविदा चालकों को प्रोत्साहन का भुगतान किया जायेगा, जिसमें वरिष्ठंता के आधार पर 20 वर्ष पुराने संविदा चालकों को 1500 रूपया व 10 वर्ष पुराने संविदा चालकों को 750 रूपया मासिक भुगतान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त भुगतान 24 दिन या अधिक डयूटी करने एवं न्यूनतम 6000 किमी संचालित करने वाले तथा 50 प्रतिशत लोडफैक्टर की अनिवार्यता पूर्ण करने वाले संविदा चालक/परिचालक को 4000 रूपया की दर से अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा। जबकि 50 प्रतिशत लोडफैक्टर की अनिवार्यता पूर्ण न करने पर प्रभावी प्रोत्साहन राशि 2/3 भाग का भुगतान किया जाएगा।

### कोडीन युक्त...

जिलों में 128 एफआईआर की जा चुकी है। ये सारी एफआईआर कोडीन युक्त सिरप का नशे के तौर पर इस्तेमाल कराने के लिए की गई है। इसके अलावा फर्जी फर्म और मेडिकल फर्म का लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी दवा कम्पनियों द्वारा इन्हें सप्लाई करने के मामले में भी कार्रवाई की गई है। फेंसेडिल, न्यू फेंसेडिल अथवा अन्य सिरप पर किसी तरह का प्रतिबन्ध नहीं लगाया गया है। छोटे दुकानदारों को परेशान न करने के निर्देश टीम को दिए जा चुके हैं।

### शेयर बाजार में गिरावट...

बाजारों में चौतरफा बिकवाली देखी गयी। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.71 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 2.61 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में रियलिटी सेक्टर का सूचकांक करीब 3.5 प्रतिशत टूट गया। सार्वजनिक बैंकों के सूचकांक में भी लगभग 2.8 फीसदी की गिरावट रही। रसायन, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, फार्मा, ऑटो और एफएमसीजी समूहों के सूचकांक भी एक से दो प्रतिशत के बीच गिरे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर करीब पांच प्रतिशत लुढ़क गया। इटरनल, ट्रेंट, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस में दो से ढाई फीसदी के बीच गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर में भी डेढ़ फीसदी के अधिक टूटे। एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एनटीपीसी, एलएंडटी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी एक फीसदी से अधिक टूटे। वहीं, टेक महिंद्रा का शेयर 1.4 प्रतिशत के करीब चढ़ा।

### इंडिगो उड़ान संकट पर...

का संज्ञान ले लिया है और वह इस पर कार्रवाई कर रही है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ''यह एक गंभीर मामला है। लाखों लोग हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। हम जानते हैं कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और अन्य कठिनाइयां हो सकती हैं। लेकिन केंद्र सरकार ने समय पर कार्रवाई की है और इस मुद्दे का संज्ञान लिया है। इस मामले को लेकर शीघ्र सुनवाई के लिए दायर याचिका में दावा किया गया कि एयरलाइन में परिचालन संसाधनों की कमी, विशेष रूप से गंभीर पायलट संकट और नए 'फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन' (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने में कठिनाइयों के कारण, यात्रियों को पर्याप्त सूचना दिए बिना बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द की जा रही हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने अपनी दलील में कहा कि ''ग्राहकों को सूचित नहीं किया जा रहा है,'' और साथ ही यह भी जोड़ा कि इंडिगो में रिक्तियों और आंतरिक कुप्रबंधन ने संकट को और बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि देश के विमानन बाजार में लगभग 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाली इंडिगो, पायलटों की कमी से बुरी तरह प्रभावित हुई है। हालांकि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयरलाइन को कुछ छूट दी है, लेकिन प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द होना जारी है, जिससे मुसाफिरों को खासी परेशानी हो रही है। इसके अलावा रिफंड और यात्री सहायता की मांग वाली एक संबंधित याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय में भी दायर की गई है। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने केंद्र के जवाब को नोट करते हुए मामले की सुनवाई बुधवार को करने पर सहमति व्यक्त की है।

# मंडल रेल प्रबंधक से बिहपुर विधायक ईं शैलेन्द्र ने की मुलाकात, रेलवे से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



भागलपुर। सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन से बिहपुर विधायक ईं शैलेन्द्र ने मुलाकात की। इस दौरान बिहपुर रेलवे से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत और रचनात्मक चर्चा हुई।

विधायक ने बताया कि बिहपुर का रेल इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। कभी यह क्षेत्र रेलवे गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा करता था। कई वर्षों से हमारी निरंतर कोशिश रही है कि बिहपुर रेलवे की उस ऐतिहासिक गरिमा और उपयोगिता को पुनर्स्थापित किया जाए, ताकि क्षेत्र का परिवहन, व्यापारिक गतिविधियां और स्थानीय रोजगार पुनः सशक्त हो सकें। इसी क्रम में आज यह भी अवगत कराया कि बिहपुर में लगभग 700 एकड़ की उपलब्ध खाली ज़मीन का उपयोग रेलवे के दीर्घकालिक विकास के लिए एक बड़े अवसर के रूप में किया जा सकता है। यहां ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था, वाशिंग लाइन/मेन्टेनेन्स यार्ड जैसी सुविधाएं स्थापित कर इस क्षेत्र को एक बड़े रेलवे हब के रूप में विकसित किया जा सकता है। साथ ही, बिहपुर को भागलपुर से रेलमार्ग द्वारा सीधे जोड़ने जैसे महत्त्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। यदि यह परियोजनाएं वास्तविक रूप लेती हैं, तो इससे न केवल रेलवे की आय में वृद्धि होगी, बल्कि पूरा उत्तर बिहार एक नई गति, नए व्यापारिक अवसरों और तीव्र कनेक्टिविटी के साथ विकास की राह पर अग्रसर होगा। विधायक ने विश्वास जताया कि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने से बिहपुर क्षेत्र के औद्योगिक, आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। इस महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रो. गौतम कुमार, जिला मंत्री रूपेश रूप, अजय सिंह एवं लालमोहन मंडल आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कैबिनेट सहयोगियों के साथ स्वर्ण मंदिर में माथा टेका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ आज अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में माथा टेका और सेवा कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पवित्र स्थल के दर्शन मात्र से ही अद्भुत शांति की अनुभूति होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) केवल एक धरोहर नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा और सेवा का दिव्य केंद्र है, जहां आस्था कर्म में बदलती है और भक्ति चरित्र गढ़ती है। उन्होंने कहा कि यहां सरबत दा भला की अरदास की और सभी के सुख, स्वास्थ्य व कल्याण के लिए प्रार्थना की। दिल्ली के लाल किले पर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित भव्य समागम का सफलतापूर्वक आयोजन होना, वाहेगुरु जी की अनंत कृपा और गुरु साहिब का अपार आशीर्वाद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम गुरु साहिब का शुकराना करने आए हैं, जिन्होंने लाल किले पर हमें सेवा का सौभाग्य दिया और गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित सफल समागम आयोजित करने की कृपा बख़्शी। उन्होंने कहा कि जब पूरे देश में गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस मनाने का फैसला हुआ, तो दिल्ली सरकार ने भी इसे मनाने का फैसला लिया। दिल्ली सरकार ने जहां लाल किले पर गुरु साहिब की शहादत हुई थी वहां एक बड़ा समागम करने की सोची। पूरी तैयारी के साथ दिल्ली सरकार ने दिल्ली में एक बड़ा समागम किया। इसमें लाखों श्रद्धालुओं ने वहां मत्था टेका। उन्होंने कहा कि इस समागम से कुछ दिन पहले लाल किले के पास आतंकी हमला हुआ था, इसलिए मन में थोड़ा डर था, लेकिन भव्य समागम बिना किसी कठिनाई के, सुचारू रूप से और उचित ढंग से संपन्न हुआ।

# बेरोजगार युवाओं को लाठियां नहीं नौकरी दे सरकार: खन्ना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संगरूर। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने संगरूर में बेरोजगारों के साथ हुई धक्का-मुक्की की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने नौकरियों के नाम पर करोड़ों रुपये के विज्ञापन जारी करके लोगों को गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार बेरोजगार युवाओं पर लाठचार्ज के बजाए अपने किए गए वादे के अनुसार रोजगार उपलब्ध करवाए।

श्री खन्ना ने सोमवार को कहा कि आज हालात यह है कि पंजाब सरकार की नीतियों से तंग नौजवान अब सड़कों पर उतर आए हैं। उन्होंने पिछले तीन सालों के दौरान हुई भर्तियों पर रिपोर्ट जारी करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार बताए कि वर्ष 2022 से लेकर अब तक किस विभाग में कितने रिक्त पदों को लेकर कब-कब आवेदन मांगे गए हैं और कब उनके लिए इंटरव्यू करके नियुक्तियां दी गई हैं।

प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि आज सरकार जिन नौकरियों को लेकर प्रचार कर रहे हैं उनमें से अधिकतर की भर्ती प्रक्रिया वर्तमान सरकार के सत्ता में आने से पहले पूरी हो चुकी थी। सरकार उनका परिणाम जारी करके झूठी वाहवाही लूट रही है और बेरोजगार युवाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। राज्य सरकार अगर सही मायने में नौकरियां दे रही है तो इस संबंध में एक रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से जारी करे। उन्होंने पंजाब सरकार को बेरोजगारों से किया वादा याद दिलाते हुए कहा कि युवाओं के लिए सालाना भर्ती कलेंडर निकाला जाए, ताकि साल की शुरूआत में ही युवाओं को बताया कि इस वर्ष में किस-किस विभाग में भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि वह धरने-प्रदर्शनों की बजाए अपनी तैयारी कर सकें।

# इंडिगो संकट: पटना हवाई अड्डे से सोमवार को 5 उड़ानें रद्द, रेलवे ने स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरु किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। इंडिगो संकट अभी भी जारी है। पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोमवार को पांच उड़ानें रद्द की गई है। हवाई अड्डे पर रविवार को लगातार छठे दिन विमान रद्द होने से यात्री भारी परेशानियों का सामना कर कर रहे हैं। कई लोग साक्षात्कार या अन्य जरूरी कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो सके, जबकि कुछ दिनभर एयरपोर्ट का चक्कर लगाते रहे। रविवार को इंडिगो की चेन्नई, बेंगलुरु, दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाता समेत अन्य शहरों को जाने वाली 10 उड़ानें रद्द रही। इसके अलावा, जो विमान आए-गए वे भी आधे घंटे तक विलंबित रहे। सोमवार को पटना एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले पांच विमान रद्द किये गए हैं। इनमें मुख्य रूप से दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता की फ्लाइट शामिल हैं। यात्रियों को व्यक्तिगत तौर पर विमान रद्द होने या विलंबित रहने की जानकारी दी जा रही है। इंडिगो संकट को देखते हुए पूर्व मध्य रेल (हाजीपुर) पटना से एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन कर रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए रविवार को संपूर्ण क्रांति और तेजस राजधानी एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त यात्री कोच लगाए गए। साथ ही एयरपोर्ट पर हेल्प डेस्क भी खोला गया है। हवाई यात्रियों के लिए डेडिकेटेड हेल्पलाइन नंबर 9771449159 जारी किया गया है। दानापुर रेल मंडल के वरिष्ठ डीसीएम अभिनव सिद्धार्थ ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए पटना से आनंद विहार टर्मिनल के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। सोमवार को भी 02309 पटना-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन पटना से 20:30 बजे रवाना होकर अगले दिन 15:00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। इसके अलावा




तेजस राजधानी में थर्ड एसी का एक और संपूर्ण क्रांति में सेकंड एसी का एक अतिरिक्त कोच जोड़ा गया है, जिससे दोनों ट्रेनों में यात्री कोच की संख्या 22 से बढ़कर 23 हो गई है। पटना एयरपोर्ट पर 24 घंटे हेल्प डेस्क की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे प्रभावित यात्रियों को राहत मिली है। पिछले छह दिनों में पटना से करीब 180 फ्लाइट्स ऑपरेट नहीं हो पाई हैं। इस बीच, एयरलाइन ने दावा किया कि वह अपनी तय 2,300 डेली फ्लाइट्स में से 1,650 चलाने में कामयाब रही। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि हालात सुधर रहे हैं और 10 दिसंबर तक नेटवर्क के स्टेबल होने की उम्मीद है। इंडिगो की कुल 29 जोड़ी फ्लाइट्स–कुल 58 फ्लाइट्स–पटना से 8 से 11 दिसंबर के बीच कैंसिल रहेंगी। इसमें दिल्ली सेक्टर की 12 जोड़ी, हैदराबाद के लिए 5 जोड़ी, और कोलकाता, बेंगलुरु और चेन्नई के लिए 4-4 जोड़ी फ्लाइट्स शामिल हैं। 8 दिसंबर की रात का दिल्ली का हवाई किराया बढ़कर 13,200 हो गया है, और उस तारीख को दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद की सभी फ्लाइट्स पूरी तरह से बुक हो चुकी हैं।

## पंजाब में हेरोइन, अफीम, पिस्तौल के पुर्जों सहित ड्रोन जब्त

जालंधर। पंजाब के जालंधर में सीमा पार से हो रही नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए सतर्क सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पंजाब सीमा पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही कर बीएसएफ ने भारी मात्रा में हेरोइन, अफीम तथा पिस्तौल के पुर्जो सहित एक ड्रोन को सफलतापूर्वक जब्त किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात, अमृतसर सीमा पर संदिग्ध ड्रोन गतिविधि के मद्देनज़र बीएसएफ के सतर्क जवानों ने गांव दाओके के निकट खेतों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान पीले रंग के टेप में लिपटे, इलूमिनेशन स्टिक एवं लूप लगे हेरोइन के दो बड़े पैकेट (कुल वजन- 6.641 किलोग्राम) बरामद किए गए। बड़े पैकेट खोलने पर इनके भीतर नशीले पदार्थ से भरे 12 छोटे सफ़ेद रंग के पॉली पैकेट पाए गए।

## चंडीगढ़ के डड्डूमाजरा में तनाव दो गुटों के बीच हुआ पथराव

चंडीगढ़। पंजाब में चंडीगढ़ के डड्डूमाजरा इलाके में रविवार देर शाम अचानक दो गुटों के बीच हुए तनाव ने पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मचा दी। प्राप्त मिली जानकारी के अनुसार, मामूली कहासुनी के बाद स्थिति अचानक बिगड़ गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव करने लगे। कुछ ही मिनटों में माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए घरों में छिपने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पथराव में आसपास खड़ी वाहनों और घरों की खिड़कियों को भी नुकसान पहुंचा। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दोनों ओर से हो रही पथराव के दृश्य स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। घटना के दौरान कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है, हालांकि उनकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। सूचना मिलते ही थाना मलोया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई।

# ठगी के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने अतरराज्यीय पैन-इंडिया ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी का पर्दाफाश करते हुए तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग देशभर में फैली 165 साइबर शिकायतों से जुड़ा हुआ पाया गया है। जिनमें करीब 6.33 करोड़ की धोखाधड़ी दर्ज है। गिरफ्तार आरोपित बड़े साइबर सिंडिकेट के लिए हाई-वॉल्यूम म्यूल खाता संचालित कर रहे थे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान ओडिशा निवासी प्रवाश चंद्र पांडा, भुवनेश्वर, ओडिशा निवासी प्रीतम रोशन पांडा और सृतम रोशन पांडा (24) के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने सोमवार को बताया कि शिकायतकर्ता को खुद को बड़ा अधिकारी बताकर ठग ने मार्केट ट्रेड में निवेश के नाम पर फर्जी ऐप और नकली




सर्टिफिकेट दिखाकर भरोसे में ले लिया। पीड़ित ने विश्वास में आकर 49,73,000 कई खातों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में पता चला कि ये सभी खाते ओडिशा बेस्ड म्यूल खाते थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज किया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मामले की जांच में सामने आया कि एक फर्जी कंपनी के नाम पर फर्जी फर्म का खाता ठगी के पैसों को प्राप्त करने और आगे ट्रांसफर करने का मुख्य माध्यम था। आगे जांच में सामने आया कि पीड़ित की पूरी रकम पांच अलग-अलग खातों में भेजी गई। जिनमें से एक फर्जी कंपनी का खाता था। पैसा मिलते ही उसे तुरंत दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दिया गया और एटीएम से निकासी की गई। पुलिस ने सभी साक्ष्य को इक्ट्ठा करके एक-एक करके तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पकड़ा गया प्रवाश चंद्र पांडा फर्जी कंपनी के नाम पर म्यूल खाता खोला और संचालन किया। इसके साथ ही बैंक दस्तावेज, सिम कार्ड, डिजिटल माध्यमों की व्यवस्था की। जबकि प्रीतम रोशन पांडा म्यूल खाते का संयुक्त संचालन करता था और पासबुक, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड संभालता था। वहीं सृतम रोशन पांडा धोखाधड़ी के पैसों के लेनदेन और निकासी में शामिल था। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 17 मोबाइल फोन, 21 सिम कार्ड, 124 एमटीएम/डेबिट/क्रेडिट कार्ड, 56 बैंक पासबुक, 25 चेक बुक, 07 क्यूआर कोड लेबल, 03 रजिस्टर, 02 पासपोर्ट और एक कैश काउंटिंग मशीन शामिल है।

## बावरिया गैंग का कुख्यात बदमाश संजय उर्फ झल्लू गिरफ्तार, 34 मामलों में वांछित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कुख्यात बावरिया गैंग के सदस्य संजय उर्फ झल्लू को पंजाब के मंडी गोविंदगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपित 34 आपराधिक मामलों में शामिल है। इसमें 6 मामलों में भगोड़ा घोषित किया गया है। इसके अलावा पांच मामलों में नॉन-बेलेबल वारंट जारी। पुलिस अधिकारी के अनुसार आरोपित 12 से अधिक मामलों में वांछित था। आरोपित के ऊपर उप्र पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित कर रखा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने सोमवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित पंजाब के मंडी गोविंदगढ़ इलाके में छिपा है। दो सप्ताह की लगातार तकनीकी निगरानी और स्थानीय इनपुट जुटाने के बाद पुलिस ने आरोपित को सात दिसंबर को छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि संजय उर्फ झल्लू पर दिल्ली और उप्र में कुल 34 मामले दर्ज हैं। जिनमें हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, झपटमारी, और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। इनमें से 18 मामले दिल्ली के और 16 मामले उप्र व अन्य राज्यों के हैं। वह दिल्ली के साकेत, हौज खास, मेहरौली, आदर्श नगर, वजीराबाद समेत कई थानों में भगोड़ा घोषित है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने पढ़ाई छठी कक्षा तक की और इसके बाद मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का काम सीखा। आर्थिक तंगी के कारण वह गांव और आसपास के युवकों के साथ स्नैचिंग और लूट की वारदातों में शामिल हो गया।



# उत्तराखंड और देश का गौरव थे जनरल बिपिन रावत : मुख्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि पर नमन करते हुए उन्हें उत्तराखंड और देश का गौरव बताया। मुख्यमंत्री धामी ने कनक चौक स्थित पार्क में जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जनरल रावत के अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च समर्पण को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणादायक मिसाल है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सैनिकों एवं नागरिकों के साथ दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शहीदों के सम्मान में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास और सविता कपूर भी मौजूद थे।

## कार के डिवाइडर से टकराने से पांच लोगों की मौत

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में रविवार देर रात एक तेज़ रफ़्तार कार के डिवाइडर से टकराने से पांच लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लुधियाना के लाधोवाल टोल प्लाज़ा के पास हुआ यह हादसा इतना भयानक था कि सभी पांचों शव बुरी तरह क्षत–विक्षत हो गए। शवों को सिविल अस्पताल लाया गया। मरने वालों में दो नाबालिग लड़कियां और तीन लड़के थे। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक मंजीत सिंह ने सोमवार को कहा कि पहली नज़र में, दुर्घटना के समय पीड़ितों की गाड़ी की रफ़्तार बहुत अधिक थी। उन्होंने कहा कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पांचों दोस्त वीकेंड पर जगरांव शहर से लुधियाना शहर आए थे। मृतकों में से तीन की पहचान सिमरनजीत, सतपाल और वीरू के तौर पर हुई है, जो सभी जगरांव शहर के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक, कार साउथ सिटी से लाधोवाल जा रही थी। कार की तेज़ रफ़्तार होने के कारण, चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और वह एक डिवाइडर से टकराकर पलट गई, और काफी दूर तक घिसटती चली गई। लाडोवाल पुलिस थाना से सहायक उप निरीक्षक कश्मीर सिंह मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस को सूचना दी। शवों को कार से निकालकर सिविल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस का कहना है कि मृतकों के परिवार से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

## युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में रविवार शाम एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार घटना शाम करीब 5:28 बजे हुई, जब पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए जानकारी मिली कि राम टेंट हाउस, मेन मार्केट के पास एक युवक को चाकू मार दिया गया है। सूचना मिलते ही थाना शकरपुर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां सड़क पर खून बिखरा पड़ा था और आसपास भीड़ इकट्ठा थी। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि घायल युवक को लोगों ने पहले पटेल अस्पताल और बाद में गंभीर हालत के चलते एलएनजेपी अस्पताल रेफ़र कर दिया है। पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063